GOVERNMENT BILLS

The Constitution (One Hundred and Twenty-Fourth Amendment) Bill, 2019— *Contd.*

श्री प्रभात झा (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, संविधान (एक सौ चौबीसवां संशोधन) विधेयक, 2019 के संबंध में मैं अपनी बात यहां रखना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... आदरणीय उपसभापति महोदय, कल यह विधेयक लोक सभा से पारित हुआ। ...**(व्यवधान)**... सभी ने, सभी दलों ने एक आवाज़ में, एक स्वर में इस विधेयक को पारित किया।

SHRIMATI KANIMOZHI (Tamil Nadu): Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have already clarified. ...*(Interruptions)*... Let him speak. ...*(Interruptions)*... Please wait. ...*(Interruptions)*... After his speech is over, I will give you time. ...*(Interruptions)*...

श्री प्रभात झा: मैं यहां के माध्यम से, ...**(व्यवधान)**... अपने माध्यम से लोक सभा द्वारा पारित उस भावना ...**(व्यवधान)**... उस भावना के बारे में मैं अपेक्षा करता हूं कि राज्य सभा भी उसी भावना से इस विधेयक को सुनेगी और समझेगी। महोदय, मई का महीना था और सन् 2014 था। ...**(व्यवधान)**... प्रधान मंत्री जी संसद में आए थे और उन्होंने अपना माथा इस लोकतंत्र के मन्दिर में झुका कर यह कहा था, उनका पहला भाषण इस सेंट्रल हॉल में हुआ था और उसमें उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार गरीबों के लिए काम करेगी और करती है। ...**(व्यवधान)**... साढ़े चार साल ...**(व्यवधान)**... साढ़े चार साल ...**(व्यवधान)**... साढ़े चार साल लगातार गरीबों के लिए काम करने वाली सरकार का नाम है नरेन्द्र मोदी सरकार। ...**(व्यवधान)**... एक क्षण, एक पल, एक मासा उन्होंने बिना गरीबों को देखे कोई काम नहीं किया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया शांति बनाए रखें।

श्री प्रभात झा: महोदय, परसों जब कैबिनेट में यह पास हुआ और हम जब सदन में आए, तो सदन के बाहर पत्रकारों ने हमें घेरा और जब यह बात कही, तो हर पत्रकार के चेहरे पर वह उल्लसित मन था। जब हम कॉलेज में पढ़ते थे, उस समय एक सवाल हुआ करता था कि कब आएगा आरक्षण, हम लोगों का क्या होगा? सामान्य वर्ग के गरीब लोग अक्सर यह चर्चा करते थे, लेकिन वह सपना किसी सरकार ने पूरा नहीं किया। ...**(व्यवधान)**... मैं उस गरीब परिवार से आने वाले चाय बेचने वाले, नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देना चाहता हूं, जो पिछड़े समाज से आते हैं ...**(व्यवधान)**... और उन्होंने आज भारत के अगड़े समाज की चिंता की है। ...**(व्यवधान)**... उन्होंने सबको यह बताया है। ...**(व्यवधान)**... वे सिर्फ बोलते नहीं हैं, जो कहते हैं, 'सबका साथ, सबका विकास', वह करके दिखाने वाले व्यक्तित्व का नाम है- नरेन्द्र मोदी। ...**(व्यवधान)**... देखिए, विरोध के लिए विरोध करना ...**(व्यवधान)**... मैं निवेदन करना चाहता हूं, प्लीज़। ...**(व्यवधान)**... मैं एक बार फिर से कह रहा हूं, विरोध के लिए विरोध मत करिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया शांति बनाए रखें, चर्चा होने दें। ...**(व्यवधान)**... पूरा देश हमें देख रहा है। ...**(व्यवधान)**... आप भी इसी प्रखरता से अपनी बात कहेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: मैं फिर कहना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... देखिए, क्या हुआ, जब यह विधेयक आया, तो सब आवाक रह गए कि यह क्या हो गया? किसी ने कहा ...**(व्यवधान)**... सुनिए, सुनिए ...**(व्यवधान)**... सुन तो लीजिए। ...**(व्यवधान)**... मैं अब आपको सुना रहा हूं, आपको तो राफेल के सिवा कुछ नहीं दिखता है। ...**(व्यवधान)**... भाषण में मैं आपको राफेल की ही कहानी सुना देता हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय सदस्य झा जी, आप चेयर को देखकर संबोधित करें। ...**(व्यवधान)**... झा जी, आप चेयर को देखकर संबोधित करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: दो साल का एक छोटा बच्चा था, वह अपने पापा-मम्मी से बार-बार कहता था कि मुझे हाथी पर चढ़ा दो, मुझे हाथी पर चढ़ा दो ...**(व्यवधान)**... सुनिए, सुनिए, अब हुआ क्या, मैं बता रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया आप चेयर को देखकर बात करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: अब हुआ क्या, वह दो साल का बच्चा हाथी पर चढ़ नहीं सकता था। ...**(व्यवधान)**... वह बार-बार जिद करता था, तो हाथी ले आया गया। अब वह हाथी पर चढ़े नहीं पा रहा था, तो हाथी ने जैसे ही अपना पहला पैर उठाया, सहानुभूति से उस बच्चे को लोगों ने हटा लिया। सुबह शाम * को सपने में सिर्फ राफेल, राफेल ...**(व्यवधान)**... क्यों नहीं हिम्मत है कि वे इस विधेयक पर बोलने आते? ...**(व्यवधान)**... सामने आइए और बोलिए इस विधेयक पर ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप अपनी जगह पर बैठे रहें, आपको भी कहने का मौका मिलेगा। ...**(व्यवधान)**... आपको भी कहने का मौका मिलेगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: आज आप अपना-अपना घोषणा-पत्र निकालिए। ...**(व्यवधान)**... भारत के सभी राजनैतिक दलों के मेनिफेस्टो में यह लिखा हुआ है कि गरीबों को आरक्षण मिलना चाहिए। ...**(व्यवधान)**... आर्थिक रूप से टूटे हुए व्यक्ति को आरक्षण ...**(व्यवधान)**...

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Sir, there is a point of order. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: माननीय झा जी, एक मिनट, माननीय आनन्द जी कुछ कहना चाहते हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: सर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। नियमावली में यह स्पष्ट है कि कोई भी सदस्य, जो इस सदन में अपनी बात कहेगा, वह किसी दूसरे सदन के सदस्य के बारे में न तो आलोचना कर सकता है और न ही कुछ कह सकता है। * के बारे में इन्होंने जो कहा है, उसे तुरंत कार्यवाही से निकाला जाए। ...**(व्यवधान)**... उसे तुरंत निकाला जाए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: उस पर हम लोग गौर करेंगे, लेकिन मैं आप सभी से यह आग्रह करना चाहूंगा कि इस बात का सब लोग ध्यान रखें, हर पक्ष ध्यान रखे। ...**(व्यवधान)**...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री आनन्द शर्मा: मैं व्यवस्था की बात कर रहा हूं, इसे कार्यवाही से निकाला जाए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप व्यवस्था की बात उठा रहे हैं, अगर वह प्रक्रिया सही है, तो उसका अनुपालन करने के लिए हम लोग देखेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: नहीं, वे लोग क्या देखेंगे, सदन आप चला रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... सदन आप चला रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं आश्वस्त कर रहा हूं कि अगर यह नियम के अनुकूल होगा, तो हम लोग इसे देखेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: नहीं, इसे निकाला ही जाएगा, देखेंगे नहीं। ...**(व्यवधान)**... इसे निकाला जाएगा, expunge किया जाएगा। I am very clear on that. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: कर देंगे, मैं कह रहा हूं। ...**(व्यवधान)**... आप बैठ जाएं, हम निकाल देंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: ठीक है, आपने कह दिया है कि निकाल देंगे।

श्री प्रभात झा: सभी पार्टियों के मेनिफेस्टो में यह लिखा हुआ है कि हम गरीबों को, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को आरक्षण देंगे। ...**(व्यवधान)**... आज भारत में देश का पहला प्रधान मंत्री है ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया बैठ कर अपनी बात न कहें। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: ये भारत के पहले प्रधान मंत्री हैं, जिन्होंने सिर्फ अपने मेनिफेस्टो की ही नहीं, आप सभी के मेनिफेस्टो की भावना की कद्र करते हुए, गरीबों के आरक्षण का विषय उठाया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया बैठ कर बात सुनें, अपनी जगह से न बोलें। ...**(व्यवधान)**... कृपया शांति बनाए रखें, हम सब बहुत महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... यह सही नहीं है, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...**(व्यवधान)**... झा जी की बात के सिवाय कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। ...**(व्यवधान)**... झा जी, आप चेयर को देख कर बोलें। ...**(व्यवधान)**... आप इधर देखें और तब बोलें। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: उपसभापति जी, मैं निवेदन करना चाहता हूं, यह बहुत संवेदनशील मामला है। यह पूरे सदन की भावना है। सदन का एक-एक व्यक्ति चाहता है कि यह विधेयक पारित हो और उसी भावना से उत्प्रेरित होकर मैं यहां पर खड़ा हुआ हूं। मैं किसी को आहत नहीं करना चाहता हूं। इस विधेयक में सब लोग साथ आएं, क्योंकि यह किसी के जीवन का सवाल है। यह करोड़ों युवाओं का सवाल है। ...**(व्यवधान)**... जो कैम्पस में पढ़ते हैं, उनकी जिन्दगी का सवाल है। ...**(व्यवधान)**... इतना ही नहीं, अब यह ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया सीट पर बैठे-बैठे टीका-टिप्पणी न करें, आपको भी अपनी बात कहने का अवसर मिलेगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: देखिए, यह राष्ट्र हित में लिया गया निर्णय है। आपको यह कैसा लग रहा है? यह सबको अच्छा ही लग रहा है। आर्थिक आधार पर आरक्षण का प्रावधान संविधान निर्माताओं की भावना थी, उनके मन में था। संविधान की धारा 14 में स्पष्ट कहा गया है कि देश में सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार होगा, संविधान की धारा 15 में स्पष्ट कहा गया है कि जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेदभाव नहीं होगा तथा संविधान की धारा 16 में स्पष्ट कहा गया है कि बिना भेदभाव के रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। मैं फिर यह कहना चाहता हूं कि कल से, परसों से बहुत आशंका व्यक्त की जा रही है कि 50 फीसदी से ज्यादा का मामला है, राज्यों में जाना पड़ेगा। माननीय अरुण जी ने लोक सभा में इसे स्पष्ट किया था। मैं उसको यहां दोहराना चाहता हूं। सामान्य वर्ग के गरीब तबके को आर्थिक आधार पर आरक्षण मौलिक अधिकार से संबंधित है, जिसका वर्णन संविधान के भाग 3 में स्पष्ट रूप से किया गया है। संविधान संशोधन की जो धारा 368 है, उसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि भाग 3 में संशोधन के लिए राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं है। आर्थिक आधार पर आरक्षण के लिए प्रस्तुत विधेयक में संविधान के भाग 3 की धारा 15 और 16 में संशोधन किया गया है। जब संविधान की धारा 15(5) का संशोधन हुआ, प्रमोशन में आरक्षण को जोड़ा गया, तो वह केवल संसद के दोनों सदनों में अप्रूव हुआ था और उसके लिए राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। मैं यहां बताना चाहता हूं कि इस संबंध में मंडल आयोग ने भी अनुशंसा की थी। उसने कहा था कि गरीबी के आधार पर, आर्थिक आधार पर हमें शैक्षणिक क्षेत्र में और रोजगार के क्षेत्र में इस पर विचार करना चाहिए। इतना ही नहीं, तत्कालीन प्रधान मंत्री नरसिम्हाराव जी, ने भी इस तरह का प्रावधान और एक नोटिफिकेशन जारी किया था, लेकिन वह संविधान के संशोधन के माध्यम से नहीं आया था, इसलिए कोर्ट में उसको निरस्त कर दिया गया था। यह 2010 की घटना है। मैं यहां बताना चाहता हूं कि यह जो निर्णय हुआ है, इसमें आप आने वाले भविष्य की ओर देखिए, आने वाले कल की ओर देखिए। भावना यह है कि इस भारत में कोई सुबकता हुआ नहीं रहे, कोई रोए नहीं, किसी के मन में यह ग्लानि नहीं हो, वह हीन भावना का शिकार न हो कि काश, मैं गरीब नहीं होता, आर्थिक रूप से तंगी नहीं होती, तो मैं भी पढ़ लेता, मुझे भी रोजगार मिलता! इस भावना की, सामान्य वर्ग के एक गरीब युवा की भावना की अगर किसी ने कद्र की है, तो मैं आप सबसे निवेदन करूंगा कि आप सबको इसकी कद्र करनी चाहिए। यह भारत के युवाओं की आवाज़ है और 70-72 सालों बाद उस आवाज़ को अगर किसी ने आवाज़ दी है, तो उस व्यक्तित्व का नाम है - नरेन्द्र मोदी। इसलिए मैं यह कहना चाह रहा हूं कि उनका साथ देकर आप केवल उनका साथ नहीं देंगे, आप करोड़ों युवाओं का साथ देंगे। सोचिए, यह कब होना चाहिए था, लेकिन नहीं हुआ। किसने किया, किसने नहीं किया, हम उसमें नहीं पड़ते। हम इतना जानते हैं कि ...**(व्यवधान)**... अब देखिए। आर्थिक आधार पर, यह सामान्य निर्णय नहीं है। माननीय उपसभापति महोदय, जब लगभग हर भारतीय को इसका लाभ मिलेगा, 95 फीसदी आबादी इस दायरे में आ जाएगी, तो यह 95 फीसदी आबादी की आवाज़ है। क्या उस आवाज़ को, नरेन्द्र मोदी को नहीं सुनना चाहिए? क्या उसके हित में निर्णय नहीं लेना चाहिए? ...**(व्यवधान)**... हम आज लेते तब भी, आज अन्तिम दिन भी है, तब भी इस अच्छी बात को अच्छे रूप में स्वीकार करना चाहिए। आरक्षण का आधार यह रखा गया है कि पारिवारिक आमदनी 8 लाख रूपये से कम हो। इनकम

टैक्स डिपार्टमेंट और NSSO की रिपोर्ट के आधार पर लगभग 95 फीसदी आबादी अब इस दायरे में आती है। देश की 95 फीसदी आबादी अगर इस दायरे में आती है, तो क्या सदन को विचार नहीं करना चाहिए? मैं एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी जी और उनके काबीना को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने देश के 95 फीसदी लोगों का विचार किया है। ...**(व्यवधान)**... आर्थिक आधार पर 10 प्रतिशत आरक्षण ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया शान्ति बनाये रखें। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रभात झा: एक मिनट, एक मिनट। ...**(व्यवधान)**... अगर यह लागू होता है तो अधिक आय वर्ग के, ऊपर से सिर्फ 5 फीसदी परिवार ही इस दायरे से बाहर होंगे और देश के 95 फीसदी परिवार इस दायरे के अन्तर्गत आयेंगे। ...**(व्यवधान)**... 2016-17 में ...**(व्यवधान)**... मैं आपको आंकड़े दे रहा हूं। 2016-17 में सिर्फ 23 मिलियन लोगों ने ही अपनी आय 4 लाख से अधिक घोषित की थी। इसका मतलब समझ ा लीजिए कि कितने लोगों को उसका लाभ होगा। ...**(व्यवधान)**... उस समय प्रति व्यक्ति आय सवा लाख रुपए सालाना बताई गई। इसका मतलब हुआ कि किसी परिवार में यदि 5 सदस्य भी हैं और उसकी आय सवा 6 लाख रुपए है तो ऐसे परिवारों को भी अब आरक्षण का लाभ मिलेगा।

महोदय, मैं कभी-कभी सोचता हूं कि क्या इस सरकार ने कोई अच्छा काम नहीं किया! क्या इस सरकार ने पिछले साढ़े चार साल, पौने पांच साल में ...**(व्यवधान)**... मेरे कांग्रेस के मित्रों, आज तो दिल खोलकर दिखा दो कि भारत की राजनीति उदारता की राजनीति है। भारत की राजनीति संकीर्णता की राजनीति नहीं है और यह विधेयक उदारता का अनुपम उदाहरण भारत के राजनैतिक इतिहास में बनने जा रहा है। इसलिए किसका कलेजा, किसने दिखाया, क्या नरेन्द्र मोदी जी को ही इसका लाभ मिलेगा - हमें और आपको नहीं मिलेगा? जो हमारा 'सबका साथ, सबका विकास' स्लोगन है, इस नारे के एक-एक शब्द को गीता की ऋचाओं की तरह अगर किसी ने फलीभूत करने का काम किया है, तो उनका नाम है - नरेन्द्र मोदी।

उपसभापति जी, अटल जी ने कहा था कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। आज बड़े मन की जरूरत है। बड़े मन की जरूरत इसलिए है क्योंकि संसद में होने वाली डिबेट को करोड़ों लोग देख रहे होंगे कि राज्य सभा में क्या हो रहा है? लोक सभा में 3 सदस्यों को छोड़कर 323 माननीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस विधेयक का समर्थन किया है। मैंने पहले ही अपने भाषण में कहा है कि मैं सभी दलों के प्रति शुक्रगुज़ार हूं और उसी मन से मैंने यहां अपनी भावना व्यक्त की। इसलिए सारे माननीय संदस्य इस विधेयक के साथ, एक-एक राजनैतिक दल, दलगत भावना से उठकर इसका समर्थन करे। कुछ दलों के सदस्यों से मेरा वैचारिक मतभेद है और सदैव रहेगा। जब तक जिन्दा हूं, तब तक विचारों के आधार पर लड़ाई लड़ता रहूंगा। अगर तब मेरा सिर नहीं झुका तो अब क्या झुकेगा, लेकिन विकास के नाम पर सबको एक होना चाहिए। देश के लोगों के विकास और आने वाली पीढ़ी की जिन्दगी को बेहतर बनाने के लिए हम सबको एक होना होगा। मैं समझ रहा हूं कि मेरी भावना आप सबके, एक-एक सदस्य के मन में दीप की तरह जलेगी तो तमस हटाएगी। जिस दीप को बहुत पहले जलना था, उस दीप को यदि नरेन्द्र मोदी ने जलाया है, प्रज्वलित किया है तो उसके आलोक में, उसके उजाले में भारत के युवाओं को आगे आने दीजिए। मैं समझता हूं कि मेरी इस भावना को आप सभी माननीय सदस्य समझ गए होंगे, जय-हिन्द, जय भारत!

SHRI T. K. S. ELANGOVAN (Tamil Nadu): Sir, because this Bill introduced was not well-read and various aspects of this Bill were not discussed, it has to go to a Select Committee before being presented in the House. I want the debate to be adjourned. That is my motion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will just give ruling on that. Please take your seat. Shri T. K. S. Elangovan, Member, has given notice under Rule 117 for adjournment of the debate on this Bill. As per Rule 117, such a motion can be moved with the consent of the Chairman. The Member in his notice has not given any reason for adjourning the debate on this Bill. Hon. Chairman has, therefore, not accorded his consent, for moving this motion, to Shri Elangovan. Now, Shri Anand Sharma. ...*(Interruptions)*... कृपया सदन में शांति बनाए रखें। ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, इस सदन में सरकार की तरफ से जो संविधान संशोधन विधेयक आया है, इसे लाते हुए माननीय मंत्री जी ने बताया था कि किस कारण से इसे लाया गया है और इसका उद्देश्य क्या है? यह कहा गया कि जो सामाजिक रूप से अग्रणी जातियां मानी जाती हैं, अगड़ी जातियां कही जाती हैं, उनके गरीब लोगों को, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। सर, प्रश्न यह है कि देश में आरक्षण का इतिहास क्या है? पहले यह जानना भी जरूरी होगा। हमारी संविधान सभा ने, Constitutional Assembly ने बड़े विस्तार से चर्चा की थी कि जिन लोगों के साथ ऐतिहासिक अन्याय हुआ है, historical injustice हुआ है, social exclusion हुआ है, जिनको सामाजिक न्याय नहीं मिला, उनको संरक्षण की जरूरत है और वह संरक्षण आरक्षण के रूप में मिलना चाहिए, तभी भारत के संविधान के निर्माताओं ने यह तय किया कि अनुसूचित जाति, Scheduled Castes और जनजाति, Scheduled Tribes को इसकी आवश्यकता है, यह न्यायोचित है और अवश्य दिया जाना चाहिए। आज इस सदन में मैं यह बताना आवश्यक समझता हूं कि 23 दिसंबर, 1946 को भारत के प्रथम प्रधान मंत्री ने Objective Resolution रखा था। उस Objective Resolution को मैं पूरा तो नहीं पढ़ूंगा, लेकिन उसका वह अंश, जो आज की इस चर्चा से संबंधित है, वह पढ़ूंगा। उन्होंने यह कहा था कि आज़ाद भारत में क्या होना चाहिए, कैसा संविधान होना चाहिए। Wherein it shall be guaranteed and secured to all the people of India, justice, social, economic and political: equality of status, of opportunity, and before the law; freedom of thought, expression, belief, faith, worship, vocation, association and action, subject to law and public morality. उसे छठे अंश में उन्होंने कहा था कि Wherein, adequate safeguards shall also be provided for minorities, backward and tribal areas, and depressed and other classes of the country. यह 13 दिसंबर, 1946 की सोच थी, जिसे आज़ादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और उस समय के हमारे महान योद्धाओं ने तय किया था। वह प्रस्ताव ऐसे ही नहीं आया था, बल्कि उस पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कई महा-अधिवेशनों में बड़े विस्तार से चर्चा हुई थी, प्रस्ताव पारित किए गए थे कि जब देश आज़ाद होगा, तो वे लोग जिनके साथ

अन्याय हुआ है, उनको न्याय मिलेगा, बराबरी का अधिकार मिलेगा। यही एक कारण था कि यह आरक्षण हुआ और उसके बाद सरकारों ने इसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया, क्योंकि सैंकड़ों वर्षों का अन्याय था, वह कुछ दशकों में पूरा नहीं हो सकता था, चाहे वह शिक्षा की संस्थाओं में अवसर है, आमदनी है और उसके साथ-साथ सरकारी नौकरी और प्राइवेट सेक्टर की नौकरी है। ...**(व्यवधान)**... मैं अपनी बात आगे बढ़ाता हूं। मैंने आवश्यक समझा कि मैं अपनी बात गंभीरता से कहूं।

श्री उपसभापति: माननीय आनन्द जी, आप चेयर को देखकर बोलें।

श्री आनन्द शर्मा: मैं चेयर को ही देख रहा हूं। आपकी तरफ ही देखते रहेंगे, कभी-कभी इधर-उधर भी देखते रहेंगे। बहरहाल, यह न्याय मिला। यह कहना और यह दिखाना कि पहले कभी कुछ नहीं हुआ, मेरा आपके माध्यम से अपने उस तरफ के मित्रों से एक आग्रह रहेगा, कि हम किसी को शत्रु नहीं मानते हैं, हमारी मानसिकता अलग है। हम प्रजातंत्र में विश्वास करते हैं, वैचारिक मतभेद में विश्वास करते हैं, हममें विचारधाराओं का विरोधाभास हो सकता है, लेकिन जहां तक देश की बात है, भारत देश हमारा है, सभी का है और इस देश को बनाने में जिन लोगों का योगदान रहा है, उस योगदान को सम्मान से स्वीकार किया जाना चाहिए। आज कहा जाता है कि पहले कुछ नहीं हुआ, मैं कहना चाहता हूं कि अगर कुछ नहीं हुआ, तो 2014 में क्या लेकर आए थे? हम इस सदन में गिना चुके हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था कहां खड़ी थी, हिन्दुस्तान कैसे परमाणु शक्ति, अंतरिक्ष भवन बन चुका था, तो आप कृपा करके इस मानसिकता को छोड़ दीजिए। यह बिल आप लाये हैं, क्योंकि आपने काफी बातें कही थीं। वर्ष 2014 में देश के लोगों को कई आश्वासन दिए गए थे। वे केवल आश्वासन और वादे नहीं थे, सब्ज़बाग दिखाए गए थे, एक बहुत बड़ी हवा चली थी। मैं एक चीज़ कहूंगा, after every high tide, there is a low tide. इस बात को मत भूलिए कि आपने क्या कहा था। "सबका साथ, सबका विकास", अभी माननीय सदस्य ने कहा। अच्छी बात है, सोच अच्छी है, पर क्या यह सही मायने में हो रहा है? वे अच्छे दिन कब आएंगे, उसका इंतजार हो रहा है। अभी तक तो देश अच्छे दिन का इंतजार कर रहा है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया बीच में टीका-टिप्पणी न करें। आनन्द जी, आप बोलिए।

श्री आनन्द शर्मा: जो ये कह रहे हैं कि अच्छे दिन आ गए, बहुत-बहुत धन्यवाद। आपकी संवेदनशीलता, माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच। वे तो कह रहे हैं, मैं अभी टेलीविज़न पर देख रहा था, आजकल बाहर खूब अच्छा — यह अच्छी बात है कि देश में जितनी पोशाक, जितनी पगड़ी और जितनी टोपी हैं, वे उनमें रोज़ दर्शन होते हैं, पर सदन में नहीं होते। यह ठीक है, उनकी मर्जी है, उनका अपना शौक है, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मेरे पास भी हिमाचल की कई टोपियां हैं, वे कहेंगे तो हम उनको और भी दे देंगे, भेंट कर देंगे। ...**(व्यवधान)**... खैर, यह सम्मान होता है। माननीय गहलोत साहब ने भी डाली है, हिमाचल की टोपी है, इसमें आपत्ति क्या है? वे पीछे भी बैठे हैं, आपको भी पगड़ी अच्छी लगती है, इनको टोपी भी अच्छी लगती है। अब इस बात को रहने दें। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया शांति रखें। आनन्द जी, आप अपनी बात कहिए, मूल विषय पर आइए।

श्री आनन्द शर्मा: सर, जैसा मैंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 15 और आर्टिकल 16 में जो हमारे मौलिक अधिकार, यानी Fundamental Rights हैं, उनमें यह प्रावधान पहले से ही रखा गया था कि जो पिछड़े हैं, कमज़ोर हैं, उनके लिए राज्य को, स्टेट को यह अधिकार रहेगा कि वह कोई प्रावधान करे और उसी के तहत भारत में अभी तक जो आरक्षण हुआ है, वह चल रहा है। जब उससे बाहर हटकर दो बार आरक्षण देने की कोशिश की गई, तो सर्वोच्च न्यायालय ने उसको स्वीकार नहीं किया था। मैं कहूंगा कि यह चुनौती भी हर सरकार के सामने रही है। यह चुनौती केन्द्र की सरकारों के सामने रही है, हमारी सरकारों के सामने भी रही है, चाहे यह चुनौती वर्ष 1992 में आई हो या वर्ष 2010-11 में आई हो, यह चुनौती कई राज्यों के सामने भी आई। मैं सोचता हूं कि सरकार उन तमाम चीज़ों को मन में रखकर, सोच-विचार करके यह बिल लाई है, लेकिन प्रश्न यह है कि ऐसी क्या बात हुई कि इसको एकदम से लाया गया? मैं विरोध नहीं कर रहा हूं। मेरा यह कहना है कि संविधान का संशोधन तब आता है, जब एक बड़े समाज, एक वर्ग के लोगों के बारे में यह समझा जाता है कि वे आर्थिक रूप से कमज़ोर हैं, पर अभी तक के प्रावधान में वे covered नहीं हैं, उनको उसका लाभ शिक्षण-संस्थाओं या सरकारी नौकरियों में नहीं मिलता और उनको भी संरक्षण की जरूरत है, इसलिए उनके लिए तुरंत कोई कदम उठाया जाए। मैंने इसलिए यह कहा और सिर्फ मैं ही यह नहीं कह रहा, बल्कि देश पूछता है कि इस सोच को, जो पहले से चली थी — इस पर वर्ष 2006 में एक कमीशन भी बिठाया गया था, जब यूपीए की सरकार थी। वह कमीशन, इकोनॉमिकली बैकवर्ड कास्ट्स के लिए था, जिसके चेयरमैन मेजर जनरल सिन्हो थे और उस कमीशन की रिपोर्ट भी आई थी। आप कह रहे हैं सोच! यह कइयों की सोच रही। यह भी जरूर है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्ष 2014 के मेनिफेस्टो में भी हमने इसका जिक्र किया था। हम इसलिए भी इसका समर्थन कर रहे हैं, क्योंकि हमारी यह केवल सोच नहीं थी, बल्कि हमने अपने मेनिफेस्टो में इसको लिख दिया था। अब यह अलग बात है कि चुनाव के नतीजे कुछ और हुए, आप हंसते-हंसते आए और जो नतीजे आए, उन्हें हम लोगों ने स्वीकार कर लिया, पर आपको 4 साल 7 महीने लग गए। यह कुछ समझ में नहीं आ रहा कि ऐसा क्या हो गया था कि आप 4 साल 7 महीने बाद आखिरी सत्र के अंदर इसको लाए हैं? यह आखिरी सत्र है, उसके बाद चुनाव है। अब इसमें ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। वास्तविकता यह है। सच्चाई सुनना जरूरी है। अभी महीना नहीं हुआ है, तीन राज्यों ने इनको आर्शीवाद देकर भेजा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ ने और बाकी दो भी हारे। अभी हमारी क्रिकेट की टीम तो श्रृंखला जीत गई। आप 5-0 से चुनाव की सीरिज़ हार गए। That is the outcome of the elections. आपको संदेश मिला कि हम ठीक रास्ते पर नहीं चल रहे हैं। चुनाव सिर पर है। अभी तो तीन राज्यों ने छोटा संदेश दिया। बड़े संदेश की भी पूरी उम्मीद करें और ज़रूर मिलेगा। कुछ महीने की बात है।

माननीय उपसभापति जी, एक होता है एयरपोर्ट पर arrival का lounge, आगमन और एक होता है प्रस्थान, departure. This has been brought by the Government which is already in a departure lounge. It is matter of time. I can say that. अब आप लोगों को क्या बनाएंगे कि हम आपको दे रहे हैं। देश को सुनना ज़रूरी है कि आप क्या दे रहे हैं। पहले जो आपने इसमें शर्तें लगायी हैं, बहुत खूब। जिनके पास 5 एकड़ से कम ज़मीन है, पांच एकड़। 5 एकड़ जिसके पास ज़मीन है, वह 86 प्रतिशत भारत की जो लैण्ड-होल्डिंग है, it covers eighty-six per cent of the land holdings of the country.

दूसरा यह कि 8 लाख रुपये आमदनी, वित्त मंत्री बैठे हैं, इनको मालूम है, पूर्व वित्त मंत्री भी बैठे हैं। आप ज़रा डेटा दें कि 8 लाख से ऊपर की आमदनी इस देश में कितने लोगों की है? How many people have income above rupees eight lakhs and how many people pay that income tax? आपको हैरानी होगी। अगर मेरी जानकारी गलत है तो आप मुझे ज्ञान दें कि वह डेटा, जब आप कहें तो देश के सामने रखेंगे। इससे अगर 99 प्रतिशत नहीं, तो 98 प्रतिशत भारत के लोग कवर होते हैं। अब आप उससे 50 प्रतिशत निकाल दें, जिनके लिए पहले से आरक्षण है। 130 करोड़ की आबादी है, 65 करोड़ भी अगर आप कहें, तो उस 65 करोड़ का 98 प्रतिशत। अब उसमें से नौकरी वाले कितने लोग होंगे? जाहिर है कि 45 करोड़ के आस-पास लोग होंगे। आज देश की चिंता क्या है? देश में रोज़गार नहीं बन रहा है, न प्राइवेट सेक्टर में, न उद्योग में और न सरकार का रोज़गार बन रहा है। अभी पिछले सप्ताह चौकाने वाले आंकड़े आए हैं। इस देश में जो दो करोड़ रोजगार था, अब उसको जुमला मत कहना कि भारत के नौजवानों को कहा था कि एक साल में दो करोड़ रोज़गार देंगे। अभी 10 करोड़ गिनेंगे। पिछले साल 1 करोड़ 10 लाख, eleven million jobs have been destroyed in 2018; 11 million jobs have been lost in 2018. नौकरी तो बन नहीं रही। यह चिंता है। मैं केवल आलोचना के कारण इस बात को नहीं कह रहा हूं। ...**(व्यवधान)**... मैं चेता रहा हूं। यह हकीकत है। मैंने अभी कुछ और देखा, क्योंकि समय कम था। अब इतनी जल्दी में लाए, आपको लाना था। चूंकि model code of conduct से पहले कहें कि दो करोड़ नहीं तो आगे के लिए तो dangle of carrot, वह कहते हैं न कि एक और सपना दिखा दिया कि हो जाएगा। सबको दे दिया। हर आदमी सोचेगा कि मेरे बेटे-बेटी को मोदी जी ने रोज़गार का प्रबंध कर दिया, पर प्रश्न एक है। नौकरियां कितनी हैं? मैंने अभी आंकड़े देखे और वित्त मंत्री जी से भी मेरा आग्रह रहेगा कि राज्यों से भी आंकड़े मंगाकर मंत्री महोदय, आप जवाब देंगे, ज़रा सदन के अदंर रख दें। केंद्र सरकार के 34 लाख रोज़गार हैं और पिछले तीन साल में 95 हज़ार नौकरी बनी हैं, यह सुनने के लायक है। केंद्र सरकार ने जो पैदा की हैं, रोज़गार बनाए हैं। 34 लाख हैं, 95 हज़ार हो गए! जो भारत की पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्ज़ हैं, उनमें निरंतर नौकरियां कम हो रही हैं। आपने तीन साल में 95 हज़ार नौकरियां बनाईं और पीएसयूज़ के अंदर, I am quoting from a PIB release issued by the Government of India. It says, 'In the PSUs of the country, in 2016-17, the jobs have come down from 11.85 lakhs to 11.31 lakhs.' तो 54 हज़ार नौकरियां 2016-17 में आपकी पीएसयूज़ में टूटी हैं और 2017-18 में ये 11 लाख 31 हजार से घटकर 10 लाख 88 हजार पर चली गईं। दूसरे साल में 43 हज़ार टूटीं, तो तीन साल में आपने केन्द्र की सरकार के 95 हज़ार रोज़गार बनाए और पीएसयूज़ के 97 हज़ार रोज़गार तोड़ दिए। मैं इसमें प्राइवेट सेक्टर की बात नहीं कर रहा हूं। उस पर आपकी दोहरी लाठी चली है, क्या वार हुआ है! पहले नोटबंदी का जश्न मनाएं, दूसरा जल्दबाज़ी में जीएसटी का गलत मॉडल थोप दिया, व्यापार तोड़ दिए। लोग बेरोज़गार हो गए, लोगों का नुकसान किया, तो यह रोज़गार तो इतना है। राज्यों के आंकड़े माननीय वित्त मंत्री देंगे! गहलोत जी एक सज्जन व्यक्ति हैं, आपने भी इस पर कुछ होमवर्क किया है, वह भी रख दें। यह जो आप 10 प्रतिशत लाए हैं और 98 प्रतिशत लोग इसमें कवर होते हैं, तो आपने बनाया है - 5 एकड़ और 8 लाख - तो मैं सोच रहा था और मैंने कई अर्थशास्त्रियों से, मैं नाम भी रख सकता हूं, सदन में आने से पहले फोन भी किया कि मुझे कुछ ज्ञान दो। मैंने अर्थशास्त्र पढ़ा है पर मैं इतना विद्वान नहीं हूं कि एक-एक आंकड़े मेरे पास हों। आप मुझे बताइए कि इसमें कितने साल लगेंगे? उन्होंने कैलकुलेट करके

[श्री आनन्द शर्मा]

मुझसे कहा कि शायद 800 साल लगेंगे। अब देखो नौकरियां कितनी हैं? लोग कितने हैं? आप किसको बता रहे हैं कि कर दिया। कृपा करें, पहले अर्थव्यवस्था सुधारें, विकास की गाड़ी पटरी पर लाएं, रोज़गार पैदा करें। आपने तो ऐसा कह दिया कि ऐसा होता है। सपने देखना और सपने दिखाना इंसान की फितरत है, शौक है, तो आपने भी दिखा दिया। यह जो इतना बड़ा सपना आप देश के लोगों को दिखा रहे हैं, यह गंभीर बात है। इस समाज के अंदर जातिवाद, देश में एक ऐसा विषय रहा है, जिसका मैं पक्षधर नहीं हूं। हम में से बहुत से ऐसे लोग हैं, जो कभी इसके पक्षधर नहीं रहे हैं, पर एक वास्तविकता भारत के समाज की रही है, इसलिए सामाजिक परिवर्तन आवश्यक है और जो लोग पिछड़े हैं, जो विकास की परिधि से बाहर रह गए हैं, उनको उसमें जोड़ना, उस प्रक्रिया में जोड़ना, उसका लाभ देना, यह देश का धर्म है, कर्तव्य है, हर सरकार का, हर भारतीय का कर्तव्य है। अगर हम उस दृष्टिकोण से भी इसको देखते हैं, तो यह ज़रूरी हो जाता है कि हम इस विषय पर विस्तार से देश में चर्चा करें। सदन को भी मौका देते हैं, हर सदस्य को यह अवसर देते हैं कि वह लोगों से बातचीत करे, समाज के उन वर्गों से भी बातचीत करे, जिनको ये एक नया सपना मिलेगा कि क्या चाहते हैं? क्या शर्तें होनी चाहिए? क्या यह सही है या नहीं है या इसमें कोई और भी सुधार लाया जा सकता है?

माननीय उपसभापति महोदय, वह सुधार कैसे हो सकता था? वह सुधार लाने का एक ही तरीका था। जब भी कोई कानून बनता है, यह तो संविधान का संशोधन है और इसमें अभी कई, मैं कहूंगा there are other twin barriers which the Government will face. We hope that you will overcome; but, you will have to face them. You will face certain Constitutional questions. You will face certain barriers. But, the tendency of this Government not to respect Parliament and bypass legislative scrutiny, while making laws or Constitutional amendment, is deplorable. This is a calculated, deliberate, disrespect done to the highest institution of Indian democracy. It is deliberate. क्योंकि आप नहीं चाहते है, आपकी सोच ऐसी है कि आपसे कोई सवाल न करे। आपकी सोच तो आरक्षण के पक्ष में नहीं है। मैं, जो इस सदन के सदस्य नहीं हैं, किसी महानुभाव के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन आपके बड़े शिरोमणि लोगों ने ...**(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य: आप क्यों प्रचार कर रहे हो? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया आप शांति बनाए रखें। आनन्द जी, आप अपनी बात कहें।

श्री आनन्द शर्मा: मैंने तो किसी का नाम भी नहीं लिया। मैं तो आपसे ही कह रहा हूं।

श्री उपसभापति: कृपया सीट पर बैठकर न बोलें, शांति बनाए रखें, हम लोग बहुत महत्वपूर्ण बिल पर बात कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां देखेंगे कि हम क्या तय कर रहे हैं। आनन्द जी, आप कृपया मेरी ओर देखें।

श्री आनन्द शर्मा: मैं आपकी तरफ ही देख रहा हूं।

श्री उपसभापति: लेकिन आप अपनी बात पर आइए।

श्री आनन्द शर्मा: मैं बात ही कह रहा हूं। आप भी थोड़ा इस तरफ ज्यादा देखा करें।

श्री उपसभापति: मैं तब से आप ही को देख रहा हूं।

श्री आनन्द शर्मा: अब देख रहे हैं।

श्री उपसभापति: आप ध्यान दें, देख लें, कैमरे पर इस बात का प्रमाण है।

श्री आनन्द शर्मा: चलिए, ठीक है। आपके कई बड़े लोगों ने, जो सरकार में भी रहे हैं और बड़े नेता हैं, आरक्षण की सोच का ही विरोध किया। देश में आरक्षण कैसे होना चाहिए - समाज के हर वर्ग को, जिन्हें सही मायने में न्याय नहीं मिल रहा है, रोज़गार नहीं मिल रहा है - यह देश और समाज के सामने एक चुनौती है। यह एक सरकार की बात नहीं है। अगर हमारे बेटे-बेटियों के लिए हम अवसर पैदा नहीं करेंगे, रोज़गार पैदा नहीं करेंगे, तो वे केवल वायदों और जुमलों पर नहीं चल सकते हैं। नौजवान देश का भविष्य हैं, किसी भी समाज का भविष्य हैं, उनके लिए हम सही प्रावधान कैसे करें? अगर 1946-47 में इस पर चर्चा हो सकती है, उस वक्त की संविधान सभा में - वित्त मंत्री जी से जब बात हो रही थी, कल भी हो रही थी, तो हमने बताया कि Constituent Assembly की अगर आप debates पढ़ें, इस विषय पर, affirmative action पर कि कितने विद्वान लोग थे, उनकी कितनी विशाल सोच थी और उन्होंने क्या कहा, क्या तर्क उन्होंने दिए तो आज आज़ादी प्राप्त किए 70 साल से ज्यादा हो गए हैं, इस विषय पर देश में व्यापक चर्चा होनी चाहिए। एक दिन उस सदन में पास हो जाए, एक दिन इस सदन में पास हो जाए - हो गया वायदा पूरा या नही हुआ! जो कहा था, उसे करिए, कथनी और करनी एक हो। नौजवान तो आपसे अभी हिसाब मांगेगा। यह केवल भोपाल, जयपुर, रायपुर, हैदराबाद - वहां के संदेश से प्रभावित न होकर आप इसको लाए हैं और हमें आज बहुत ज्ञान दिया जा रहा था। महोदय, कृपा करें, विपक्ष राजनीति नही करता। पहली बात तो हम राजनैतिक दलों से आते हैं, सब आते हैं - आप भी और हम भी - लेकिन राजनीति तो सरकार कर रही है। अगर राजनीति से यह प्रेरित नही होता और चुनाव में जो आपकी सेवा लोगों ने की है, अच्छे दिनों की, जिनको आपने अच्छे दिन दे दिए, तो आप कभी भी इसे न लाते। आप इसको कभी भी लेकर नही आते। यह तो वोटर बोला है, गरीब बोला है, किसान बोला है, तो आपने कहा, अब हम कुछ करें। मैं एक चीज़ कहूंगा। हर किसी के लिए एक अनुभव की बात है क्योंकि आप यहां रहे हैं, हम वहां थे, फिर हम यहां आए, फिर वहां गए - प्रजातंत्र में यह होता है, लेकिन हर बार जब स्थान बदलते हैं तो कुछ ज्ञान की भी प्राप्ति होती है। हमें भी शायद यहां कुछ साल बैठकर और ज्ञान मिला, क्योंकि वहां बैठकर शायद हमें वास्तविकता के बारे में उस समय ठीक से न पता हो, लेकिन आपके साथ हालत यह है कि आप सोचते हैं कि पूरा देश एक आवाज़ में आपके साथ खड़ा है और आपने सब कल्याण कर दिया है। आपकी सरकार ने वायदा खिलाफी की है - यह मैं आज सदन में कहना चाहता हूं। आपने देश के नौजवान और किसान के साथ वायदा खिलाफी की है। केवल इस संविधान संशोधन से गरीब का पेट नही भरेगा, किसान को न्याय नही मिलेगा। अगर आप इतनी संवेदनशील सरकार हैं, तो मेरा सवाल है कि आप सामाजिक न्याय की बात करते हैं, सशक्तीकरण की बात करते हैं, क्या आपके पास इस बात का उत्तर है, जो आपने एक और वायदा किया

[श्री आनन्द शर्मा]

3.00 P.M.

था - नौजवान को तो दो करोड़ का कह दिया, किसान को उसकी फसल की कीमत, उससे पचास प्रतिशत ऊपर कह दी, लेकिन आज मिल क्या रहा है। आप जानते हैं, देश जानता है कि आज किसान जब मंडी में जाता है तो उसको क्या कीमत मिलती है।

आज हिन्दुस्तान के किसान को MSP नही मिल रहा है। आपने जो MSP तय किया है, चाहे वह दाल का है, फसल का है, धान का है, गेहूँ का है, हर चीज में किसान को 300, 500, 700 रुपये कम मिलते हैं। आपको न्याय करना चाहिए। क्या कारण है कि आप महिलाओं के लिए आरक्षण का बिल नही लाए? वे 50% महिलाए हैं, क्या उनको न्याय नही मिलना चाहिए? क्या उनको कोई अधिकार नही मिलना चाहिए? क्या सिर्फ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से सारी महिलाओं को न्याय मिल गया? हम तो आज भी कहते हैं कि आपको वह बिल लाना चाहिए था, आप यह जल्दी वहां दिखाते। माननीय प्रधान मंत्री जी और आपकी सरकार इस बिल को लाते, इसकी कोई आलोचना नही होती। मैं आपसे यह मांग करता हूं कि आप एक दिन और बढ़ाए और आज रात को लाए, हम फिर उसको पारित करते हैं। लोक सभा को वापस बुलाइए। एक सीधा संदेश जाना चाहिए। राजनीति के लिए तो आपने तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं को न्याय दे दिया, लेकिन भारत की बाकी महिलाओं का क्या हुआ? आपको किसने रोका है? मैं तो आग्रह कर रहा हूं, इससे मत्रियसें को कष्ट नही होना चाहिए। न्याय सभी महिलाओं को मिलना चाहिए, महिलाओं को अधिकार मिलना चाहिए। आपने अपने manifesto में कहा था, अब आप इसे लाइए और पूरा करिए।

अत में, मैं आपसे यही बात कहूंगा कि अगर सरकार यह सोचती है कि उन्होंने एक ऐसी परिस्थिति राजनैतिक दलों के सामने खड़ी कर दी, जिन्होंने खुद यह प्रतिबद्धता दिखाई थी और जिनकी अपनी सोच यह थी, तो इसमें कांग्रेस पार्टी भी समर्थन करेगी। जाहिर है कि जिसे हम खुद करने जा रहे थे, खुद ही लाए थे, तो उसे जरूर पूरा कीजिए, जो कि महिलाओं के लिए भी था, यह भी हम कहते हैं। आपकी सरकार उससे तो नही बदलेगी, लेकिन जो सही मामने में, सही सोच से किया जाएगा, उसका हम समर्थन कर देंगे। मुझे सरकार को एक यह सलाह देनी है कि देश की जनता भोली भी है, सज्जन भी है, विश्वास भी करती है, खूब विश्वास करती है और बहुत आशीर्वाद देती है। जब आपने कहा कि तुम्हारे लिए हम अच्छा करेंगे, इसलिए आपको खूब आशीर्वाद मिला। देश की जनता ने विश्वास किया, लेकिन इस देश की जनता मूर्ख नही है। वह एक बार तो सब्ज़बाग में चली जाती है, एक बार तो वायदों में बहक जाती है, पर बाद में हिसाब जरूर मांगती है। आपका हिसाब देने का वक्त है। आपका नए सपने बांटने का समय नही है। अब हिसाब होगा, जवाबदेही तय होगी, यही हिन्दुस्तान की आवाज है। अपनी बात को विराम देने से पहले, मैं यही कहूंगा कि हमारा दल इसका पक्षधर है। हमने यह बात उठाई थी कि हम सामाजिक न्याय में विश्वास रखते हैं और खास तौर पर जो अग्रिम जाति के गरीब लोग हैं, उनको सही मायने में न्याय मिले, यह कदम उसकी तरफ है। यह रास्ता बहुत लम्बा है, यह कड़ी चुनौती है। इसमें राजनैतिक मजबूरी से नही, प्रतिबद्धता से काम होना चाहिए। इन शब्दों के साथ, मैं इसका समर्थन करता हूं।

श्री उपसभापति: माननीय प्रो. राम गोपाल यादव ।

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति जी, आपने इस बहुत महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक पर मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस विधेयक पर मैं अपनी बात पर आने से पहले प्रारम्भ में ही यह कहना चाहता हूं कि मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। लेकिन उस पर आने से पहले, सब लोग जानते हैं, फिर भी मैं यह कहना चाहता हूं कि संविधान में चाहे भले ही अनुच्छेद 14 में मौलिक समता की बात कही गई हो, इस देश में जो लोगों की मानसिक अवधारणा है, उसमें परिवर्तन लाए बगैर चाहे कुछ किया जाए, जो परिणाम आने चाहिए, वे नही आ सकते हैं। क्योंकि हमने यह देखा है कि जो ऊँच-नीच की भावना है, वह हमारे समाज में परत-दर-परत बिल्कुल percolate कर गई है, नीचे तक धंस चुकी है, धीरे-धीरे वह कम होती जा रही है, लेकिन अब भी विद्यमान है। हमने देखा है, जो पुराने लोग हैं, उन्होंने देखा है और पुस्तकों में पढ़ा है कि किस तरह से बाबा साहेब अम्बेडकर जब प्रोफेसर होकर मुम्बई में पढ़ाने के लिए गए, तो कुर्सी को धोया गया, एक शूद्र कैसे कुर्सी पर बैठ सकता है। उसके काफी दिनों बाद एक बार बाबू जगजीवन राम जी बनारस गए, एक बहुत बड़े नेता के भाई ने उस प्रतिमा को गंगा जल से धोया, जिस पर बाबूजगजीवन राम ने माल्यार्पण किया। यह धारणा इस देश में रही है। मैंने वह समय खुद देखा है जब किसी वाल्मीकि के किसी बच्चे से कोई दूसरा गैर बिरादरी का व्यक्ति छू जाए, तो सोने के ज़रिये, चाहे वह अंगूठी हो या कोई और आभूषण हो, उसके ऊपर से पानी डालकर, उसको शुद्ध किया जाता था, और तो और उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर का बंगला भी धोया गयाा । ...**(व्यवधान)**... इसलिए मैं यह कह रहा हूं कि जो भावना है, जो मानसिकता है, वह अभी तक समाप्त नही हुई है, वह कम हुई है, इसमें दो रायें नही है, लेकिन अभी तक समाप्त नही हुई है।

उपसभापति महोदय, एक बात तो यह थी, जिसे मैं प्रारम्भ में ही कहना चाहता था, क्योंकि हमने यह देखा है कि अगर अनुसूचित जाति का दूल्हा घोड़े पर चढ़कर ऊँची जाति के लोगों के दरवाजे के सामने से जाता है, तो उसको जाने से रोका जाता है, कई बार झगड़े भी हुए हैं, पुलिस की उपस्थिति में शादियां हुई हैं, यह सब भी हमने देखा है। केवल इन चीजों से काम चलने वाला नही है।

उपसभापति महोदय, एक बात प्रभात जी ने बार-बार कही है। प्रभात जी बहुत सज्जन व्यक्ति हैं, मेरे तो मित्र हैं। आपने बार-बार मोदी सरकार की बात कही है। मैंने Harold Laski की जब 'Grammar of Politics' वाली किताब पढ़ी, तो मुझे वे चीज़ें याद आ जाती हैं, जिसमें इन्होंने 'Theory of Indispensability' की बात कही है। यह मुझे तब भी याद आती थी, जब 1975 में इमरजेंसी लगी थी। यह सरकार भारत की सरकार है, क्या यह हमारी सरकार नही है? मैं सम्पूर्ण सत्ता पक्ष से पूछना चाहता हूं कि क्या यह हमारी सरकार नही है, इधर बैठे हुए लोगों की सरकार नही है और क्या जब हम इसमें सहयोग कर रहे हैं, तो उसमें हम लोगों का योगदान नही है? कोई इसका विरोध नही कर रहा है, लेकिन क्या हम उन परिणामों तक पहुँच सकेंगे, जिनकी हमने कल्पना की है। आनन्द शर्मा जी की यह बात बिल्कुल जायज़ा है कि जब आप सत्ता में आए थे, उसके बाद ही इस काम को कर देते, क्या इसमें कोई पैसा खर्च हो रहा था? इस बिल को तो आप कभी भी ला सकते थे, यह कोई मनी बिल तो है नही। यह बिल तो कभी भी आ सकता था, लेकिन आपका निशाना, आपका जो लक्ष्य है, इस सरकार का जो लक्ष्य है, वह आर्थिक दृष्टि से गरीब सवर्ण नही है, बल्कि इस बिल का निशाना 2019 का चुनाव है। महोदय, अगर सही मामने में इनके मन में ईमानदारी होती, तो यह बिल दो-तीन या चार साल पहले आ

[प्रो. राम गोपाल यादव]

सकता था और कुछ लोगों का भला हो सकता था। इसकी वास्तविकता क्या है और आपने जो क्राइटीरिया रखा है, उसके हिसाब से कितने लोगो को रोजी-रोटी मिल सकती है, मैं इस बारे में बताना चाहता हूं। सुप्रीम कोर्ट ने लगभग 50 परसेंट आरक्षण पहले से ही सवर्ण लोगों के लिए कर रखा है, क्योंकि ओबीसी और एससी एसटी के जो कैंडिडेट्स हैं, मैरिट में अगर जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट्स से भी ऊपर होंगे, तब भी वे ओबीसी और एससी एसटी में ही रहेंगे। अब जो 50 परसेंट आरक्षण रह गया है, उसमें से जैसा आनन्द शर्मा जी ने बताया, उन लोगो की, जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर वाले क्राइटीरिया में आएंगे, उनकी बहुत बड़ी तादाद है। मेरे ख्याल से यह लगभग 97 फीसदी होगा। ...**(व्यवधान)**... कपिल सिब्बल साहब के अनुसार यह 98 फीसदी है। 98 फीसदी अपर कास्ट के गरीब लोगों को 10 फीसदी आरक्षण और 2 परसेंट अमीर सवर्णों को 40 परसेंट आरक्षण, यह कहां समता है और कहां समता का अधिकार है?

उपसभापति जी, यही बात सच है। ...**(व्यवधान)**...

श्री अमित अनिल चन्द्र शाह (गुजरात): मेरिट्स वालों को 40 परसेंट है, इसमें गरीब बच्चा, ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव: आपने जो आर्थिक क्राइटीरिया दिया है, उसमें नही आ पाएंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री अमित अनिल चन्द्र शाह: गरीब भी आ सकता है, आदिवासी भी आ सकता है, ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय सदस्यों से मेरा आग्रह है कि वे आपस में बातें न करें। माननीय प्रोफेसर साहब, आप कृपया पीठ को संबोधित कीजिए। ...**(व्यवधान)**... कृपया शांति बनाए रखें। ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव: तब तो 10 परसेंट में ही आएंगे। ...**(व्यवधान)**... तब तो 10 परसेंट में भी और संख्या कम हो जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री अमित अनिल चन्द्र शाह: उसे और बढ़ाएंगे। ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव: जब जवाब दें, तब बताइए कि इसे और बढ़ाएंगे। ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति जी, मेरे कहने का मतलब यह था कि इससे वह लाभ नही होगा, जो लोगों को ये बता रहे हैं कि उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए और गरीबों के लिए यह सब कर रहे हैं। उन गरीबों को दिक्कत यह आएगी कि उनके लड़के जब मैरिट बहुत हाई होगी, तब उनका कटऑफ इतना ऊँचा होगा, जो जनरल कैटेगरी के लोगों से ऊपर होगा, तब उन्हें फायदा मिलेगा। इसलिए यदि वे उसमें न होते, तो ज्यादा सत्ता में आ सकते थे, लेकिन आपने उनकी मैरिट को भी शॉर्ट कट कर दिया और संख्या घटा दी, बजाय बढ़ाने के। ...**(व्यवधान)**... आप देखिएगा। एक साल बाद, जब पब्लिक सर्विस कमीशन के रिज़ल्ट्स आएंगे ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य आपस में बातें न करें। प्रोफेसर साहब, मेरा आपसे आग्रह है कि आप कृपया चेयर को संबोधित करें।

प्रो. राम गोपाल यादव: जब पब्लिक सर्विस कमीशन के रिज़ल्ट्स आएंगे ...**(व्यवधान)**...

श्री अमित अनिल चन्द्र शाह: माननीय उपसभापति जी, मैंने बैठे-बैठे कोई टिप्पणी नही की। जब इन्होंने मुझे एड्रेस किया, इसलिए मैंने जवाब दिया। आप मेरिट की बात कर रहे हैं। जब आप मुस्लिम आरक्षण लेकर आए, तो क्या मेरिट वालों की संख्या कम नही हुई, आप तो माइनॉरिटी के लिए आरक्षण लेकर आए थे?

प्रो. राम गोपाल यादव: कौन लाया था? ...**(व्यवधान)**...

श्री अमित अनिल चन्द्र शाह: आपको अपना मैनिफेस्टो याद नही है। ...**(व्यवधान)**... आप अपना वर्ष 2012 का मैनिफेस्टो उठाकर देख लीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मेरा आग्रह होगा कि कृपया आपस में बातें न करें। ...**(व्यवधान)**... प्रोफेसर साहब मेरा आपसे आग्रह होगा कि आप बोलें। ...**(व्यवधान)**... नीरज जी, कृपया आप बैठिए। प्रोफेसर साहब, आप बोलें। ...**(व्यवधान)**...

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, he is not yielding. ...*(Interruptions)*...

प्रो. राम गोपाल यादव: माननीय उपसभापति जी, हमारे मैनिफेस्टो में तो आर्थिक रूप से गरीब सवर्णों के आरक्षण की बात केन्द्र सरकार से रिकमंड करने को कही गई थी। उसकी चर्चा नही कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... बहुत दिनों बाद कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... लेकिन लोगों को याद नही है। ...**(व्यवधान)**... दूसरे ...**(व्यवधान)**... सारे लोग जानते हैं ...**(व्यवधान)**... हालांकि आपकी तरफ बहुत बड़े-बड़े वकील लोग बैठे हुए हैं, वे सारे लोग किसी टेढ़ी बात को भी सीधी बात कर सकते हैं और सीधी बात को भी टेढ़ी बात कर सकते हैं। ...**(व्यवधान)**... वे ऐसा कर सकते हैं ...**(व्यवधान)**... लेकिन यह सच है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: बहुत अच्छी बहस हो रही है, कृपया सुनिए ...**(व्यवधान)**... प्रो. साहब को ...**(व्यवधान)**... टोका-टाकी मत कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव: जब सुप्रीम कोर्ट का एक barrier है कि 50 परसेंट से ज्यादा आरक्षण नही हो सकता ...**(व्यवधान)**... तब कुतर्क ...**(व्यवधान)**... चाहे कोई कहे, लेकिन सच बात यह है कि आपने उस barrier को तोड़कर इसको 60 परसेंट या 59.5 परसेंट करने की कोशिश की है। इसको कोई न कोई - कोइ political व्यक्ति तो नही जाएगा, लेकिन इस देश में पीआईएल डालने वालों की कमी नही है, प्रोफेशनल पीआईएल डालने वाले हैं। वे न्यायालय में जाएंगे ही और जब न्यायालय में जाएंगे, तो इस तरह के मामले पहले भी आए हैं और रद्द हुए हैं। अगर देश की सबसे जानी-मानी समझदार कामों को मूर्ख बनाने की कोशिश की जा रही है, तो लोगों को आपकी सरकार की बुद्धि पर तरस आता है कि हम लोगों को, पिछड़ों को, आदिवासियों आदि, इन सबको तो बहुत आसानी से घुमाया जा सकता है, लेकिन जो दूसरों को घुमाने वाले हैं, क्या आप उनको घुमा लोगे? यह नही हो सकता है। यह बिल्कुल

[प्रो. राम गोपाल यादव]

नही हो पाएगा। ...**(व्यवधान)**... अगर आपको करना है, तो आप यह देखिए कि जो पिछले आरक्षण हुए हैं, चाहे वे SC/ST वर्ग के लिए किए गए हों, चाहे OBC वर्ग के लिए किए गए हों, क्या अभी तक उनके वांछित परिणाम निकले हैं? माननीय मंत्री जी जब जवाब दें तो यह अवश्य बताए कि जब SC/ST वर्ग का प्रारंभ से ही आरक्षण था, तब क्या 22.5 परम्मेंट सैंट्रल सर्विसेज में, क्लास वन नौकरियों में SC/ST वर्ग का प्रतिनिधित्व है? क्या यह प्रतिनिधित्व इतने वर्षों बाद भी है? ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: युनिवर्सिटीज़ में क्या किया?

प्रो. राम गोपाल यादव: वह नही है ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया टीका-टिप्पणी न करें।

प्रो. राम गोपाल यादव: हम लोग लगातार यह मांग करते रहे कि जहाँ से लोगों को न्याय मिलता है - माननीय न्याय मंत्री, कानून मंत्री जी बैठे हुए हैं, आप बताए कि उन न्यायपालिकाओं में इन वर्गों के OBC या SC/ST के, एकाध exception छोड़कर, क्या आपने कभी कुछ माननीय न्यायमूर्ति भेजे? ...**(व्यवधान)**... वरना जब-जब OBC वर्ग और SC/ST वर्ग के हितों के संवर्द्धन के लिए कोई कानून लाया जाएगा, यह अतीत में लाया भी गया, तब-तब उसको रद्द करने का काम हुआ है। मेरी मंशा न्यायपालिका के खिलाफ बोलने की नही है, लेकिन यदि मैं यहाँ से भी सच बात नही कह सकता हूं, तो फिर कहाँ से कहूंगा? हो सकता है कि यह विधेयक जो prima facie ऐसा लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट का, बड़ी बेंच का.. कितने जजों की बेंच है?.. 9 जजों की बेंच के खिलाफ है, लेकिन हो सकता है कि न्यायालम इसको अपहोल्ड करे, क्योंकि अगर इसमें कही SC/ST वर्ग के लिए अलग से कुछ होता, तो शायद वह रद्द हो जाता। श्रीमन्, एक स्थिति यह है कि जो पहले से आरक्षण है, मैं आपको कुछ आँकड़े दे रहा हूँ कि उसमें अभी तक स्थिति क्या है। रिजर्वेशन के बावजूद सेंट्रल गवर्नमेंट के जो Secretaries हैं, वे 81 हैं, उनमें Scheduled Castes के 2 हैं, Scheduled Tribes के 3 हैं और OBC nil है; Additional Secretaries total 75 हैं, उनमें Scheduled Castes 6, Scheduled Tribes 4 और OBC nil; Joint Secretaries total 295, उनमें SCs 16, STs 9 और OBCs 13 हैं। जो lower bureaucracy है, उसमें Group 'A' में Scheduled Castes 13.31 परसेंट हैं। ऊपर वाले छोड़िए, नीचे वाले Group 'A; में भी में भी ये 13 परसेंट हैं, STs 5.89 परसेंट हैं, OBC 11.77 परसेंट हैं और General Category के 69 परसेंट हैं। Group 'B' में SCs 16.27 परसेंट, OCBs 12.39 परसेंट, General 64.59 परसेंट और STs 6.75 परसेंट हैं। Group 'C' में भी SCs 7.35 परसेंट, STs 8.65 परसेंट, OBCs 18.97 परसेंट, General 55.3 परसेंट हैं। इतने वर्षों के बाद, रिज़र्वेशन के बाद भी Group 'C' में SCs का रिज़र्वेशन पूरा नहीं हुआ है, लेकिन Group 'C' में STs का रिज़र्वेशन पूरा है। Group 'A' और Group 'B' में अभी भी यह पूरा नहीं हो पाया है और OBC तो कहीं है ही नहीं, इतनी बड़ी आबादी के बावजूद। इसके अलावा जो निजी सस्थाएँ हैं, जिनके जरिए प्रचार-प्रसार होता है, लोगों तक जो बात पहुँचती है, जिनमे रेडियो और टेलीविजन वगैरह हैं, श्रीमन्, आपको आश्चर्य होगा कि SC, ST और OBC का प्रतिनिधित्व 3 परसेंट से ज्यादा नही है। इनमें 97 परसेंट upper castes के लोग हैं। 97 परसेंट में भी लगभग 85

परसेंट केवल एक community के हैं। ...**(व्यवधान)**... मैं community का नाम नही लेना चाहता हूँ। सिर्फ एक community. आप कही भी देख लीजिए। जो अपने को उच्च वर्ग का मानते हैं, वे बड़े-बड़े सिंहासन पर बैठने वाले लोग हैं, वे भी 3-4 परसेंट से ज्यादा नही हैं। यह स्थिति है। अच्छा, अब आरक्षण की बात भी कुछ दिनों के बाद लगभग बेमानी हो जाएगी। आरक्षण की बात इसलिए कि आरक्षण किसलिए है? यह नौकरियों के लिए है। नौकरियाँ कम होती जा रही हैं, outsourcing हो रही है। क्या outsourcing में रिजर्वेशन है? क्या यह सही नही है कि आज केन्द्र सरकार के मंत्रियो के ड्राइवर outsourcing पर हैं?

श्री उपसभापति: प्रोफेसर साहब, आपकी पार्टी के लिए जो समय है, उसमें से अब महज 4 मिनट बचे हैं। मैं बस आपको स्मरण कराने के लिए कह रहा हूँ।

प्रो. राम गोपाल यादव: कोई बात नही, मैं ज्यादा बोलूँगा ही नही। ...**(व्यवधान)**... मेरा गला तो वैसे ही बहुत खराब है, मैं ज्यादा बोल नही पाऊँगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप सबने जो समय तय किया है, मैं उसी को बता रहा हूं और अपना फर्ज़ निभा रहा हूं ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव: मैं आदेश का पालन करूंगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: नही, आप हमेशा पालन करते हैं, मैं सिर्फ आपको स्मरण कराने के लिए कह रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव: सर, मैं यह कह रहा था कि नौकरियों में आरक्षण अब कोई बहुत महत्वपूर्ण बात नही रह गई है, क्योंकि अब नौकरियां नही है। सरकार ने जब एक झटके में demonetization किया, तो बड़े पैमाने पर जो फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोग थे, मज़दूर थे, वे सब बेरोजगार हो गए। निजी क्षेत्रों में जो 40 प्रतिशत के आसपास नौकरियां थी, जिनमें लोग काम करते थे, रोजी-रोटी कमाते थे, वे बेरोजगार हो गए। लोगों को लाइन में लगा दिया, वह तो अलग बात है, उसकी मैं चर्चा नही करूंगा, लेकिन जो नौकरियों से हट गए, उनका क्या हुआ? पहले हम लोगो को मज़दूर मिलता नही था। शहरों में जहां मज़दूर खड़े रहते हैं, एक प्वाइंट होता है, वे लोग वहां पर सुबह पहुंच जाते हैं और जिनको मज़दूर की जरूरत होती है, वे वहां से उनको ले आते हैं। पहले मज़दूर मिलते नही थे, आदमी 300 रुपये देने के लिए तैयार है, लेकिन वह बोला नही और दूसरी तरफ मुंह करके खड़ा हो गया। अब एक आदमी मज़दूर लेने के लिए जाता है, तो चार आदमी आ जाते हैं और कहते हैं कि साहब, जो चाहे सो दे दीजिए, लेकिन हमें ले चलिए और काम दे दीजिए, हमारे बच्चे भूखे मरे जा रहे हैं। यह स्थिति हो गई है। चाहे निजी क्षेत्र हो या और कोई क्षेत्र हो, सबमें नौकरियां लगातार घट रही हैं। निजी क्षेत्र में तो आरक्षण की बात है ही नही, इसलिए निजी क्षेत्र में भी आपको आरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। उसमें कोई आरक्षण नही है। सरकार में जब से यह कंप्यूटर आया है... हमें याद है कि जब कंप्यूटर शुरू हुआ था, तो अमरीका की जो सबसे बड़ी कंपनी थी, उसके मालिक ने कहा था कि कंप्यूटर की नीयत ही बेरोज़गारी बढ़ाना है। आप देखिए, रेलवे में हर साल कितने बड़े पैमाने पर भर्तियां होती थी। रामविलास पासवान जी रेल मंत्री रहे हैं। वहां बहुत बड़े पैमाने पर भर्तियां होती थी, लेकिन हर साल धीरे-धीरे वे

[प्रो. राम गोपाल यादव]

घटती चली गई। रेलवे हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी संस्था थी, जो लोगों को रोजी-रोटी देती थी, लेकिन उसमें निरंतर कमी आती चली गई।

श्री उपसभापति: प्रो. साहब, आपका एक मिनट बचा है।

प्रो. राम गोपाल यादव: जब नौकरियां ही नही होंगी, तो उस आरक्षण का मतलब क्या होगा? उसका कोई लाभ नही होगा। आप चाहे जितना भी propaganda कर लीजिए और propaganda करके कहिए कि मैंने ऐसा कर दिया, वैसा कर दिया, लेकिन अगर नौकरियां नही होंगी, तो यह जो 2%, 3%, 4% या 5% का आरक्षण है, उसका कोई मतलब नही है। जब आरक्षण है, तब भी आपने नही दिया।

सर, मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए गवर्नमेंट से यह मांग करूंगा कि आपने 50% के बैरियर को तोड़ ही दिया है, क्योंकि जब ओबीसी के लिए 27% आरक्षण हुआ था, उस वक्त इसी बात को ध्यान में रखा गया था कि एससी/एसटी का आरक्षण 22.5% है और कुल आरक्षण 50% से ऊपर न निकल जाए। ओबीसी को उनकी आबादी के आधे के बराबर, 27% आरक्षण दिया गया था। आज मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि इस देश के ओबीसीज को, उनकी आबादी के हिसाब से, 54% आरक्षण दिया जाए। जब आपने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के 50% के बैरियर को तोड़ ही दिया है, तो अब तो कोई संकट ही नही है, इसलिए अब उन्हें भी आरक्षण दीजिए। आपके सामने अब क्या दिक्कत है? अब एससी/एसटी की आबादी भी बढ़ कर 25% हो गई है, इसलिए, मंत्री जी, उनके आरक्षण को भी आप 25% कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: प्रो. साहब, कृपया आप कन्क्लूड करें ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव: अब तो मैं कन्क्लूड ही करने जा रहा था, उसमें फिर आपने रोक दिया। ...**(व्यवधान)**...

चपरासी की बेटी रोने लगी और उसने घर जाकर अपने बाप से पूछा कि पिताजी, यह क्या अन्याय हो रहा है? मेरा बाप चपरासी है और मेरी सहेली का बाप मंत्री है, उनकी बहुत बड़ी बिल्डिंग है, तीन कारें हैं, घर में 10 चपरासी हैं, लेकिन उनको ड्रेस और किताबें फोकट में मिल रही हैं। जब peon की बेटी रोने लगी, तो उस peon के पास कोई जवाब नही था। उस बेटी ने स्कूल जाना बंद कर दिया और वह दो महीने तक स्कूल गई ही नहीं। ...**(व्यवधान)**... हां, मंत्री को शर्म आनी चाहिए। यह देश की हालत है। इस स्थिति में आप जो रिजर्वेशन बिल लाए हैं, यह सही लाए हैं। देर से लाए हैं, लेकिन ठीक लाए हैं। हालांकि इस बिल में कुछ खामियां हैं, यह बिल कोर्ट को जा सकता है and Court may reject it लेकिन फिर भी आप यह जो बिल लाए हैं, मैं इसका समर्थन करता हूं। मेरी पार्टी इसका समर्थन करती है। मैं आपसे एक बात कहना चाहता हूं, ओडिशा के चीफ मिनिस्टर, श्री नवीन पटनायक जी ने women's reservation के बारे में एक मुहिम छेड़ी, जिसके लिए उन्होंने सारी पार्टियों को चिट्ठी लिखी। जैसे आपने वेस्ट बंगाल के बारे में बताया, ओडिशा में जब बीजू पटनायक जी थे, तब Panchayati Raj system के local body elections में, I am proud to say that Shri Biju Patnaik was, perhaps, the first man in the country, and Odisha, possibly, one of the first States in the country, to have made reservation, in 1992, for women in Panchayati Raj system and Zila Parishad, three tier Panchayati Raj, before the 73rd and 74th Amendment of the Constitution. We did it. And, Shri Naveen Patnaik made it 50 per cent. As Mamataji has done 50 per cent in West Bengal, in Odisha, we have made it 50 per cent. Shri Naveen Patnaik has written a letter to all the leaders of the political parties appealing them to bring a Bill in Parliament in this context, and पार्लियामेंट और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए सीट आरक्षित की जाए। इसके लिए हमने सारी पार्टियों से टाइम मांगा। This is not my allegation. But, we also sought time from Bhartiya Janata Party leader, Amit Shahji. We contacted him at least for five times, but we did not get five minutes' time even to hand over the letter of Shri Naveen Patnaik to Amit Shahji regarding reservation of women in Parliament and Assemblies. I don't know what the reason is. I don't know, Sir, what the reason is. So, this is our mindset, Sir. यहां पर लोगों की यही मानसिकता है। इसलिए जब तक हम इस देश में पॉलिटिकल पार्टियां, पॉलिटिकल पार्टियों के लोग, सरकार में बैठे लोग, हम सबको मिला करके विरोधी पक्ष में बैठे लोग, यह double standards नहीं छोड़ते हैं, तब तक आप जितने Reservation Bills लाइए, कोई फायदा होने वाला नहीं है। अगर हम लोगों की मानसिकता स्वस्थ नहीं है, thought process clear नहीं है, categorical नहीं है, उसमें मैल है, confusion है, तब तक देश आगे नहीं बढ़ सकता है, तरक्की नहीं कर सकता है। So, my sincere appeal is this. I reiterate again and again, we are not against the Bill. We, the Biju Janata Dal, from day one, have said that we are in support of this Bill. We want that this Bill should be passed today. I have no objection. But, Sir, जैसा मैंने पहले कहा, आपकी इस नीति पर हमें कोई विरोध नहीं है, लेकिन आपकी नीयत पर काफी लोगों को संदेह है। जिस

[श्री प्रसन्न आचार्य]

ढंग से, जिस तरीके से, जिस हड़बड़ी के साथ, बिना किसी से पूछे, बिना कोई सलाह-मशविरा किए, बिना अपोज़िशन को confidence में लिए हुए, बिना एजेंडा में लाए हुए, बिना एड़वाइज़री कमेटी में पारित हुए, जिस ढंग से, जिस हड़बड़ी से आप यह बिल लाए हैं, उसके लिए मैं यही कहूंगा कि जब आदमी बीमार पड़ता है और ठीक ढंग से इलाज नहीं करता है, तो बीमारी ज्यादा हो जाती है। ऐसे में उसको आईसीयू की दरकार होती है, एम्बुलेंस की जरूरत होती है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please conclude.

श्री प्रसन्न आचार्य: अब जब इलेक्शन नजदीक आ गए हैं, शायद आप सिचुएशन को संभालने के लिए स्वस्थ नही हैं, इसीलिए आपको एम्बुलेस की जरूरत पड़ी, आईसीयू की जरूरत पड़ी और ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी, ऐसे में यह बिल आपके लिए ऑक्सीजन का काम करेगा, शायद यही आपकी नीयत है। आपकी नीति तो ठीक है, लेकिन नीयत थोड़ी गलत है, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक बार फिर से दोहराता हूं कि इस बिल को मेरी पार्टी, बीजू जनता दल, पूरा-पूरा समर्थन देती है।

श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए आपने मुझे जो अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं सबसे पहले यह बता दूं कि मेरी पार्टी जनता दल (यू) इस बिल के समर्थन में है और हम लोग इसका स्वागत करते हैं। आज इस अवसर पर, इस देश में जो आरक्षण व्यवस्था लागू की गयी है और इसमें हमारे जिन पुरखों ने अहम भूमिका निभाई है, उनके बारे में भी मैं जरूर जिक्र करना चाहूँगा।

सबसे पहले मैं बाबा साहेब का नाम लेना चाहूँगा, जिन्होने शुरू में ही, हमारे जो अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग हैं, उनके लिए सरकारी सेवाओं में आरक्षण की व्यवस्था करायी। आज हम लोग उनको याद करते हैं। दूसरा पड़ाव तब आया, जब पूर्व प्रधान मंत्री वी.पी. सिह साहब थे। तब जो पिछड़ा वर्ग है, उस को सरकारी नौकरियों में 27 परसेंट का आरक्षण मिला। तीसरा बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव आज आया है, जब आज इस देश में जिसको हम लोग पहले unreserved category कहते थे, अगड़ी जाति कहते थे, उनके भी गरीब लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जा रही है। तो यह बहुत ही अहम बात है कि आज जो उस आरक्षण की व्यवस्था की गयी है, जो हमारे अगड़ी जातियों के भाइयों के लिए, बहनों के लिए है, उसका पूरा का पूरा श्रेय इस सरकार को जाता है। इसके लिए मैं सरकार के नेता आदरणीय मोदी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ। पिछड़ो के लिए जो आरक्षण हुआ था, उस समय जिसने नेतृत्व किया था, आदरणीय स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया था, उनको भी हम लोग याद करते हैं। हम लोग इसलिए इसका समर्थन कर रहे हैं कि हमारी पार्टी की जो सोच है और हमारी पार्टी बिहार में जो काम कर रही है, उसको मैं आपके सामने दो मिनट में रखना चाहूँगा।

हम लोग चाहते हैं कि हमारे विकास का यह जो पूरे का पूरा मॉडल है, यह न्याय के साथ विकास है, समावेशी विकास है, इसी को लेकर हम लोग चलते हैं। अभी सब लोग चर्चा कर रहे थे कि साहब, जितने स्थानीय निकाय हैं, हमने महिला आरक्षण में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, तो मैं आपको बता दूँ कि

बिहार इस देश में ऐसा पहला प्रदेश है, जहाँ यह लागू किया गया था और हम लोग तीन चुनाव करा चुके हैं, उसके बाद ही किसी ने इसको लागू किया है। इसके साथ ही, बिहार ऐसा पहला प्रदेश है, जहाँ हम लोगों ने सवर्ण आयोग की भी स्थापना की। चूंकि हमारा समावेशी विकास का कंसेप्ट था, न्याय के साथ विकास का कंसेपट था, अगली श्रेणी के हमारे जितने भी लोग थे, उनके विकास के लिए हम लोगों ने सवर्ण आयोग की भी वहाँ स्थापना की। हम लोगों ने अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए भी आयोग बनाया था, महादलित-दलित के लिए भी हम लोगों ने आयोग बनाया था, लेकिन जो सवर्ण वर्ग है, उसके लिए भी हम लोगों ने आयोग बनाया था। उनकी संस्तुतियाँ आयी और उन पर हमारी सरकार ने कार्रवाई की। बिहार ऐसा पहला प्रदेश होगा, जहाँ मैं बता दूँ कि आज की तारीख में अगर आप देखें, तो हमारे यहाँ '7 निश्चय का प्रोग्राम' है। उस निश्चय को अगर आप देखे, तो अपने आप में बहुत बड़े चेंज की बात उसमें है। उसमें भी हम लोगों ने कही भी जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर कोई भेदभाव नही रखा। मैं एक-दो उदाहरण आपके सामने रखना चाहूँगा।

महोदय, हमारे यहॉ 'स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड' की एक स्कीम है। 4 लाख रुपये, हम लोग 12वी कक्षा के ऊपर जितने हमारे छात्र-छात्राएँ पढ़ने जाते हैं, बिना किसी की जाति या धर्म देखे हम लोग सबको यह देते हैं। हरेक घर में नल का जल हम लोग सब को देते हैं। हरेक गाँव को जोड़ना, टोले को जोड़ना, सबको हम लोग देते हैं। इस तरह की हमारी जितनी भी स्कीम्स हैं, हम सारे लोगों को, हमारे बच्चे-बच्चियों को, हमारे जो बच्चे 9वी क्लास में जाते हैं, तो सब को हम साइकिल देते हैं। उसमें हम लोग किसी की जाति या धर्म नही देखते हैं या किसी का इनकम ग्रुप नही देखते हैं। हमारे यहाँ पोशाक की एक योजना है। हमारे यहाँ एक कन्या उत्थान योजना जो है, उसमें भी अगर आप देखे तो उसमें हम 54,100 रुपये देते हैं। इसमें कही कोई जाति-धर्म की बात नही है। हमारी सोच ही है कि सब लोगो को साथ लेकर चला जाए। तो आज यह एक बहुत बड़ा निर्णय है। पहली बार इसका मतलब समझना बहुत जरूरी है कि आज यह जो निर्णय हो रहा है, इसका आगे जाकर बहुत अच्छा परिणाम आने वाला है। हमारे बहुत सारे साथी कह रहे थे कि साहब, कोई नौकरी नही है। अभी तो हमारे देरेक साहब ने ज़ीरो कह दिया। मैं यह बता दूँ, उनको यह पता होना चाहिए कि बाकी सर्विसेज़ को तो छोड़ दीजिए, जो सिविल सर्विसेज़ हैं, उसी में हजार नियुक्तियाँ हरेक साल होती हैं, तो उसको आप ज़ीरो कैसे कह रहे हैं? कुछ चीजो को देखना जरूरी होता है। इस पूरे के पूरे रिजर्वेशन से आप ऐसा मत समझिए कि बेरोजगारी की समस्या का समाधान हो जाएगा। यह सोच की बात है। लोगों को लगता है और हमारे समाज के जो बच्चे-बच्चियां हैं, उनका एक perceived नोशन था कि हमारे साथ अन्याय होता है, हमें जान-बूझकर इस दायरे से अलग रखा जाता है। उन्हें लगता है कि यह हमारा sense of deprivation है। आज हम जॉब्स की बात क्यों कर रहे हैं, यह सोच की बात है। पूरे के पूरे समाज में पहली बार ऐसा हो रहा है। पहले क्या कहा जाता था कि ये तो कोटे वाले हैं, ये जनरल कैटेगरी वाले हैं। तरह-तरह का stigma लगाया जाता था। अब कम-से-कम सबके लिए आरक्षण हो जाएगा तो पहली बार इस देश में आरक्षण यूनिवर्सल हुआ है, sectional नही, इसे स्वीकार करना पडेगा। दूसरी बात, जो अभी प्रो. राम गोपाल कह रहे थे कि आज तक जो हमारा 49.5 परम्मेंट रिजर्वेशन है, 50 परसेंट पर बैरियर था, लेकिन आप इतने साल सत्ता में रहे, आपने कभी हिम्मत क्यों नही की इस तरह का विधेयक लाने की? प्रो. राम गोपाल ठीक कह रहे थे कि जहा 54 परसेंट आबादी थी, वहां 27 परसेंट पर रिजर्वेशन क्यों रुका था - क्योंकि संविधान में व्यवस्था है कि आप 50 परसेंट से ज्यादा रिजर्वेशन नही दे सकते। आप

[श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह]

उस समय करते। अभी हमारे तमिलनाडु के साथी बता रहे थे कि वहा 69 परसेंट रिजर्वेशन है। आपको अवसर मिला, लेकिन आपने नही किया। अब जब सरकार यह विधेयक ला रही है, आपको लगता है कि इसे हड़बड़ी में करा रही है। मैं कहता हूं कि देर आए, दुरुस्त आए - इसे आप जान लीजिए। यह पूरे का पूरा संविधान का संशोधन है और संशोधन के लिए यह बिल सदन में आया है। आपने एक बार शासकीय आदेशों से कोशिश की थी, वैसा नही है। इसलिए इसमें दम है और यह स्टैंड करेगा। यह आज की परिस्थिति में बहुत जरूरी है ...**(व्यवधान)**... मैं यहा एक सुझाव आपके सामने और रखना चाहूंगा। आज की तारीख में आप देखें कि पूरे के पूरे रिजर्वेशन के बारे में जो सोच है, अभी प्रो. राम गोपाल कह रहे थे, इस बात को मैं इसलिए स्पष्ट कर देना चाहता हूं क्योंकि मैं भी सर्विसेज़ में था, मैं जानता हूं। इस समाज के लोग सिर्फ Secretary level में ही नही हैं, एस.सी., एस.टी. एण्ड ओ.बी.सी. के लोग, एडीशनल सैकेटरी लेवल में भी नगण्य हैं - ऐसा क्यों है? पहली बार उन लोगों के लिए आरक्षण नही है, जो 1994-95 में जाकर इस सेवा में आए। जो 1996 के बाद आए, वे 25 साल बाद जाकर ही Additional Secretary बनेंगे। हम भी IAS में आए लेकिन हम reserved category में नही आए, हम general category में आए। हमारे लिए एक बात जानना बहुत जरूरी है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? इसलिए मैं चाहूंगा कि आगे जाकर जो नियमावली आप इसमें बनाएंगे, एक काम जरूर करें कि जो ओ.बी.सी. के लिए आरक्षण है, उसमें आप देखे कि क्रीमी लेयर है। आपने इसमें 8 लाख रुपए की लिमिट कर दी है। हमारे बहुत से साथी कह रहे थे कि 8 लाख रुपए कैसे कर दिए? आप सोचिए कि जब 8 लाख रुपए की लिमिट ओ.बी.सी. के लिए है, आपने ही रखी है, ठीक रखी है, लेकिन मैं जिस बात की चर्चा करने जा रहा हूं कि जितने हमारे ओ.बी.सी. के बच्चे-बच्चियां हैं, जो हमारे अपर कास्ट के बच जाएंगे, क्या होता है कि जैसे किसी को यू.पी.एस.सी. में परीक्षा देनी है, आप जनरल कैटेगरी में हैं तो आपको कोई Extra Attempt नही मिलता, अगर 30 साल तक आपकी उम्र है। यदि आप ओ.बी.सी. के हैं तो आपको Extra Attempt मिलता है। यदि आप S.C., S.T. के हैं तो आपको Extra Attempts मिलते हैं। इसका रिज़ल्ट यह होता है - आप देखे कि 21 साल से लेकर 40 साल तक के बच्चे कम्पीट करते हैं, अगर कोई बच्चा 40 साल की उम्र में पास हुआ तो वह Secretary कहां से बन पाएगा? कोई बच्चा 30 साल से कर रहा है। आज हो यह रहा है कि जो हमारे general category के बच्चे हैं, जो हमारे O.B.C.कैटेगरी के बच्चे हैं, जो क्रीमी लेयर के ऊपर आते हैं, उनको लगता है कि हमें मौका क्यों नही दिया जा रहा है? मैं सरकार से अनुरोध करूंगा, वैसे इस बिल से मेरा मतलब नही है, लेकिन इस पर जरूर ध्यान दिया जाए कि आगे attempts में आप कोई सीमा मत रखिए। आरक्षण तो आप लोगो को दे ही रहे हैं लेकिन सीमा न रखें क्योंकि जिन बच्चों को आरक्षण नही मिलता है, उन्हें भी जो perceived sense होता है कि हमारे साथ अन्याय होता है, वह नही होगा। इससे उन्हें भी एक अवसर मिलेगा और लोगों में अच्छा मैसेज जाएगा। यह आपको जरूर करना चाहिए। इससे जो हमारे बच्चे जनरल कैटेगरी और ओ.बी.सी. कैटेगरी में रह जाते हैं, जिनके पास मैरिट है, वे भी इसमें आकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही साथ एक काम बहुत जरूरी है कि जहाँ हम सब लोग चर्चा कर रहे हैं, प्रो. राम गोपाल रिज़र्वेशन के बारे में कह रहे थे, उसे भी समझना बहुत जरूरी है। वे कह रहे थे कि 49.5 परसेंट रिजर्वेशन है, 50 परसेंट ओपन है। आज होता क्या है कि बहुत से बच्चे इस बारे में कहते हैं कि मैं तो reserved category में हूं, मेरे मैरिट में ज्यादा नंबर आए हैं, लेकिन हमें reservation का फायदा नही

हो रहा है। आज की तारीख में जो नियम है, उसमें बहुत स्पष्ट है कि आरक्षण के चलते आपने उम्र का फायदा लिया है, कही-कही attempt का फायदा लिया है, कही परीक्षाओं में जहां नंबर की बात होती है, जैसे मैं बता दूं कि यू.पी.एस.सी. में अगर आई.ए.एस. की परीक्षा में कोई जनरल कैटेगरी या ओ.बी.सी. का बच्चा है, उसकी उम्र 22 साल है... और आप यह समझिए कि जनरल की कट ऑफ 122 नंबर पर है और उस लडके के 121 नंबर आते हैं और उसको उसका लाभ मिल गया, फिर भी वह लड़का रिजर्व कैटेगरी में जाता है। इसके चलते होता यह है कि यदि हम एक भी फायदा ले लेते हैं, तो हम रिजर्व कैटेगरी में आते हैं, इससे उस बच्चे के मन में यह बात आती है कि मेरिट में ज्यादा नंबर रहते हुए भी हमें फायदा नही मिला। इसे भी लोगों के बीच बताना चाहिए। इससे बहुत ज्यादा confusion होता है। इसे भी दूर करना चाहिए। इसके बाद जब 59.5 परसेंट आरक्षण हो जाएगा, तब हमारा 41.5 परसेंट बचा रहेगा, तो उसमें इस बात को बहुत ही स्पष्ट रूप से ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please conclude. ...*(Interruptions)*...आपका टाइम ओवर होने वाला है ...**(व्यवधान)**... अभी एक मिनट बाकी है, मैंने इसलिए बोला। ...**(व्यवधान)**...

श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह: सर, मुझे दो मिनट दीजिए। इस चीज को बताना बहुत जरूरी है। आपने बताया कि अभी एक मिनट है, इसमें मैं दो बातें रखूंगा। अभी संविधान में जो संशोधन आया है, उसमें आपने यह ठीक किया है कि educational institutions में private institutions को भी रखा है। मैं यह चाहूँगा कि जो आरक्षण सरकारी नौकरियों में है, उसमें आप private institutions को भी लाए, जो निजी क्षेत्र है, उसमें भी आरक्षण का लाभ हो, जो अब हमारे 59.5 परसेंट reserved लोग हैं, उनको भी आरक्षण मिले। आप यह याद रखिए कि आप लोगों के समय में ही सन 1991 के बाद, जब पूरा का पूरा liberalization का era चला, तब सरकारी नौकरियों में काफी कमी आई और उसी के चलते अब सब जगह outsourcing भी हो रही है, तो अब जब तक outsourcing में और खासकर के प्राइवेट सेक्टर में इन 59.5 परसेंट लोगों का आरक्षण नही देंगे, तब तक लोगों को लाभ नही मिलेगा।

सर, मैं एक अंतिम बात और कहकर अपनी बात खत्म करूंगा। आप सब जगह देख लीजिए, आज की तारीख में हमारे पास Indian Administrative Service है, Indian Foreign Service है, सभी services हैं, लेकिन कई बार पार्लियामेंट में भी यह चर्चा हुई, हम लोगों ने भी इसे इस बार उठाया है कि आज क्यों नही All India Judicial Service की स्थापना हो रही है? जैसे ही आप All India Judicial Service करेंगे, इसमें हमारे 59.5 परसेंट लोगों का रिजर्वेशन लागू होगा और इस judiciary में हमारे एससी/एसटी, ओबीसी और हमारे जनरल बच्चे, जो economically weak हैं, वे भी आएंगे। इससे हमारी पूरी की पूरी judiciary को ताकत मिलेगी और लोगों को लगेगा कि इसमें हमारी भी भागीदारी हो रही है, तो मैं इतना कहकर अपनी बात इस संकलप के साथ जरूर समाप्त करना चाहूँगा कि हम लोगों को बहुत ही ईमानदारी और निष्ठा के साथ, जिस रिजर्वेशन की हम बात कर रहे हैं, उसे लागू करना चाहिए और सभी लोगों को हमेशा इस पर सावधान रहने की जरूरत है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Shri Y. S. Chowdary, you have five speakers. So, you will get only two minutes.

SHRI Y. S. CHOWDARY (Andhra Pradesh): Sir, it's okay. Mr. Vice-Chairman. Sir, bringing this Constitution (One Hundred and Twenty-fourth Amendment) Bill, 2019 is really good, but the irony is that this Bill is brought at the fag end of the Session, particularly when Rajya Sabha has to be extended for a day and the 16th Lok Sabha is almost at the fag end, and only the Vote on Account will take place and nothing. From our Party, we support this Bill, but in order to understand such an important Bill, particularly a Constitution Amendment, it should have been brought much earlier. While bringing this Bill, we also talk about various reservations. From the State of Andhra Pradesh, after duly passing the Resolution from the Andhra Pradesh Assembly, we have recommended a Bill for Kapu reservation. We don't know what the fate of that Bill is. At the same time, I am sure that many States must have sent many Bills. We don't know what their fate is. There is no accountability of pending Bills here. Whatever the Treasury Benches want to bulldoze, they do it. But this is not the right practice to follow in a democratic set-up. Compromising the parliamentary procedures is a very, very bad and sad thing. We may belong to different parties from different States of the country but, when we come to this House, Sir, which is called as 'temple of democracy', we are all one. The nation comes first and the interest of the citizens comes first. But, bringing this kind of Bill in a hurried manner is really bad. Then, the criteria that they have put for EBC is also a bit confusing. Many people get into a lot of domestic management to enter into this. Thereby, as it is, this is not going to help many people. But, it is good. At least, it has come. This Bill is going to help economically backward class people. But, the criteria is definitely not that easy to strictly follow. So, we feel, on behalf of our party, the Telugu Desam Party and our leader Shri Nara Chandrababu Naidu also said, that this kind of Bill should have been referred to a Select Committee for greater deliberations to improve the conditions. Sir, in fact, it reminds me about the buzz word. During 2014, we used to talk about 'demographic dividend'. I do not know where it has gone. What were you doing for the youth all these years? Now, where are the jobs first of all, for all these reservations to get in? That is a big question-mark, Sir. I think whoever is in Government, —political parties may come and go but, the Government is permanent in nature —the time has now come to understand and create a sustainable social infrastructure in this country across the nation so that all the youth can really get better facilities and then they can flourish themselves rather than playing politics with these reservations. So, though we wanted this Bill to be sent to Select Committee but because of the paucity of time, on behalf of Telugu Desam Party, we would like to support this Bill unconditionally. Thank you very much, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you, Mr. Chowdary. Now, Dr. Banda Prakash. He will speak in Telugu.

DR. BANDA PRAKASH (TELANGANA): Sir, thank you for giving me the opportunity to speak on this Constitution (One Hundred and Twenty-fourth Amendment) Bill, 2009. Sir, the Bill aims to provide representation to the economically weaker sections of the Society in education and employment. Sir, our TRS Party under the able leadership of our Chief Minister, a visionary, has highly welcomed every move to make society inclusive and stronger. Therefore, we support the Government's move for undertaking the initiative. Sir, economically backwardness * Sir, in the past we have heard about Social Backwardness. But, for the first time we are giving reservations on the basis of Economic Backwardness. We are all aware that, though the country is plenty in resources we are unable to use them in a proper manner. The fact that even after seventy years of Independence we are discussing this Bill today reflects the failure of the previous Governments which ruled this country for the last seventy years. The previous Governments which ruled this country have always tried to settle their scores but never took interest in the welfare of the common man and the under privileged. Sir, I feel, probably it is because of this reason that this Bill is introduced in the Parliament and discussed in this House today. Sir, if we think in sociological perspective, there are many aspects which were considered for allotting reservations. Based on this the Telangana Government had proposed of 12 per cent reservation for the Muslim minorities and a resolution was passed by the Telangana Assembly regarding the same and sent to the Central Government. The Central Government is still opposing this Bill. There is change in the percentage of population of Scheduled Tribes and Muslim Communities when compared to before and after the bifurcation of the State. After the formation of Telangana State, population of Scheduled Tribes and Muslim Community in the State is 10 per cent and 12 per cent respectively. We made many resolutions and sent them to Central Government stating that the percentage of reservation for these two communities should be given according to their percentage of population. We represented our concerns to the Hon'ble Prime Minister on several occasions. Members of Parliament from both the Houses from our party have demonstrated with regard to this issue. In spite of all these efforts there is no response from the Central Government. I request the Central Government to consider the requests and resolutions made by the Telangana Government before introducing Bills of this kind. I request the hon. Minister to take care of the Bills proposed in the Telangana Assembly and forwarded to the Government of India. I request him once again to please bring them before the Parliament. Sir, Today I bring to your kind notice various issues relating to the State of Telangana. Many of my dear friends participated in the discussion on this Bill and reminded the Government

* English translation of the original speech made in Telegu.

[Shri Y. S. Chowdary]

that many issues relating to reservations are still pending. Women's Reservation Bill is still pending. Why is it still pending? Telangana Government made a proposal for 33per cent reservation for women in the Telangana Assembly and sent it to Central Government for its acceptance. Even Government of India does not have any such for Women's Reservation. At this Juncture I would like to bring to your notice that the State of Telangana is providing 50 per cent reservation for women in local bodies. Sir, 50 per cent of the population, which is women, they are now representing in the local bodies. In all the Panchayati Raj bodies, Municipal Corporations and Municipal Councils, they have 50 per cent representation. Since the last election, we have introduced this Bill in the Telangana State.

Sir, Government of Telangana is providing EBC (Economically Backward Class) Scholarships for the downtrodden people. Even though there is no reservation, we are giving them EBC scholarships since a long time. Students belonging to the Economically Backward Classes are getting scholarships for continuing their education. They are even provided ₹ 20 lakhs as fellowship. If they want to study in foreign countries, we provide ₹ 20 lakhs for the EBC students. Even this time, our Government has taken a decision to provide seats in the *Gurukula Pathshala,* that is, *Ashram* schools, residential schools, providing seats for the EBC students also.

I want to make another request that under the leadership of Shri K. Chandrashekar Rao, we have sent a resolution for 33 per cent reservation in Legislature for the backward classes. Even till today, the Government of India has not approved that 33 per cent reservation in Legislature for the backward classes in Telangana. A number of times, we have requested the Government of India in this regard, and a number of times, we have requested the Prime Minister also regarding the formation of a separate Department for Backward Classes. There should be, at least, a separate Ministry in the Government of India for the Backward Classes. Even after 70 years of Independence, there is no separate Ministry for the Backward Classes in this country. We have a population of more than 60 crores from the Backward Classes, but we do not have a separate Ministry for the Backward Classes in this country.

Again, Sir, our State Government is providing reservation in the nominated posts also, that,, is, in Market Committees, we are providing reservation for SCs and STs.

Finally, Sir, we request the Government of India that we should have a common policy. On the one side, we are saying that we will go for 60 per cent reservation. On the other side, we know the case in Supreme Court where they have limited the total reservation to a maximum of 50 per cent. Recently, even in the local body elections, they have struck

5.00 P.M.

down our request and they have confined the total reservation upto 50 per cent. That is why, we are now providing only 24 per cent reservation in the local bodies for the backward classes as against 34 per cent which we were providing earlier.

I request the hon. Minister to see the details carefully whether it is possible to go beyond 50 per cent limit. Countrywide, if you look at different States, subject to correction, I would like to quote some figures. In Haryana, they have 70 per cent reservation: SCs - 20 per cent; BCA - 16 per cent; BCB - 11 per cent; MBC - 10 per cent; Economically Backward Class - 10 per cent; PHC - 3 per cent. In Tamil Nadu, they have 69 per cent reservation: SCs - 18 per cent; STs - 1 per cent; BC - 30 per cent; MBC - 20 per cent. In Maharashtra, they have 68 per cent. Recently, they have added another 10 per cent. Even without that, it is 68 per cent.

In Jharkhand, we are having 60 per cent reservation, that is, 11 per cent for Scheduled Castes, 27 per cent for Scheduled Tribes and 22 per cent for Other Backward Classes. In Rajasthan, we are having 54 per cent reservation, that is, 16 per cent for Scheduled Castes, 12 per cent for Scheduled Tribes and 26 per cent for Other Backward Classes. In North-Eastern States, we are having 80 per cent reservation for Scheduled Tribes and 20 per cent for others. Sir, only in Telangana and Andhra Pradesh, we are having only 50 per cent reservation that is, 29 per cent for Backward Classes, 15 per cent for Scheduled Castes and 16 per cent for Scheduled Tribes. We are repeatedly requesting the Government that according to the population of SCs and STs in our State, you should increase the reservation. But, on the pretext that it is crossing the fifty per cent mark, the Government of India is not allowing us to increase the reservation. In this regard, we request the Government of India, either to make a common policy for the entire country stating the percentage of reservation we should have, or, otherwise, delegate the powers to the State Governments. The State Governments should have a prerogative on the demographic conditions and the population conditions of their respective States. Sir, we are having a large number of Backward Classes population and minority population in Telangana. A number of times our hon. Chief Minister has mentioned on the floor of the House also that almost 90.65 per cent of the population of Telangana belongs to Backward Classes, Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Minority communities, only 9.5 per cent belongs to the upper castes. Now, we are going to give 10 per cent reservation to the upper caste. We request to the Government that we should have the liberty to give reservation to other communities as per their population. I want to bring it to the notice of this House that while Mandal Commission had given only 27 per cent reservation to the Backward Classes, why is it that the total

[Shri Y. S. Chowdary]

population of about 52 per cent is having reservation of only 27 per cent? It is because the number should not cross 50 per cent as the total Central reservation is confined to 49.5 per cent. So, I request the Government of India to make a policy and delegate the reservation policy. State reservation should be under the control of State Governments only and whatever Central Reservation you want to mark, you please take a note of that. Otherwise, it is very difficult for the States to make a reservation policy of their own. ...*(Time-Bell rings)*...

Sir, finally, I want to request that the reservation policy should be more effective and standardised according to the needs of the society. Sir, caste-based reservation should be given on the basis of their population. The Government should give clear-cut directions to implement the reservation policy. Sir, finally, we are proposing some amendments to the Bill. We also want to remind the Government to support the Telangana Reservation Policy and approve all our pending Bills and co-operate with us. Thank you.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. The next speaker is Shri Elamaram Kareem. You have two speakers from your party. So, you have only nine minutes. Please stick to your time.

SHRI ELAMARAM KAREEM (Kerala): Sir, the Bill which we are discussing here to accord 10 per cent reservation to the economically weaker sections among the general category is an electoral ploy. Government is not sincere in giving any protection to down trodden people. This decision has come a day before the current Session of Parliament is scheduled to end with an eye on the forthcoming general elections. It is also an admission of the abject failure of the Modi Government to create employment in the past four-and-a-half years. This issue has been under discussion since Mandal Commission days. The CPI (M) had then said that and continues to maintain that such a measure is required. This Bill, however, has come before us without any consultation. Particularly, the criterion to determine the beneficiaries of such a step has been fixed for those having their family incomes less than ₹ 8 lakhs per annum and the other criterion raises the question, whether the reservation will really benefit the deprived. The two-days' countrywide general strike of the workers, that began yesterday, continues till today. They are demanding guaranteed minimum wages of ₹ 18,000 per month. If it is agreed, their annual income will be ₹ 2,16,000, but, unfortunately, it is not agreed to. Even then, those workers who are earning lesser amounts for their work, they will not be entitled to the reservation according to the criterion. Sir, the Modi Government refused to act on this issue all these years. The timing of the present Bill expresses the BJP-led

NDA Government's desperation to muster support for its electoral fortunes after its defeat in the recently-held assembly elections in five States. The policies pursued by this Government have, instead of generating employment, led to loss of existing jobs. Sir, the recently published Centre for Monitoring Indian Economy Report reveals that more than one crore employment is lost due to demonetisation. Sir, in the industries, due to mechanisation, robotisation and introduction of artificial intelligence, employment is getting reduced. Where will this reservation bring benefit to the poor section? That is my question.

Sir, the existing quota for SC, ST and OBC is not being filled up. Benefits of reservation are increasingly eroded by pursuit of aggressive neo-liberal policies and by keeping the private sector outside its purview. Sir, in the Statement of Objects and Reasons of this Bill, the Government has stated that, at present, the economically weaker sections of the society have largely remained excluded from attending the higher educational institutions and public employment on account of their financial incapacity to compete with other persons. Sir, whether, with this reservation, this situation can be changed; and, whether, with this reservation, the economically poor sections can be uplifted, are the questions. My answer is 'no'.

Sir, the architects of our Constitution, our former national leaders while formulating the reservation policy in the Constitution said that only with this reservation, the caste oppression or deprivation will not come to an end, and, so, along with that, land reforms, economic reforms are also needed. What have our rulers done? What is the condition of our country today? Sir, take the example of Kerala. Kerala is number one amongst all Indian States in Human Development Index. Sir, the life expectancy in Kerala is 75 years of age while our national average is 64. Literacy rate is highest in Kerala. The Infant Mortality Rate in Kerala is the lowest and their living conditions are at par with the developed countries. How did we achieve this? It was achieved not just with reservation. We are giving 50 per cent reservation to the SC, ST and OBC but the Government of Kerala from 1957 brought in land reforms, developed public education system, developed the public distribution system, protected the labour rights, implemented labour welfare measures, empowered women and strengthened people's participation in administration. Such policies have developed the Kerala State. What has happened to other States in the rest of the country? The Bourgeoisie ruling class and their policies are the reason for the poor condition of vast majority of our people.

According to the Human Development Report, our nation has 130th position in the Human Development Index out of 189 countries in the world. During the BJP Government's period, the development is for corporates and for business, not for the

[Shri Elamaram Kareen]

poor. India added 17 new billionaires last year raising their number to 101. The vast majority of Indian people are living with ₹ 32 per head which they are spending per day. Indian billionaires' wealth increased in 2017 by 4,891 billion.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Mr. Kareem, there is another speaker from your party.

SHRI ELAMARAM KAREEM: Sir, I am concluding. Sir, 73 per cent of the wealth generated last year went to the richest one per cent. But 67 crore Indians, who comprise the poorest half of the population, saw only one per cent increase in their income. That is the condition. How can we uplift the poor from their deprivation? While we are supporting the principle of this Bill, this will not serve the purpose. The Government will surely know this that it will not survive the judicial scrutiny. They are not concerned about that. They are concerned about the propaganda for coming election only. People know who you are and what was your action for four years and a half. I am sure they will uplift you to the gallery of this House in the coming election. Thank you, Sir.

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, I have a request. I made a request to the hon. Deputy Chairman in the morning that this should be treated as my maiden speech. सर इसे मैंने बहुत बचा के रचा था। मैंने सोचा था कि जिस दिन प्रधानमंत्री जी होंगे, उनके सामने बोलूंगा और शिकायतों का पिटारा खोलूंगा। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया, 'ये न थी हमारी किस्मत कि विशाल-ए-यार होता'। Sir, can be treated as my maiden speech?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBNESWAR KALITTA) : You start your speech.

PROF. MANOJ KUMAR JHA : Thank you so much, Sir. सर, 124वें संविधान संशोधन विधेयक के विपक्ष में, मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सदन को भी बताना चाहता हूं और सड़क पर भी लोगों को बताना चाहता हूं कि हम विपक्ष में क्यों हैं। हम सामाजिक न्याय और बहुजन चिंतन करने वाले दल हैं। हमारे नेता जो आज कई प्रताड़नाओं से गुजर रहे हैं, उसकी पैरोकारी में सबसे आगे थे, बहुत सारी मंजिले बाकी थीं। एक छोटी मंजिल हासिल हुई थी, लेकिन लोग हमसे पूछते हैं कि आपकी पोज़िशन क्या है? हमारी पोज़िशन बड़ी साफ है। यहां पर माननीय मंत्री महोदय हैं और कई मंत्री महोदय थे। सर, हमारी पोज़िशन है कि आप Constitution के basic structure के साथ छेड़-छाड़ कर रहे हैं। Article 15 to be read with clause 4 and Article 16 to be read with clause 4. सर, कई दिनों तक चर्चा हुई थी, जब ये दोनों आर्टिकल बने थे, इसी सेन्ट्रल हॉल में कई दिनों तक चर्चा हुई थी और आज हमने चंद घंटे निर्धारित कर दिए और कहा, इसकी आत्मा को मार दो। इसकी आत्मा का कत्ल कर दो। सर, ऐसा नहीं होता है। सर, ऐसे नीति और नीयत की बात हुई है। हमें तो नीति पर भी ऐतराज़ है और नीयत पर भी एतराज़ है। ...**(व्यवधान)**...

डा. अनिल अग्रवाल: सारा का सारा खत्म करवा दो। ...**(व्यवधान)**...

श्री नीरज शेखर (उत्तर प्रदेश): सर, उनको बताइए कि maiden speech के बीच में नहीं बोला जाता है। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): कृपया शांत रहिए। हमारे पास इसके लिए टाइम नहीं है। Cross talk मत कीजिए।

प्रो. मनोज कुमार झा: माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने कभी किसी पर टीका-टिप्पणी नहीं की। जब अंदर बहुत दर्द हुआ, तब भी टीका-टिप्पणी नहीं की। अभी तो मैंने दर्द वाली कोई बात ही नहीं की थी। मैं तो सीधे तौर से आपसे कहता हूं कि आरक्षण खत्म कर देंगे, जाति को खत्म करो पहले।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Prof. Jha, you don't address him. You address the Chair and continue the speech.

प्रो. मनोज कुमार झा: सॉरी सर, मैं ऐसा करता नही हूँ, न जाने आज क्या हो गया? सर, बचपन से एक कहानी पढ़ी है, हम सब ने पढ़ी होगी। अक्सर कहानी में होता था - एक गरीब बाह्मण था। सर, कभी सुना है कि एक गरीब दलित नाम की कहानी हो, एक गरीब कुम्हार था, एक गरीब मल्लाह था, एक गरीब ठाकुर था, एक गरीब यादव था, एक गरीब कुर्मी था, क्योंकि उसके लिए कहानी नही बन सकती, वह हकीकत है, क्योंकि fictional चीजों पर कहानियां बनती हैं और हमसे उम्मीद की जाती है कि हम यहां पर बैठकर मध्य रात्रि की robbery पर मुहर लगा दें। Midnight robbery has to be stamped. We will not do that. इसलिए नही करेंगे, बावजूद इसके हमारे बारे में भ्रांतियां फैलायी जा रही हैं। सर, एक Leonard Cohen का गाना है, 'Everybody knew that the boat was leaking; everybody knew that the Captain lied.'आप चाहते हैं कि हम चीयर लीडर बन जाएं। हम गाना गाने लगें, उस orchestra और उस chorus में शामिल हो जाएं, नही सर। हम बाबा साहेब के मुरीद लोग हैं, हमने संविधान सभा की बैठकों से प्रेरणा ली है। संविधान सभा की बैठक की आत्मा थी कि एक-एक आर्टिकल पर बात हुआ करती थी - मैं, मेरा, मुझको, पहले यह जुबान नही थी कि साहब तेरे सुबह की जय, साहब तेरे शाम की जय, ऐसे संवैधानिक रिवायतें नही चलती हैं, ऐसे मुल्क नही चला करता है। चला करता होगा कोई और मुल्क राजतंत्र की व्यवस्था में, लेकिन प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जब-जब किसी व्यक्ति के इर्द-गिर्द ताना-बाना बुनोगे, व्यवस्था लहूलुहान होगी। नीति और नीयत दोनों जमीन पर औंधे मुंह खड़े मिलेंगे।

सर, मैं तीन अप्रैल से यहां आया हूं। कई दफा जाति पर सदन में चर्चा हुई है। हमारे एक साथी कह गए कि गरीबी की कोई जाति नही होती है। मैंने इसी सदन में कहा है कि यह शायराना लगता है, काव्यात्मक लगता है, सुनने में अच्छा लगता है। सर, सच तो यह है कि जातियों में गरीबी है। कही पर एक सैम्पल सर्वे कर लीजिए करीब 100 लोगों का, उसमें से ओबीसी, एस.सी./एस.टी. के 90 लोग मिलेगें या उससे ज्यादा मिलेंगे, तब आप कहोगे कि गरीबी की कोई जाति नही होती। सर, हिन्दी फिल्मों के डायलॉग पर बात नही होनी चाहिए। सर, अक्सर हम इस तरह की चीजों को कहते हैं और तालियां बजती हैं। सर, आरक्षण के बारे में न जाने कितनी दफा बात हुई है तमाम लोग जानते हैं, हमारे मंत्री महोदय रामविलास पासवान जी भी जानते हैं। सर, आरक्षण आमदनी बढ़ाओ योजना नही है। आप संविधान सभा की बैठकों को पढ़िए, चर्चा सुनिए, उसमें बाबा साहेब क्या कहते हैं - barbourism की बीमारी का जिक्र करते हुए कहते हैं कि ऐसी व्यवस्थाएं, ऐसी बातें वही लोग करते हैं, जिनको समझ नही है। सर, यह Income generation programme नही है। यह मनरेगा की तरह poverty alleviation programme नही है। हमने आरक्षण को मनरेगा की श्रेणी में ला दिया है, ऐसा नही होता है। सर, आरक्षण प्रतिनिधित्व का मामला है और जिनको आरक्षण से गुरेज है, अभी भी प्रतिनिधित्व देख लीजिए और प्रो. राम गोपाल यादव बता गए। सर, कैबिनेट से शुरू कीजिए और संसद के आखिरी पायदान तक

[प्रो. मनोज कुमार झा]

आइए, आपको पता चल जायेगा कि जाति व्यवस्था का असर कितना है। सर, Constituent Assembly debates का volume 9 है, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आग्रह करूंगा कि हमारे भाजपा के लोग, विपक्ष के लोग, सब लोग उसको पढ़ें। सर, एक बार जानना चाहिए कि कैसे कद के लोग थे और क्या सोचते थे, कैसे सोचते थे? इस तरह की सोच नही थी कि अचानक में एक व्हाट्सएप फारॅवर्ड आया, मैंने तो इनका Statement of Objects and Reasons आखिर में बोलने के लिए रखा था, लेकिन उसे अभी पढ़ देता हूं। सर, अगर मैं इसको rename करूं, तो कहूंगा rename as Statement of Subjects and Unreasons. सर, आप opening line पढ़िये, "At present, economically weaker sections of citizens..." कहां से यह ज्ञान पाया भाई? कहां पर बंट रहा है इतना बड़ा ज्ञान? हमें तो नही मिला। सर, जब मंडल कमीशन आया था, वॉल्यूम एंड दस्तावेज के साथ आया था, जातियों के आकड़े आये, जातियों की सत्ता आई और तब कहां गया कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट का एक bar है कि 49.5 परसेंट, 50 परसेंट को exceed नही करेगा, इसके बावजूद कि आबादी 52 परसेंट थी, 27 परसेंट निश्चित कर दिया गया।

सर, अगर ढाला उठाया है, तो ढाला ऐसा मत करो कि एक ट्रेन को गुजरने के लिए करो। जो सारी ट्रेन्स ओबीसीज़ की हैं, एस.सी./एस.टीज़ की हैं, उनके संबंध में फैसला कीजिए और यह फैसला ऐतिहासिक होगा। संसद संकीर्ण दायरे में सोचने के लिए नही बनी है। मैं तो भाजपा के साथियों से आग्रह करूंगा... मैं तो भाजपा के साथियों से आग्रह करूंगा कि आप में से कई लोग सेंट्रल हॉल में मिलते हैं। आपके अंदर पीड़ा है, मैं जानता हूं, आप परेशान हैं, क्योंकि विचार के गुच्छे के आधार पर, मैं किताब का पूरा नाम नही ले रहा हूं, एक किताब है। बड़ी मशहूर किताब है। मेरे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने, वर्ष 2015 के चुनाव मे बिहार के गांव-गांव में बता दिया था कि ...**(व्यवधान)**... मैं नाम ले ही नही रहा हूं। मैं नाम नही लेना चाहता हूं कि ये थॉट्स किस बंच से निकल कर आ रहे हैं, जिस पेड़ में ही दोष है, उन थॉट्स के आधार पर निर्णय ले रहे हैं। कौन-सा दस्तावेज है, जिसने आपको यह बता दिया? ...**(व्यवधान)**... मैं तो आज किसी से हंस कर कह रहा था, यदि मैं विश्वविद्यालय की नौकरी में नही होता, माफी के साथ कहता हूं, सर एफिडेविट गवाह है, 1000 स्केयर फीट का मकान मेरे पास नही है। मै भी इसके लिए एलिजिबल हो जाता। ये कौन-सी सोच है और कौन-सी समझ से इन चीजों को ला रहे हैं?

मूलत: आप एक-एक कदम बढ़ रहे है। आपके बारे मे मुझे हमेशा एक चीज़ बहुत अच्छी लगती है और मैं तारीफ करता हूं, पुरानी फिल्म में एक गाना है- "ठहरे हुए पानी मे कंकर न मार।" आप ठहरे हुए पानी में ककड़ मारते है और देखते हैं कि तरंग कैसी पैदा हो रही है। Waste test कर रहे हैं। आपने 10 परसेंट का कंकड डाला और देख रहे हैं कि तरंग कैसी पैदा हो रही है। सर, ये तरंग आपको लील जाएगी। आज जो लोग चुप्पी साधे हुए है, चाहे कही बैठे हुए हों, यह रास्ता तय हो रहा है कि जातिगत आरक्षण को खत्म कर दिया जाए, क्यों नही सदन समवेत् स्वर में ऐसा फैसला करे? मैने तो इस बारे में अमेंडमेंट लगाया था। मेरा दुर्भाग्य कई चीजों में रहता है। इसमें भी दुर्भाग्य था। मैनें और मेरे एक साथी ने अमेंडमेंट लगाया था, लेकिन वह amendment accept नही हुआ। क्यों नही ...**(समय की घंटी)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Your time is over. ...*(Interruptions)*...

प्रो. मनोज कुमार झा: सर, यह मेरी maiden speech है। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): No, no. ...*(Interruptions)*...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, give me two minutes to conclude. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Just one minute. ...*(Interruptions)*...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, give me two minutes to conclude. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): This is not your maiden speech. Your maiden speech was given on 19.7.2018 on the Prevention of Corruption Bill. ...*(Interruptions)*...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: No, Sir. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): You have made your. ...*(Interruptions)*...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: No, Sir. ...*(Interruptions)*... I beg to differ. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): That is what the record says. ...*(Interruptions)*...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, I beg to differ. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Anyway, please conclude. ...*(Interruptions)*...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, I have complained about it. I have said it. I have never used it. सर हाउस में मेरा ऑन रिकॉर्ड बयान है कि मैं प्रधान मंत्री के सामने बोलना चाहता था। अब वे उस समय आए नहीं, तो मैं क्या करूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please conclude. ...*(Interruptions)*... please conclude in two minutes....*(Interruptions)*...

प्रो. मनोज कुमार झा: सर, सिर्फ दो मिनट लूंगा। बहुत महत्वपूर्ण मसला है। मैंने संविधान सभा की बैठकों का ज़िक्र किया था। आज कई अखबार सभी ने पढ़े होंगे। सर, Backwardness को लेकर के

[प्रो. मनोज कुमार झा]

उसे define कर रहे हैं, इतनी समझ का अभाव कैसे हो सकता है? सर, इस मंत्रिमंडल में बड़े विद्वान मंत्री हैं। शायद उनकी सुनी नहीं जाती है या वे बोल नहीं पाते हैं। सर, अगर अच्छे वकील कोई भी होते, constitutional untenability and legal untenability, दोनों के आधार पर इसे खारिज किया जा सकता है, लेकिन यह पूरी की पूरी सरकार WhatsApp पर चल रही है। मैं आपके समक्ष एक बात कहना चाहता हूं कि अगर ये इतना ही चाहते हैं, तो निजी क्षेत्र को हाथ लगाने में इन्हें क्यों डर लग रहा है, निजी क्षेत्र कौन-सा निजी होता है? निजी क्षेत्र कोई निजी नहीं होता है। निजी क्षेत्र का मूल चरित्र है कि आप उसे तमाम तरह की राहतें देते हैं, लेकिन यहां आरक्षण देने में क्यों चुप्पी साधकर बैठे हुए हैं? मेरा निवेदन है कि हाथ बढ़ाइए और उनसे भी कहिए।

महोदय, मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि आप जातिगत जनगणना के आंकड़ों पर क्यों कुंडली मारकर बैठे हुए हैं? आपको क्यों डर लग रहा है? क्या ओबीसी की आबादी 65 से 68 प्रतिशत है, क्या एससी और एसटी की आबादी ज्यादा है और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी की हमारी मांग फिर से चल पड़ेगी, यह बात आपको डरा रही है? महोदय, मैं एक आखिरी टिप्पणी करना चाहता हूं। मुझे यह सुबह-सुबह मुश्किल से हासिल हुआ है। इस पर गौर फरमाया जाए। इसका रंग भी मिलता-जुलता है। सर, इसे झुनझुना कहते हैं। आमतौर पर यह बजता है, लेकिन इस दौर में यह झुनझुना सत्ता प्रतिष्ठान के पास है। यह हिलता है, लेकिन बजता नहीं है। ...**(समय की घंटी)**... सर, मैं खत्म कर रहा हूं। सर, अब आखिरी टिप्पणी है। मैं खत्म कर रहा हूं। हमारा, एकमात्र ऐसा दल है, जो खुले आम विरोध कर रहा है। हम कह रहे हैं कि आप पिछड़ों के विरोधी, Anti-backward और एंटी-दलित हो और हम यह डंके की चोट पर कह रहे हैं। आपकी मनसा, वाचा और कर्मणा में ये चीज़ें हैं।

महोदय, मैं आखिर में यही कहना चाहूंगा कि-

"हुज़ूम देखकर रास्ता नहीं बदलते हम, किसी के डर से
चाहे कोई हो, तकाज़ा नहीं बदलते हम"

सर, जय हिन्द कहने से पहले मैं फिर से एक बात और कहना चाहता हूं। एक शेर था-

"ऐ आबे-रूदे-गंगा, वो दिन हैं याद तुझको,
उतरा तेरे किनारे जब कारवां हमारा।"

यह सिंध से शुरू हुआ है। अगर इधर से इस पर वाह-वाह की गई है, तो मुसलमानों को भी गले लगा लो भाई। यह नहीं हो सकता। ...**(व्यवधान)**... गले लगाओ। ...**(व्यवधान)**... इस मुल्क का सिर्फ नक्शा कागज़ पर नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you very much. Now, the next speaker is....

प्रो. मनोज कुमार झा: यह मुल्क इंसानों से सजता है। ...**(व्यवधान)**... यह मुल्क इंसानों से बनता है। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): I am calling the next speaker.

प्रो. मनोज कुमार झा: यह मुल्क ...**(व्यवधान)**... समृद्धि के पाँच टापू ...**(व्यवधान)**... नहीं तय करेंगे। ...**(व्यवधान)**... यह मुल्क अवाम तय करेगी ...**(व्यवधान)**... दलित मुस्लिम पर चुप्पी क्यों? ...**(व्यवधान)**... दलित क्रिश्चियन पर चुप्पी क्यों? ...**(व्यवधान)**... सर, आपकी चुप्पी हमें आपराधिक लगती है ...**(व्यवधान)**... शरीके गुनाह लगती है ...**(व्यवधान)**... शुक्रिया, जय हिंद!

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Now, the next speaker is Dr. Narendra Jadhav.

श्री रामविलास पासवान: सर, हम 1989 में मंत्री थे और जब वी.पी. सिंह जी की सरकार बनी, तो उस समय मंडल कमीशन को लागू किया गया ...**(व्यवधान)**... उस समय भी हम लोग चाहते थे कि कि economic आधार पर हो। लेकिन जैसा कि कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट देख रहा था 16(4) को और उसमें नही था। अब तीसरा जो मामला है, वह आर्थिक आधार का है। जितने भी political parties के लोग हैं, हर political party ने हमेशा से कहा है कि जो आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े हुए लोग हैं, उनको भी विशेष अवसर मिलना चाहिए। आरक्षण का मतलब विशेष अवसर होता है। जितने भी लोग हैं, BSP में जितने भी नेता हैं, सतीश चन्द्र मिश्रा जी, समाजवादी पार्टी में थे, जनेश्वर मिश्रा जी, हम लोगो

[श्री रामविलास पासवान]

की पार्टी में चाहे मधु लिमये हों, मामा बालेश्वर दयाल हो, एस. एम. जोशी हो, राजनारायण जी हों, ये सारे के सारे लोग ऊंची जाति के लोग थे और उन लोगों ने कहा था कि ऊंची जाति के लोगों को, पिछड़ी जाति के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए जब 100 में 60 का नारा दिया था, तो पहले कहा कि इनको नमक बनना चाहिए, फिर उन्होंने कहा कि नमक अपने ऊपर घमंड न कर बैठे कि हम ही स्वाद को बनाते हैं बिगाड़ते हैं, तो उनको खाद बनना चाहिए। वे खाद बनकर रहे और खाद बनकर इन्होंने मायावती को आगे बढ़ाया। उन लोगों ने हम लोगों को आगे बढ़ाया, कांग्रेस पार्टी ने, हर पार्टी के लोगों ने ...**(व्यवधान)**...

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, मैं आपसे अदब के साथ कहना चाहता हूं कि जो सदन में नही है, अगर आप उनका नाम ले रहे हैं तो अदब से लें ...**(व्यवधान)**...

श्री रामविलास पासवान: अच्छा ठीक है, "बहन जी"।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: आपको मालूम होना चाहिए कि बहन मायावती जी ...**(व्यवधान)**... और आप इस तरह से अगर बात कर रहे हैं ...**(व्यवधान)**... सोच समझकर बात करिए। ...**(व्यवधान)**... आप गलत तरीके से मत बोलिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रामविलास पासवान: जी, ठीक है। Sorry आपने कह दिया ...**(व्यवधान)**... मेरी प्यारी बहन मायावती जी, जिनको आप लोगों ने ...**(व्यवधान)**...

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: आप उनकी वजह से वहा बैठे हुए हैं, ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय मिश्रा जी और अन्य माननीय सदस्य, आप अपनी सीटों पर बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... माननीय पासवान जी की बातों के अलावा और कोई बात रिकार्ड में नही जाएगी। ...**(व्यवधान)**... कृपया बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रामविलास पासवान: माननीय उपसभापति जी, मैं कहना नही चाहता हूं कि मैं संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से 1969 में MLA बना था और यह पचासवां साल है। ...**(व्यवधान)**... यदि कोई हमें कहते हैं कि फलां आदमी हमें राजनीति में लाया है, तो मैं नही कह सकता हूं। यह recorded चीज़ है कि मैं 1969 में MLA बना और आज 50 साल हो रहे हैं। कौन लाया, किसको नही लाया, हम इस पर नही जाना चाहते हैं। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि हर पार्टी में जो ऊंची जाति के लोग थे, उन लोगों ने आज तक खाद बनने का काम किया है और उन लोगों ने हमेशा ही अपनी ही जाति के लोगों से गाली सुनने का काम किया। यदि आज ऊंची जाति के गरीब लोगों के लिए, जिनके पास आजादी के समय में 10 बीघा जमीन थी, आज उसके पास 5 कट्ठा जमीन है, वे भी आज गरीब हो गए हैं और संविधान में जो गरीब की बात की जाती है और हमेशा confrontation होता रहता था... जब दलितों के आरक्षण का मामला आया था ...**(व्यवधान)**... सब लोग मंडल कमीशन के समय में कहते थे कि मंडल कमीशन को आप क्यों सपोर्ट करते हो? हम लोगों ने कहा कि डबल लॉक लगेगा, नही तो कोई आरक्षण खत्म कर देगा। हम लोग मिलकर लड़े। आज ऊँची जाति के गरीब लोगों का मामला आया है ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN: Did your party support Mandal Commisison? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Rangarajanji, you are a very senior Member. Please sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: हम सब लोगों का फर्ज बनता है कि ...**(व्यवधान)**... हम सब लोग मिलकर के ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN: Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*... I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: मैं मंडल कमीशन के समय मंत्री था। ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN: Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes; yes. I will come to you, let him finish first. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: उपसभापति जी मैं यह कहना चाहता हूं कि जो लोग ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN: Let the Minister answer to my. ...*(Interruptions)*... I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: मैं राजनीति नहीं करना चाहता हूं, लेकिन जब नरेन्द्र मोदी जी का सवाल आता है ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN: Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have told you, I will come to you, Mr. Rangarajan. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: जब नरेन्द्र मोदी जी का सवाल आता था, तो ये सब लोग कहते थे कि नरेन्द्र मोदी दलित विरोधी हैं, पिछड़ा विरोधी है। ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN: Sir, I have a point of order under Rule 239. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: जब हम लोगों ने दलित ...**(व्यवधान)**... जो सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दिया ...**(व्यवधान)**... सुप्रीम कोर्ट ने वही जजमेंट दिया, जो बीएसपी की नेता सुप्रीमों ने अपने 2007 में, जब वे मुख्य मंत्री बनी थीं, उन्होंने कहा था कि इसका मिसयूज़ हो रहा है ...**(व्यवधान)**... इसमें संशोधन होना चाहिए और गिरफ्तारी के पहले इसकी जांच होनी चाहिए, उसी आधार पर उन्होंने दिया। ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN: Mr. Deputy Chairman, Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes; yes. I will come to you. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: जब नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने ...**(व्यवधान)**... इसको पास करके दोनों सदन में ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will come to you. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: उसके खिलाफ में कुछ लोगों ने आंदोलन करना शुरू किया, तब आप लोगों ने चुप्पी लगा ली। उस समय आप लोग उनसे बोले नहीं कि क्यों आंदोलन कर रहे हो? ...**(व्यवधान)**...

SHRI T.K. RANGARAJAN: Mr. Deputy Chairman, Sir, I seek your protection. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: इसीलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कहना आसान होता है और करना बड़ा कठिन होता है। ...**(व्यवधान)**... इसीलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यदि नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, तो इस सब के साथ में दलित भी है, आदिवासी भी है, पिछड़ा भी है, अल्पसंख्यक भी है। ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI KANIMOZHI: Sir, Rangarajanji wants to raise a point of order.

श्री रामविलास पासवान: सर, बहुत हल्ला हो रहा था, बहुत हल्ला हो रहा था - राम मंदिर, राम मंदिर, राम मंदिर ...**(व्यवधान)**...

SHRI T.K. RANGARAJAN: Sir, we seek your protection. ...*(Interruptions)*... We seek your protection, Sir. ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: प्रधान मंत्री जी ने सीधे कह दिया कि सुप्रीम कोर्ट में मामला है और जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला होगा, वही हमको मान्य होगा। उसके बाद जब प्रधान मंत्री आये थे, तो उन्होंने कहा था कि यह संसद हमारा मंदिर है और संविधान हमारा घर है। ...**(व्यवधान)**... हम न हिन्दू हैं, न मुसलमान हैं। ...**(व्यवधान)**... इसलिए हम कहना चाहते हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया अपनी सीट पर बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रामविलास पासवान: कांग्रेस के मनमोहन सिंह जी को मैं नहीं जानता हूं कि वे किस जाति के हैं, लेकिन मैं जानता हूं कि ऊंची जाति के लोग रहे हैं और सारे ऊंची जाति के होने के बावजूद भी, उन्होंने ऊंची जाति के लिए आरक्षण की बात नहीं की है। ...**(व्यवधान)**... आज एक गरीब का बेटा, पिछड़ी जाति का बेटा यदि ऊंची जाति के गरीब लोगों के लिए आरक्षण की बात कर रहा है, तो पेट में दर्द हो रहा है। यह आरक्षण दलित, आदिवासी और पिछड़ों के आरक्षण को काटकर नहीं हो रहा है। यह अलग से दिया जा रहा है। इसलिए हम सब लोगों से आग्रह करना चाहते हैं कि आप लोगों के मन

को टटोलिये। कल से यह मामला आया है, तो सामाजिक समरसता इस तरीके से समाज में हो गई है कि ये सब लोग, एक साथ दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, ऊंची जाति के गरीब लोग, सब लोग एक साथ मिलकर सरकार की वाहवाही कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... हम लोग चाहते हैं, हम जरूर चाहते हैं कि यह जो 60 परसेंट आरक्षण है, इस 60 परसेंट आरक्षण के खिलाफ में कोई आदमी सुप्रीम कोर्ट में नहीं जाये। ...**(व्यवधान)**... उसके लिए हम लोग चाहते हैं कि इसको संविधान की 9वीं सूची में डाला जाए।

हम यह भी कहना चाहते हैं कि यदि नौकरियां कम हो रही हैं, तो निजी क्षेत्र में आरक्षण हो, हम यह भी जानते हैं कि judiciary की एक Indian Judiciary Service बनाई जाए, जिसमें हर तबके के लोगों को, जिनमें दलित, पिछड़ी और ऊंची जातियों में जो meritorious लोग हैं, उन्हें भी आने का मौका मिले। ...**(व्यवधान)**...

SHRI T.K. RANGARAJAN: Mr. Deputy Chairman, Sir, ...*(Interruptions)*...

श्री रामविलास पासवान: इसलिए आज यह बिल आया है, इसे आप पास कर दीजिए और आर्शीवाद दीजिए कि फिर दोबारा NDA की सरकार बनेगी, नरेन्द्र मोदी प्रधान मंत्री बनेंगे और इन चीज़ों को हम लागू करेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं सतीश चन्द्र जी को बोलने के लिए आमंत्रित करूं, उससे पहले point of order को लेना चाहता हूं। प्रो. मनोज कुमार झा, मैं आपकी तरफ भी आऊंगा। ...**(व्यवधान)**...

SHRI T.K. RANGARAJAN: Sir, I have a point of order.

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, under Rule 239, hon. Minister जब अपनी बात कह रहे थे, तो उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के पक्ष को गलत ढंग से प्रस्तुत किया। सर, हमारे नेता ने एक-एक मुद्दे का लोक सभा में विरोध किया और voting भी आपके favour में नहीं की थी। इसलिए मैं रामविलास पासवान जी से सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि आपने बहुत काम किया है, लेकिन Wordsworth की एक कविता है- *...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: हो गया, आपका Point of order हो गया। ...**(व्यवधान)**... No point of order. Now, Mr. Rangarajan.

SHRI T.K. RANGARAJAN: Mr. Deputy Chairman, Sir, through you, ...*(Interruptions)*..., under Rule 239, my question to the hon. Minister, Shri Ram Vilas Paswan, is whether his Government, the NDA Government, under Shri Narendra Modi, is still supporting the Mandal Commission Report fully? Please reply to this.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is no point of order. Now, Shri Satish Misraji. माननीय सतीश मिश्रा जी, ...**(व्यवधान)**...

श्री रवि शंकर प्रसाद: माननीय उपसभापति जी, प्रो. मनोज कुमार झा ने Wordsworth के नाम के बाद, जिन शब्दों का उल्लेख किया है, वह गंभीर आपत्तिजनक है।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री उपसभापति: उसे देख लेंगे। उन्हें examine करेंगे। अगर कोई आपत्तिजनक हुआ, तो उसे हटाया जाएगा।

श्री रवि शंकर प्रसाद: रामविलास पासवान जी एक वरिष्ठ नेता हैं। ऐसे हल्के शब्दों का प्रयोग उनके लिए नही किया जाना चाहिए। . ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: यदि वे शब्द असंसदीय हुए, तो नियम के अनुसार हम कार्रवाई करेंगे। माननीय सतीश जी ...**(व्यवधान)**...

श्री रवि शंकर प्रसाद: सब लोग political worker हैं, लेकिन रामविलास जी, आपसे बहुत सीनियर हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपको मैंने समय दिया, आपने बोल लिया। अब आप कृपया बैठिए। माननीय सतीश मिश्रा जी ...**(व्यवधान)**...

श्री रामविलास पासवान: माननीय उपसभापति जी, कल लोक सभा के रिज़ल्ट का सबके पास खाता है। वहां सिर्फ तीन सांसदों ने विरोध में वोट दिए थे और उन तीनों में एक ओवैसी थे और दो और थे। उसमें राष्ट्रीय जनता दल नही था। यह मैं कह सकता हूँ कि राष्ट्रीय जनता दल विरोध में नही था और राष्ट्रीय जनता दल के लोग जो वहां बोले, उन्होंने "अगर" और "मगर" जरूर लगाया था, लेकिन उन्होंने कहा था कि वे सपोर्ट करते हैं। यदि इनके चार सांसद विरोध करते और एक ओवैसी होते, तो विरोध में केवल तीन ही सांसद कैसे होते? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय सतीश चन्द्र मिश्रा जी, कृपया आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... माननीय सतीश चन्द्र मिश्रा जी के अलावा और किसी माननीय सदस्य की कोई बात record पर नही जाएगी। ...**(व्यवधान)**... सतीश चन्द्र मिश्रा जी, आप बोले, आपकी बात रिकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: माननीय उपसभापति जी, मैं कैसे बोलूं? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: जो चेयर से अधिकृत नही हैं, उनकी बात record पर नही जाएगी। माननीय सतीश मिश्रा जी, आपकी ही बात record पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: Mr. Deputy Chairman, Sir, I think, you need to reset my time.

श्री उपसभापति: किसी और माननीय सदस्य की कोई बात रिकॉर्ड पर नही जाएगी। सिर्फ माननीय सतीश मिश्रा जी की बात रिकॉर्ड पर जाएगी। आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: महोदय, सदन में शोर हो रहा है। मेरा आग्रह है कि आप कृपया उनसे आग्रह कीजिए, ताकि वे बैठे। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैंने कह दिया है, केवल आपकी ही बात रिकार्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**... कृपया आप बोले। ...**(व्यवधान)**... यदि आप नही बोलेगें, तो मुझे दूसरे माननीय सदस्य को बोलने के लिए कहना पड़ेगा। ...**(व्यवधान)**...

(उपसभाध्यक्ष, श्री भुवनेश्वर कालिता *पीठासीन हुए)*

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, बहुजन समाजवादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक बार नही, अनेको बार इस बात को कह चुकी हैं कि जो सवर्ण जाति के गरीब हैं, उनका भी आरक्षण होना चाहिए और यह बात उन्होंने कोई बाहर नही, बल्कि पार्लियामेंट में, यहां सदन में खड़े होकर अनेको बार कही है। इसीलिए हम इस बिल के समर्थन में हैं। एक शब्द है "लेकिन" जिसके लिए कि हमारे लॉ मिनिस्टर साहब को बहुत ही एतराज है। इसलिए "लेकिन" वर्ड न रखकर "परंतु" वर्ड का इस्तेमाल करेंगे, परतु इस बिल को आप कब लाए, किन परिस्थितियों में लाए और कैसा लाए, इस चीज की चर्चा तो होगी ही, लेकिन उससे पहले मैं जरूर चाहूंगा - क्योंकि यहाँ पर माननीय मंत्री श्री रामविलास पासवान हैं, माननीय लॉ मिनिस्टर हैं, माननीय गहलोत साहब भी हैं, मैं आप लोगों से एक चीज कहना चाहूंगा और जानना भी चाहूंगा कि आपने यह कहा कि अबकी बार हम संविधान में संशोधन करके लाए हैं, इसलिए इंदिरा साहनी के केस का कोई असर नही होगा, लेकिन इंदिरा साहनी केस में कहा गया है कि उन्होंने संवैधानिक चीज को कन्सिडर नही किया था, उसी इंदिरा साहनी केस में 50 प्रतिशत के बारे में कहा गया है और आपने कहा कि चूंकि 50 प्रतिशत कहा गया - जब माननीय राम गोपाल यादव जी ने कहा और आपने पहले भी कहा कि हम उसको नही बढ़ा सकते। हम उसको इसलिए नही बढ़ा सकते, क्योंकि इंदिरा साहनी केस में कहा गया है कि 50 प्रतिशत नही बढ़ा सकते हैं। जब आप संविधान में इस बात का संशोधन ला सकते हैं, जिसका हम लोग स्वागत कर रहे हैं, जिसको हम लोग हमेशा से कहते आ रहे हैं कि इसको लाइए, तब आप संविधान में यह संशोधन क्यों नही लाते हैं कि आप 50 प्रतिशत से ज्यादा ...**(व्यवधान)**... उसको बढ़ाइए और सुप्रीम कोर्ट को इसे तय करने दीजिए कि अब यह संवैधानिक हो गया है? मैं आप लोगों से इसका जवाब जरूर जानना चाहूंगा कि आपने, माननीय रामविलास पासवान जी ने अपर कास्ट रिजर्वेशन के बारे में कम बोला, शैड्यूल्ड कास्ट, शैड्यूल्ड ट्राइब्स और बैकवर्ड क्लास के बारे में ज्यादा बोला है, इसलिए मैं उनसे यह प्रश्न जरूर करना चाहूंगा कि आप पिछले पांच वर्षों से मंत्री हैं, आप पिछले पाँच वर्षों से यहाँ सरकार में हैं, आप इतने शुभचिंतक नजर आ रहे हैं, आप सभी दलितों की बातें कर रहे हैं, तब आप पाँच सालों से Reservation in Promotion का बिल कहाँ डाले हुए हैं? आप वहाँ मंत्री बनकर क्या कर रहे थे? यहाँ से बिल पास करके वहाँ भेजा गया और भेजने के बाद क्या आपने एक बार भी उसमें attempt किया कि आप इस Reservation in Promotion बिल को वहाँ से पास कराकर, जो सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट था, जिसकी वजह से उसको नल्लिफाई कर दिया गया था, उसको रेस्टोर कर पाएं? आपने यह नही किया। ...**(व्यवधान)**... आप हमारे बाद में बोल लीजिएगा, मैं आपसे और भी दो-चार सवाल करूंगा, इसलिए आप थोड़ा-सा सब्र रखिए। मैं लॉ मिनिस्टर साहब से और तीनों मंत्री, जो आगे बैठे हैं, उनसे यह जानना चाहूंगा कि जब आप इसको संविधान में संशोधन करके ला रहे हैं, तब उसको कब ला रहे हैं? आप संविधान में संशोधन करके बैकवार्ड क्लास और दलित की जनगणना के हिसाब से उनका जितना होना चाहिए, उसको बढ़ाकर कब लाएगें? वह क्यों इस संख्या के हिसाब से ला रहे हैं? आपको उसमें क्या एतराज है और आपको क्या दिक्कत है, इसको जरूर बता दें, जिससे इस सदन को भी मालूम हो जाए और इस देश के जो करोड़ों दलित और बैकवर्ड क्लास के लोग हैं, उनको भी मालूम होजाए कि आखिर यह क्यों नही हुआ?

[श्री सतीश चन्द्र मिश्रा]

आप अपर कास्ट के रिजर्वेशन को लाए हैं, हम इसका सपोर्ट कर रहे हैं। हमारी नेता कहती हैं कि अपर कास्ट में जो गरीब लोग हैं, उनके लिए आरक्षण लाइए। हम समझ रहे थे कि आप उन्ही के लिए आरक्षण लाए हैं, लेकिन आप उनके लिए आरक्षण नही ला रहे हैं। अभी तो आप कस्टीट्यूशन में enabling provision दे रहे हैं कि अब हम enable ककर रहे हैं कि जो स्टेट्स हैं, वे इस तरह के अपने कानून बना सकती हैं। आप वह कानून कब बनाएगें, आप उस कानून में क्या लाएगें, आप इसमें किसको इनक्लूड करेंगे, किसको एक्सक्लूड करेंगे, यह तो आपने बताया नही, यहां तो सब लोग अखबार पढ़कर यहाँ पर बहस कर रहे हैं कि उसमें 8 लाख है, उसमें 5 बीघा है, लेकिन आपने अभी तक कंस्टीट्यूशनल अमेंडमेट में यह बात नही कही और न ही कोई दस्तावेज यहाँ पर रखा है, जिसमें आप यह क्राइटीरिया डिस्क्राइब कर रहे हों, बल्कि आपने हर स्टेट के लिए कह दिया है कि वे लोग डिसाइड करेंगे। इसका मतलब क्या हुआ? इसका मतलब यह हुआ कि आप लोग इस कानून को सिर्फ और सिर्फ आज * के तौर पर, जब आखिरी दिन है, इलेक्शन परपज़ से लाए हैं। माननीय मंत्री जी कह रहे थे कि आखिरी बॉल पर छक्का मारा है, लेकिन आप यह भूल गए कि आपका छक्का बाउंड्री के पार नही जाने वाला है। ...**(व्यवधान)**... आपने लगान फिल्म देखी है। ...**(व्यवधान)**... वही होने जा रहा है। ...**(व्यवधान)**... जो लगान फिल्म में हुआ था, इसलिए आपको आउट होना है। ...**(व्यवधान)**... आप यह भी समझ लीजिए कि आज आप इस बिल को लाने के लिए जो मजबूर हुए हैं, तब आप यह बिल लाने के लिए क्यों मजबूर हुए हैं? आप यह बिल आखिरी दिन क्यों लाए हैं? आप यह इसलिए लाए हैं, क्योंकि एक-दो दिन पहले आपको भी मालूम नही था, आपको भी केबिनेट में जाकर पता चला है कि यह बिल आ रहा है। जितने मंत्री हैं, उनको भी नही पता ...**(व्यवधान)**... वह इसलिए आया, क्योंकि दो दिन पहले, दो political parties के दो रष्ट्रीय अध्यक्ष नये साल में मिले और उसका इतना असर हुआ कि आपने कई लोगों से कोअलिशन करना शुरू कर दिया। आपने कई एजेंसीज़ को पकड़ लिया। इतना ही नही, आप इतनी दहशत में आ गए कि आपने रातों-रात बैठ कर इस तरह का एक बिल बनाया। चलिए, इसी मजबूरी में बनाया, आपने कम से कम यह बिल बनाया है, लेकिन आप इसको ठीक करिए और गरीबों के लिए बनाइए, इसको अमीरों के लिए न बनाइए। ऐसा न करिए कि जो 50 परम्मेंट हैं, जिसमें आज upper castes के लिए रिजर्वेशन है, उस 50 परसेंट में 3 परसेंट को आप आज से 40 परसेंट दे रहे हैं और 47 परसेंट लोगो को 10 परसेंट में डाल रहे हैं। उन upper castes के लोगों को कितना बड़ा नुकसान होने वाला है, यह तो जब वक्त आएगा, तब पता लगेगा कि आपने इस बिल के तहत उन लोगों के साथ कितना बडा * किया है।

इतना ही नही, भारतीय जनता पार्टी के हमारे मित्र, झा साहब इस समय यहाँ नही हैं, जब उन्होंने बोलना शुरू किया, तो हम जो बात कह रहे हैं कि आप यह बिल क्यों लाए, नजर आ रहा था। उन्होंने हाथी का नाम भी लिया और हाथी का किस्सा भी कहा। हाथी अभी से आपको इतना डराने लगा है, अभी तो हाथी और साइकिल की एक साथ बैठक नही हुई है, जो आपके सामने आए। उसके बगैर आपको इतनी दहशत हो गई है कि आज आप यहाँ चर्चा में भी हाथी का जिक्र कर रहे हैं, सपने में भी हाथी दिख रहा है और आज आप जो बिल भी लाए हैं, उसी के तहत लाने का काम किया है।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

मैं आपसे यह कहना चाहूंगा कि जब आप यह रिजर्वेशन लाए थे, तो इसके अलावा आपको minorities के लिए भी रिजर्वेशन लाना चाहिए था। आपको उनके लिए भी रिजर्वेशन लेकर आना चाहिए। आप कहते हैं कि इसमें minorities included हैं। माननीय मंत्री जी अभी खड़े होंगे और कहेंगे कि इस 10 परम्मेंट में सब हैं। इस 10 परसेंट में तो आपने यह भी कह दिया, उन जातियों को भी कह दिया कि आप गुर्जर हैं। जो गुर्जर हैं, वे तो पहले से ही backward हैं। वे पूरे देश में backward हैं। आप ज़रा देख तो लीजिए कि क्या आप उसको बदल रहे हैं? क्या आप उनको backward से हटा रहे हैं? क्या आप उनको forward में ला रहे हैं? देश के जो गुर्जर हैं, उनको मालूम हो जाने दीजिए कि आप उनको forward में गिनने जा रहे हैं, backward में नही गिनेगें। आपने जाट की बात कही। उत्तर प्रदेश में वे पहले से ही backward हैं। आप उनका नाम लेकर यह * क्यों कर रहे हैं? आप वोट के नाम पर कुछ भी करिए, लेकिन आप इन लोगो के साथ * मत कीजिए। Miniroties के लिए आप कहते हैं कि इसी 10 परसेंट में वे भी included हैं। आप minorities को अलग से रिजर्वेशन क्यों नही देते हैं? हम लोगों की डिमांड है कि आप जिस तरह से अमेंडमेट लाए हैं, आप minorities के लिए भी लेकर आइए।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आपका समय समाप्त हो चुका है।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: मैं ज्यादा वक्त नही लूँगा। लेकिन मैं यह जरूर चाहूँगा कि जिस purpose के लिए आप यह बिल लेकर आए हैं, जैसा कि हम लोग भाषा use करते हैं * on the Constitution, यह आप * on the upper castes करने जा रहे हैं। वह भी कौन से upper castes? जो गरीब तबका है, जिनको हक था, जिनके लिए हम लोग कहते आ रहे हैं, हमारी पार्टी कहती आ रही है, हमारी पार्टी की नेता कहती आ रही हैं कि उनको रिजर्वेशन मिलना चाहिए।

आप बात करते हैं करोड़ों-करोड़ों, जब आप भाषण देते हैं, यहाँ पर भी और लोक सभा में भी आपने कहा कि जो करोड़ो लोग हैं, जो upper castes के हैं, जो गरीब हैं, उनके लिए हम इसे लेकर आए हैं। आप कहाँ तक * बनाने का काम करेंगे? आपके पास लाखों की संख्या में नौकरियाँ तो हैं नही, आपने जितने public sector corporations हैं, उनको private कर दिया। आपने नौकरियाँ लेने का काम कर दिया। जिनका रिजर्वेशन का हक था, उनको खत्म कर दिया। मैं माननीय पासवान जी से भी और गहलोत जी से भी जानना चाहूँगा कि माननीय मंत्री जी, आप यह जरूर बताएँ कि आप SC/ST की बात करते हैं, जिनका रिजर्वेशन पहले से है, कितना रिजर्वेशन backlog में बचा हुआ है और कितनी सीटें खाली पड़ी हुई हैं? आज के रोज माननीय राम गोपाल जी ने SC/ST/OBC का जो खाता खोला था, क्या आप उसको dispute करते हैं? जितनी पोस्ट्स हैं, उन्हें तो आप भर नही रहे हैं। मुझे उम्मीद थी कि पासवान जी आज वहाँ पर हैं, कल वे इधर हो सकते हैं, लेकिन जब वे वहाँ हैं, तो कम से कम उनको SC/ST का ध्यान रखना चाहिए था, उनकी सीटें भरवानी चाहिए थी, उनकी जो नौकरियाँ ली जा रही हैं, उनको रुकवाना चाहिए था, बल्कि उनको नौकरियाँ दिलाने का काम करना चाहिए था। उसकी जगह आज पूरे देश में हर चीज ठेकेदारी में, प्राइवेट हाथों में दे दी गई है। नौकरियाँ ले ली गईं, रिजर्वेशन खत्म कर दिया गया है। जब नौकरियाँ है ही नही, जब SC/ST/OBC को नौकरी नही मिल रही है, क्योंकि आपके पास नौकरी नही है, तो इन 10 परसेंट के लिए आप कौन सी नौकरी ढूंढने जा रहे हैं, आप जरा इसका भी खुलासा कर दीजिए। जरा इसका भी खुलासा कर दीजिए कि यह नौकरी

* Expunged as ordered by the Chair.

[श्री सतीश चन्द्र मिश्रा]

आप कहां से निकालेगें? आप अपने हर भाषण में जो करोड़ो-करोड़ शब्द का इस्तेमाल करते हैं, लोक सभा में आपके हर मंत्री और हर सदस्य ने यह बात कही और यहां भी कहा गया, 'करोड़ों गरीब इसका इंतजार कर रहे थे'। आपने कहा था कि आप सालाना दो करोड़ नौकरियां देंगे, इसलिए वे जो दस करोड़ लोग हैं, वे पांच साल से इसका इतज़ार कर रहे थे और आज भी इतज़ार कर रहे हैं, इन सौ दिनों का। ये सौ दिन कब खत्म होंगे, वे अपना बटन दबा करके आपको बाहर कर देंगे। वे आपको बाहर का रास्ता दिखाएंगे और बताएंगे कि * करने का नतीजा क्या होता है। आप एक बार * बना लेंगे, लेकिन हमेशा-हमेशा के लिए आप किसी को * नही बना सकते। किसान आत्महत्या कर रहा है, वह परेशान है, उसके लिए भी आप कह रहे हैं कि हम बड़ा काम कर रहे हैं। आज आप जिस वर्ग को भी देख लीजिए, हर आदमी परेशान है, शिक्षित, अशिक्षित सब परेशान हैं। इसलिए हम लोग इस बिल का समर्थन तो कर रहे हैं, परन्तु अपनी इन बातों को कहते हुए कर रहे हैं, धन्यवाद।

श्री प्रफुल्ल पटेल (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे भारत का जो संविधान है, उस पर हम बहुत गर्व करते हैं। विश्व के सभी संविधानों की तुलना में यह एक बहुत ही उम्दा संविधान है, जो हमारे देश की परिस्थितियों को देखते हुए, डा. बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने बनाया। Constituent Assembly में इसको बनाने के लिए बड़ी गभीर चर्चा हुई और कई दिनों तक हुई, उसके बाद हमारे देश ने इस संविधान को अपनाया। लेकिन परसों शाम को जैसे ही हम पार्लियामेंट बाहर निकलते हैं, एक जर्नलिस्ट ने अपना कैमरा और माइक सामने रख दिया और पूछा कि बताइए, यह संविधान में जो संशोधन होने जा रहा है, इसके बारे में आपका क्या विचार है? मैंने कहा कि अभी तो हमने टीवी में ही देखा है कि संविधान का संशोधन होने वाला है और 10 प्रतिशत रिजर्वेशन देने वाले हैं, लेकिन अभी तक न तो हमारे लोक सभा सांसदों को यह मालूम है और न ही और किसी सांसद ने यह देखा है, फिर उसके बाद आप सीधे हमको कहते हैं कि इसके ऊपर आप टिप्पणी करिए। एक बात हमें कल अखबार में पढ़ने को मिली, शायद आज के अखबार में भी यह है कि कैबिनेट को भी इसके बारे में मालूम नही था कि यह संशोधन होने वाला है। एक जल्दबाजी में इसको लाया गया, हालांकि कई लोगों ने यह बात कही, इसलिए दोबारा इसे दोहराने की जरूरत नही है, लेकिन जल्दबाजी में तो यह लाया ही गया है। रवि शंकर जी, परसों आप हमारे साथ एक कार्यक्रम में थे, लेकिन तब तक शायद आपको भी खाली उसका सुर मिला होगा और इसीलिए बड़ी जल्दबाजी में ...**(व्यवधान)**...

श्री रवि शंकर प्रसाद : प्रफुल्ल साहब, हमें पता सब कुछ रहता है, लेकिन आपको बताते नही हैं।

श्री प्रफुल्ल पटेल: चार साल और आठ महीने के बाद, जब चुनाव नज़दीक आने वाले हैं, ऐसे में इतनी जल्दबाज़ी में हम इसे क्यों कर रहे हैं? आपको भी यह बात मालूम है कि इसे पास करने के बाद इसका सही इफेक्ट होगा या गलत इफेक्ट हो, यह तो चुनाव के बाद ही लोगों को समझ में आने वाला है। खैर, अभी तो हमने सुना है कि अगले दो महीनों में एक-एक करके इस तरह की बहुत सारी चीज़ें और जुमले लोगों के सामने आने वाले हैं। ठीक है, जहां तक सामाजिक न्याय का सवाल है, इस बारे में कोई दो राय नही है कि इस देश में हमको सामाजिक न्याय को बरकरार रखना पड़ेगा और उसके लिए

* Expunged as ordered by the Chair.

समय-समय पर जो कुछ भी आवश्यक होगा, वह हमें करना होगा। पहले हमारे संविधान में केवल एससी/एसटी का प्रावधान था, उसके पश्चात् मंडल कमिशन आया, तो हमने उसमें ओबीसी का प्रावधान किया। अलग-अलग राज्यों ने भी अपने-अपने राज्यों की परिस्थितियों को देखते हुए, अपने यहां भी संशोधन किए। जहां तक एससी/एसटीज़ का सवाल है, मुझे एक बात विशेष तौर पर यहा कहनी है, चूंकि हमारे नेता शरद पवार जी हैं, इसलिए मुझे यह बात अचानक याद आई कि महाराष्ट्र के औरंगाबाद में एक मराठवाड़ा युनिवर्सिटी है। उस मराठवाड़ा युनिवर्सिटी का नामांतरण डा. बाबा साहेब अम्बेडकर युनिवर्सिटी होना चाहिए, इसके लिए बड़े दिनों तक आंदोलन चले। यहां अठावले जी बैठे नही हैं, नही तो सब लोग उस मूवमेंट के बड़े हिस्सेदार थे। महाराष्ट्र में सवर्ण जाति के लोगों का इसके लिए इतना अधिक विरोध था कि नही, हम इस युनिवर्सिटी का नामांतरण नही होने देंगे। कई गोलियाँ चली, कई लाठियाँ चली, कई लोग अन्दर हुए, कई शहीद हुए। इसके बावजूद उस वक्त के तत्कालीन मुख्य मंत्री, जो आज यहाँ बैठे हैं, शरद पवार जी थे। उस टाइम हम कांग्रेस पार्टी में थे, हमारी पार्टी के सारे लोगों ने कहा कि अगर हम इस नामांतरण को स्वीकार करेंगे, तो यहाँ पर हम हमेशा के लिए साफ हो जाएँगे। मुझे याद है कि शरद पवार जी ने महाराष्ट्र की असेम्बली में स्टेटमेंट किया कि अगर मेरी सत्ता जाएगी, तब भी चलेगा, लेकिन मैं यह नामांतरण करके रहूँगा, क्योंकि सामाजिक न्याय इस देश में बहुत आवश्यक है। उन्होंने नामांतरण किया। यादव साहब, आप भी महाराष्ट्र के हैं, आपको भी इस बात की जानकारी है। मैं यह बात क्यों कह रहा हूँ? इसलिए कह रहा हूँ कि जिस तरह से सामाजिक न्याय के बारे में इस देश में समय-समय पर ऐसे महानुभाव भी उठ कर आये हैं, जिनकी वजह से आज तक हमारा देश बरकरार रहा है। इसीलिए रामविलास जी, आप जो कह रहे हैं कि सवर्ण जाति के लोगों ने पिछडी जाति के लोगों को सवांरने का और संभालने का काम किया है, उसका जीता-जागता उदाहरण यहाँ आपके बगल में ही हैं। मैं यह इसलिए कह रहा हूँ कि ठीक है, जैसे समय-समय पर आज यह भी आवश्मकता है कि इस देश के कई ऐसे आर्थिक दृष्टि से दुबले लोग हैं, जो सवर्ण जाति के हैं, इतर जाति के हैं, जिनको भी आज किसी न किसी मामले में कुछ मदद की आवश्यकता है। यह खास कर के आज का जो यूथ है, आप कही भी जाइए, युनिवर्सिटीज़ में जाइए, कही और जगह जाइए, हम लोग सभी सांसद हैं, हमारे घरों में भी लोग रोज नौकरी माँगने के लिए आते हैं। कई ऐसे भी लोग होते हैं, जो हमें दिखते हैं कि में बहुत पीड़ित हैं, गरीब हैं, इनको मदद की जरूरत है, लेकिन हम मदद नही कर पाते, सरकार भी नही कर पाती। इसलिए अगर आपने उस दृष्टिकोण को सामने रख कर यह आरक्षण लाने का काम किया, तो हमें खुशी हुई, लेकिन आपने इसे आखिरी वक्त में, जब चुनाव के दो महीने बाकी हैं, तब आपने इसे लाने का काम किया है। इसलिए बहुत सारे लोगों ने जो अपनी-अपनी भावना अलग-अलग तरीके से व्यक्त की है, शायद आपको वह समझ में आ रही है। मैं आपको यह कहना चाहूँगा कि आरक्षण पर अभी क्योंकि कई वकीलों ने बोला है, इसलिए मैं वह वकालत की बात तो नही करूँगा, लेकिन इंदिरा साहनी जजमेंट को बार-बार दोहराया जाता है और यह कहा जाता है कि 50 प्रतिशत की मर्यादा का उल्लंघन करना संभव नही है। मुझे यह बताइए कि आप यह जो 10 प्रतिशत बढ़ाने जा रहे हैं, यह संविधान में संशोधन करके ही कर सकते हैं, यह आपको समझ में आ रहा है। तो फिर आपकी महाराष्ट्र की सरकार जब मराठों को 16 टका आरक्षण देती है, तो उसको यह जजमेंट और संविधान को बदलने की जरूरत समझ में नही आती है! वहाँ आपकी सरकार है। ...**(व्यवधान)**... ज़रा इसके बारे में हमें

[श्री प्रफुल्ल पटेल]

बताइए। या तो यह जुमला है, लॉलीपॉप है या वह क्या है, वह जरा मुझे समझा दीजिए। आपको यहाँ पर संविधान बदलना जरूरी है, मैंने आपका दोनों का भाषण टीवी पर सुना, आप दोनों का सुना और आप दोनों ने यह बात दोहराई कि संविधान को बदले बिना हम यह अधिक आरक्षण नही दे सकते। तो फिर आपकी सरकार महाराष्ट्र में मराठों को 16 प्रतिशत आरक्षण देते वक्त इस बात को कैसे भूल गयी? आपने शायद उनको या तो हिदायत नही दी या हमारे वहाँ के बेचारे मराठा, वे भी जो सवर्ण हैं, उनको अब आप समझा देंगे कि इस 10 प्रतिशत में आप भी समाविष्ट हो जाएँगे। ...**(व्यवधान)**... राजस्थान में भी वही, सभी जगह वही। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): प्रफुल्ल पटेल जी, आपका समय समाप्त हो चुका है। ...**(व्यवधान)**... अब आप समाप्त कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रफुल्ल पटेल: तब तो अब उसे 6 परसेंट डाउन करना पड़ेगा। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): No, no your party time is over. That is what I am telling you. I am reminiding you.

श्री प्रफुल्ल पटेल: सर, मुझे ऐसे बंधनों में मत डालिए। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): मैंने सिर्फ आपको remind किया है ...**(व्यवधान)**... कि आपकी पार्टी का समय समाप्त हो चुका है। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रफुल्ल पटेल: सर, दो-तीन मिनट और दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): ठीक है। दो-तीन मिनट।

श्री प्रफुल्ल पटेल: सर, चूंकि मैं महाराष्ट्र की एक-दो चीज़े थोड़ा easily समझा सकता हूँ, इसलिए कह रहा हूँ। हम लोग अभी तक SC, ST और OBC जानते थे, अब यह नया EBC है। I think it is going to be called 'Economically Backward Classes' तो अब यह EBC आ गया है। आपने अभी कहा कि यह सब 8 लाख की मर्यादा तक लागू होगा या तो 5 एकड़ भूमि होनी चाहिए। 8 लाख की मर्यादा दिल्ली और मुम्बई वालों के लिए तो मैं समझ सकता हूँ कि किसी को सालाना 8 लाख में यहाँ अपना घर चलाना मुश्किल होता है, मगर गाँव में 8 लाख रुपये मायने रखता है। 8 लाख रुपये का मतलब, करीब 70 हजार रुपए महीने की आमदनी अगर कोई इस देश के गांव में, ओडिशा, उत्तर प्रदेश या महाराष्ट्र के गांव में कमाता है तो उसे EBC में हम पूरी तरह से समाविष्ट करेंगे या नही करेंगे, यह आपको सोचना चाहिए।

दूसरी बात, आपने इसमें 5 एकड़ भूमि की लिमिट लगाई है - क्या हरियाणा की 5 एकड़ भूमि और ओडिशा की 5 एकड़ भूमि में फर्क नही है। दोनों स्टेट्स की पैदावार और उपज में फर्क नही है? इसे जल्दबाजी में करने के स्थान पर यदि आप हमारे साथ चर्चा करते, किसी Standing Committee or Select Committee आदि में चर्चा करते तो कम-से-कम ऐसी बातें सामने न आती। ...**(व्यवधान)**... माननीय सदस्य ठीक कह रहे हैं कि तब तक तो notification आ जाएगा। ...**(व्यवधान)**... नौकरियों के बारे में कई माननीय सदस्यों ने कहा, इसलिए मैं उस पर दोबारा नही कहूंगा, लेकिन सार्वजनिक उपक्रम

8.00 P.M.

विभाग, Public Enterprises विभाग मैंने भी सम्भाला है। उसमें आपने कितने जॉब्स क्रिएट किए हैं, पिछले 5 सालों में, कितनी जॉब्स बढ़ी हैं या घटी हैं, इस बारे में आप मुझे बताइए। प्रधान मंत्री जी का मैंने एक interview पढ़ा, टी.वी. पर देखा भी था कि पकौड़े बेचो - उसे भी वे employment मानते हैं। खुशी की बात है, लेकिन फिर यह रिजर्वेशन आप किस आधार पर देंगे - जब नौकरियां ही नही होंगी? पकौड़ेवाले पर तो यह रिजर्वेशन लागू होने वाला नही है, इसे मैं समझता हूं। नई नौकरियां हैं नही। मैं महाराष्ट्र का उदाहरण देता हूं क्योंकि 4 लाख देश का आकड़ा यहां किसी ने बताया था। महाराष्ट्र में वहां के मुख्य मंत्री ने announce किया कि मैं मेगा भर्ती करने वाला हूं - मेगा भर्ती 5 साल में पहली बार। हमने कहा, बहुत बढ़िया बात है, लेकिन आकड़ा आया 72 हजार पूरे स्टेट में 5 साल में मेगा भर्ती महाराष्ट्र सरकार कर रही है। अब 72 हजार लोग 5 साल में एक बार आप भर्ती करेंगे, उसे आप मेगा भर्ती कहेंगे तो 120 करोड़ आबादी के इस देश में अगर 50 प्रतिशत लोगों को भी सवर्ण समझें, उनमें से 10 परसेंट को रिजर्वेशन देंगे, इस तरह कुल कितने लोगों को आप नौकरी देने वाले हैं, इसका आकड़ा भी आप हमें समझाने की कोशिश कीजिए। ...**(व्यवधान)**... अंत में, मैं कहूंगा क्योंकि आप बार-बार घंटी बजा रहे हैं, ..**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): नही, बार-बार घंटी नही, आपका समय समाप्त हो चुका है। ..**(व्यवधान)**... Please conclude.

श्री प्रफुल्ल पटेल: आपने कहा कि education में भी aided and unaided colleges में आरक्षण लागू होगा। आप मुझे बताइए कि aided colleges - वैसे आजकल unaided colleges ज्यादा हो गए हैं। आप कही भी जाइए, छोटे-छोटे गांव में भी CBSE के स्कूल हैं। कितनी वहां प्रति व्यक्ति आय है? Private Colleges हर जगह आपको मिल जाएगें, वहां कितनी फीस लगती है? आप कितना भी पैसा उसे दें, he cannot afford it. आप उसे admission में रिजर्वेशन दे सकते हैं लेकिन क्या उसमें फीस भरने की औकात है? क्या आपने कभी इस बारे में सोचा और बिल में प्रावधान किया कि उन्हें किस तरह से मदद करेंगे? ...**(व्यवधान)**... OBC की scholarship पिछले दो-दो और तीन-तीन साल से लोगों को नही मिली है। कई राज्यों के आप आंकड़े देख लीजिए। महाराष्ट्र के बारे में मैं पक्का authenticate करके कह सकता हूं कि पिछले दो साल में OBC की एक भी scholarship किसी को नही मिली है। S.C., S.T. के बच्चों को भी नही मिल रही है, फिर भी आप कहते हैं कि हम इसमें aided and unaided colleges में admission के लिए प्रावधान करेंगे। आपने बिल में जो भी प्रावधान किए हैं, वे जल्दबाजी में किए हैं। अब सवर्णों में भी कुछ जातियाँ ऐसी है, मैं किसी का नाम नही लूंगा, जो थोड़ी advance stage पर हैं, culturally advanced state पर हैं। क्या उन्ही को लाभ देने के लिए यह बिल लाया गया है? सवर्णे में कई ऐसी advance जातियां हैं, जो actualy पिछड़ी हैं, मगर वे किसी भी तरह से Scheduled Castes, Scheduled Tribes or O.B.C. के दायरे में नही आती। आज भी आर्थिक दृष्टि से बहुत सी पिछड़ी जातियाँ हैं, culturally जो so-called advanced लोग हैं, इस बिल के जरिए आप उन्हें आरक्षण कैसे देंगे - आपने इसमें ऐसा कोई प्रावधान नही किया है। हम इस बिल का समर्थन जरूर कर रहे हैं, लेकिन चाहते हैं कि आप हमारी सभी बातों पर गम्भीरता से विचार करें वर्ना यह बिल still born baby होगा, पूरा EBC का आरक्षण non-started होगा। ...**(व्यवधान)**... आप इन बातों पर जरूर ध्यान देंगे, ऐसा मैं विधि मंत्री और सोशल जस्टिस मंत्री जी से निवेदन करता हूं, क्योंकि इस देश मे करोड़ों नौजवान जो अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उन्हें मौके नही मिलते हैं।

[श्री प्रफुल्ल पटेल]

उनको मौका मिले, चाहे एक छोटी शुरुआत क्यों न हो, इसलिए मैं इस बिल का समर्थन करते हुए, अपना स्थान लेता हूँ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. The next speaker is Kumari Selja.

कुमारी शैलजा (हरियाणा): सर, मैं ज्यादा वक्त नही लूगी। कुछ बातें हैं। एक-दो बातें हैं, जिन्हें दोहराना ही पड़ेगा, वे इसलिए दोहरानी पड़ेंगी, क्योंकि वह सच्चाई है और सच्चाई सुनना इनको पसंद नही है, इसलिए वे बातें मुझे दोहरानी पड़ेंगी। सर, एक बात सच है और यह सभी ने कहा है कि आप इसे आखिर में लेकर आए हैं, संसद का सत्र बिल्कुल खत्म होने जा रहा है, पूरी लोक सभा खत्म होने जा रही है और आप अब इसे राज्य सभा में लेकर आए हैं। सरकार का समय खत्म होने जा रहा है, अब आप एकदम जागे हैं और वह भी कौन जागा है, यह मालूम नही है, क्योंकि जब सच्चाई इनके सामने एकदम शीशा हो गई कि देश की जनता आपसे दूर जा रही है, तो इनको समझ में नही आ रहा है कि अब हम किसका हाथ पकड़ें, किसका पल्ला पकड़ें, वरना यह बात तो कब से आ रही थी।

माननीय मंत्री जी, आप यह जानते हैं कि affirmative action, तो होना चाहिए था, affirmative action के लिए हमने हमारे समय भी कार्यवाही शुरू कर दी थी कि जो जनरल कैटेगरी के लोग हैं, उनके लिए हमें affirmative action लेना पड़ेगा। जो यह इंदिरा साहनी केस वाली बात थी, वह एक सच्चाई थी और वही एक कारण था, जिसने अभी तक रोके रखा। इंदिरा साहनी केस के होते हुए, जो कि आरक्षण की बात पर एक बहुत बड़ा सवालिया निशान था और आज भी उसका उल्लेख हुआ है, बार-बार उल्लेख किया गया है, माननीय कपिल सिब्बल जी ने उसके बारे में बहुत विस्तार से बताया, तो जब आपकी सरकार बनी, तब से अब तक आपने कोई भी जनरल कैटेगरी के लोगों के लिए कोई भी affirmative action क्यों नही लिया? आपके बजट में उसका कोई भी प्रावधान क्यों नही किया गया? बल्कि आपने उनको कुछ देने के बजाय, जो scheduled castes और scheduled tribes का प्रावधान था, उसको ही खत्म करने की बात शुरू कर दी। आपने Tribal Sub-Plan, Scheduled Castes Sub-Plan को ही खत्म कर दिया, तो आप कहाँ किसकी बात कर रहे हैं? इनके पीछे आप सिर्फ इसलिए गए हैं, क्योंकि जनता आपसे जनता दूर जा चुकी है, चुनाव नजदीक आ चुका है। एक जो बार-बार मानसिकता की बात कही जा रही है, उसी मानसिकता के तहत अब आप उनके पीछे भाग रहे हैं कि अब उनको किसी तरह से पकड़ें, तो यह एक सच्चाई है, चाहे यह आपको लेकिन, परंतु अच्छा लगे या न लगे। कांग्रेस पार्टी ने अपने manifesto में इसके बारे में कहा है और यह गलत धारणा, जिसके बारे में आपके पक्ष से अलग-अलग लोग बोल रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी इसके आगे 'लेकिन' क्यों लगा रही है, आप सपोर्ट क्यों नही कर रहे हैं, इसके लिए मैं आपको बताना चाहती हूं कि कांग्रेस पार्टी ने यह अपने manifesto में दिया है, तो हम इसे सपोर्ट कर ही रहे हैं। इस पर कहाँ से सवाल उठ गया है? आप कृपया इस तरह की बातें न कहें और लोगों को अपनी मंशा दिखाएं कि जो अभी तक Schedule Castes का Backward Classes का प्रावधान है, उसको आप कैसे लागू करने जा रहे हैं? इंदिरा साहनी केस के मार्फत से जो 50 प्रतिशत की सीलिंग लगी, उसको आप कैसे breach करेंगे? आपने यहाँ पर legislative scrutiny नही होने दी। न यह Standing Committee को गया, न Select Committee की बात हुई। आपने यह सीधा लाकर दिया, क्योंकि आप जानते हैं कि हम इसे सपोर्ट करेंगे, क्योंकि यह

हमारे manifesto में है, but that does not mean that you do not respect the institution of Parliament. यह बात आप समझ लीजिए कि यह बात भी expose हो रही है कि आपका पार्लियामेंट के प्रति बिल्कुल आदर नही है, वरना पहले यह Standing Committee में जाता। कितनी बातें यहाँ पर कही गई हैं, कितने पक्षों द्वारा कही गई हैं, चाहे वह प्रतिपक्ष हो, अनेको पार्टियां हों या आपका अपना पक्ष हो। बहुत सी बातें हैं, जो कही जा सकती हैं और कहनी चाहिए थी, लेकिन आपने यह allow नही कि;ा। अब यहाँ पर तो समय का प्रतिबंध है। सभी लोग चंद शब्दों में अपनी बातें कहेंगे, लेकिन इतने legal aspects हैं, इतनी पोलिटिकल बातें हैं, वे सारी वहाँ पर आनी चाहिए थी। आपने यह मौका नही दिया। आपने यह तो circumvent कर दिया, लेकिन जब judicial scrutiny आएगी और वह आ भी सकती है। आप यह मत समझ लीजिए कि अगर Constitutional Amendment हो गया, तो judicial scrutiny नही आएगी, वह भी आ सकती है। तब आप वहाँ पर क्या बात करेंगे? आप क्या आधार बताएँगे? जो socio-economic survey था, उसको तो आपने आज तक public नही किया, तो आधार क्या बताएँगे। जब आरक्षण की कोई भी बात होती है, तो कोर्ट यही कहता है कि what is the basis? जब किसी भी स्टेट में आरक्षण की बात होती है, किसी भी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाने की बात होती है, the court always asks कि आपने सर्वे किया है? आप किस आधार पर यह देना चाहते हैं? ये सारी बातें हैं। It will be very difficult to withstand that in a court of law, in the Supreme Court. आप क्या जवाब देंगे? मैं वह शब्द इस्तेमाल नही करना चाहूँगी, जो माननीय सतीश चन्द्र जी ने किया, लेकिन आप लोगों को गुमराह तो कर रहे हैं। उन्होंने * वर्ड का इस्तेमाल किया, लेकिन आप देश को, देश की सारी जनता को गुमराह तो कर ही रहे हैं न!

मैं SC के बारे में एक बात जरूर कहना चाहूँगी। क्या आपने बैकलॉग पूरा किया है? आप पहले इस पर आ जाइए। माननीय पासवान जी यहाँ पर बैठे हैं। ये पहले हमारे साथ थे, आज आपके साथ हैं, कल को फिर हमारे साथ आ सकते हैं। हम इनका आदर करते हैं, क्योंकि ये बहुत सीनियर मेम्बर हैं। ये बहुत सीनियर मेम्बर हैं। जब हम राजनीति में आए भी नही थे, तब से हमने इनका नाम सुन रखा है। पहले ये बहुत firebrand होते थे और सरकार में जैसा हमारे समय में बोल लेते थे, वैसा शायद यहाँ बोल नही पाते हैं। ...**(व्यवधान)**... कोई बात नही है, लेकिन माननीय पासवान जी, इस सरकार में पता तो चले कि बैकलॉग कब पूरा होगा! बैकलॉग तो पूरा हो ही नही रहा है। केन्द्रीय सरकार की जो इतनी लाखों-लाख नौकरियाँ हैं और उनमें जो वैकेन्सीज़ हैं, उनका क्या हो रहा है? आप नौकरियाँ खत्म कर रहे हैं, तो फिर आप उनको कैसे पूरा करेंगे? आप उनमें कैसे आरक्षण लेकर आएँगे, जब नौकरियाँ नही होंगी? चाहे PSUs हों, आप किश्तों में सबको खत्म कर रहे हैं। सारा wind-up हो रहा है। यह केवल प्राइवेट सेक्टर की बात नही है। आप नौकरियाँ कैसे पूरी करेगें? यह जो lollipop -- हमारे माननीय साथी ने जो एक झुनझुना दिखाया था, तो यह सच्चाई में वही है। It may be symbolic but that is the truth. मैं एक बात और कहना चाहूँगी। अभी कुछ दिनों पूर्व आपने यूनिवर्सिटीज़ में गाइडलाइंस दी। यूनिवर्सिटीज़ में जो नौकरियाँ निकल रही थी, उनमें आप आरक्षण बिल्कुल खत्म कर रहे थे, जिसे आपने बाद में बदला। जब हो-हल्ला मचा, तो आपने बदला, लेकिन meanwhile, many of those posts were filled up. हमारे एससी-एसटी के लोगों को वे नौकरियाँ मिलनी चाहिए थी, लेकिन वे आपने खत्म कर दी, क्योंकि उन्हें आपने भर दिया। अब एक हेड ऑफ डिपार्टमेट की पोस्ट होगी, उसमें आप क्या आरक्षण कर देंगे? जब यूनिवर्सिटीज़ की सारी नौकरियों को लेंगे, तभी तो उनमें आरक्षण होगा। लेकिन, जब

* Expunged as ordered by the Chair.

[कुमारी शैलजा]

हो-हल्ला मचा, तो आपने दोबारा वह बात की, लेकिन तब तक वे नौकरियाँ भर दी गई थी। आप यह जवाब कैसे देंगे? इसी तरह, स्कॉलरशिप्स की बात है। स्कॉलरशिप्स कहाँ मिल रही हैं? आपने स्कॉलरशिप्स कम कर दी, आपने बजट कम कर दिया है। हमारे साथी हैं, ढुलो जी, ये बार-बार यह सवाल पूछते हैं। वे भी कम हो रही हैं। पुनिया जी बार-बार पूछ रहे हैं। आप किसी का जवाब तो नही दे पाते, ऊपर से हमें उल्टा-सीधा बोलना शुरू कर देते हैं। ऐसे जवाब आप यहाँ तो दे देंगे, लेकिन जनता को कैसे जवाब देंगे? यह नौकरियों की बात है। तकरीबन सभी लोगों ने आठ लाख और ढाई लाख की बातें की हैं। आप बता तो दीजिए कि कौन होगा? यह जो डबल वाली बात है, यह अभी वैसे किसी को समझ में नही आई है। यह हो सकता है कि हमारे जैसे लोगों की सोच थोड़ी कम हो, क्योंकि यह माना जाता है कि जो रिजर्वेशन में आते हैं, वे मैरिट पर नही आते, उनकी बुद्धि थोड़ी कम होती है, तो हो सकता है कि हमारी बुद्धि कम हो। प्लीज, उसको यह सरकार बता दे। मैं मंत्री जी को नही कह रही हूँ। मंत्री जी, आप अच्छे व्यक्ति हैं, मैं आपको दोषी नही ठहराती। जब आपको ही नही पता कि इसका क्या हो रहा है, आपको ही मालूम नही था कि यह आ रहा है, तो हम आपको कैसे कह दें? यह सरकार की बात है। सरकार जिस तरह से कार्य कर रही है, चाहे नोटबंदी की बात हो, चाहे इसकी बात हो, जब आपको मालूम ही नही है, तो आपको हम कुछ नही कहेंगे। आपको हम कुछ कह भी नही सकते। बात सरकार की है कि सरकार की मंशा बिल्कुल ठीक नही है। ये सच्चाई सामने ला नही सकते हैं और आप आधार क्या बनाएँगे, यह आप बता नही रहे। अब रही बात प्रमोशंस की। माननीय पासवान जी, आप प्रमोशन को कब ठीक करवांएगे, कब लाएगें? आप जानते हैं कि देश भर में यह एक बहुत बड़ा मुद्दा है कि प्रमोशंस में रिजर्वेशन को कैसे लागू करेंगे, कब लागू करेंगे? अब ये 10 प्रतिशत भी पोस्ट के लिए आ जाएगा, एन्ट्री आ जाएगी। आपकी कब प्रमोशन होगी? सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आप प्रमोशन के लिए 'quantifiable data' पेश कीजिए। आप वह कैसे करेंगे, कहां से लाएगें? इनको तो सब मिल जाएगा। ये नौकरियों में आ जाएगें, चाहे 10 प्रतिशत के माध्यम से या कैसे भी आएगें। आप अपने लोगों को कैसे ensure करेंगे कि प्रमोशन उनको मिले, जो कि उनका हक है? माननीय मंत्री जी, उसके बारे में आप जवाब नही दे पाएगे, लेकिन विचार जरूर कीजिए, क्योंकि जिस तबके से आप आते हैं, उनकी बहुत उम्मीदें हैं। उनको जवाब देना पड़ेगा। प्रमोशन में आप क्या करेंगे, कैसे करेंगे? ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): शैलजा जी, एक और स्पीकर है।

KUMARI SELJA: I will just wind up. I will not take very long. इसके बारे में आप जरूर विचार कीजिए। मैं ज्यादा न कहते हुए एक बात और कहूंगी कि जहां आरक्षण की बात हो रही है, बहुत कुछ कहा गया, बेटी बचाओ। All was out of context. I don't know what they all were talking about. एक आरक्षण के बारे में जरूर बताएं कि महिला आरक्षण का क्या हो रहा है? महिलाओं के बारे में क्यों नही सोच रहे हैं? वोट लेने के लिए इनके पीछे चल पड़ेंगे। 10 प्रतिशत, कैसे क्या होगा, किसका डबल क्या होगा? आप बता दीजिए कि जो एससी लोग हैं, जो इसमें नही आते हैं 22 प्रतिशत में, उसको आप नही बढ़ा रहे हैं। उनका क्या होगा? एक लड़की जो आईएएस की टॉपर थी, ...**(व्यवधान)**... बस समाप्त कर रही हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आप समाप्त कीजिए।

कुमारी शैलजा: वह टॉपर थी। उसके बारे में मालूम नही था कि वह एससी है। उसने टॉप किया। बाद में मालूम पड़ा कि वह एससी है, अब उसका फ्यूचर क्या होगा? आप उसको वापस एससी में डाल देंगे? कैसे करेंगे? जिसने ऑल इंडिया टॉप किया है, आप उसको एससी में डाल देंगे तो उसकी मैरिट कहां गई? आप मैरिट को भी यहां पर रिकोगनाइज़ नही कर रहे हैं। इन बिंदुओ पर आप जरूर विचार कीजिए, महिलाओं के आरक्षण पर विचार कीजिए। सर, बात यह है कि जिस तरह से यह बिल लाया गया है। I would like to charge this Government that this is part of a nefarious agenda of the RSS, कि आहिस्ता-आहिस्ता ये आरक्षण को बिल्कुल खत्म करना चाह रहे हैं। तभी यह इस तरह से बीच-बीच में डाला जा रहा है। आप देख लीजिएगा, आप आज की बात नोट कर लीजिए कि आने वाले वक्त में चाहे ज्युडिशियल स्क्रूटनी के माध्यम से होगा या चाहे कैसे भी होगा, लेकिन जो आरक्षण हमें संविधान के माध्यम से मिला हुआ है, उसको ये डायल्यूट करेंगे। ये इनका एजेंडा है, ये उसका हिस्सा है। इन्ही शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करती हूं। आखिर में एक ही शब्द बोलूंगी कि यह रिजर्वेशन नही है, यह इनका self-preservation है और कुछ नही है। बहुत-बहुत धन्यवाद, जय हिन्द!

श्री रामविलास पासवान: सतीश चन्द्र मिश्रा जी ने भी कहा और इन्होंने भी कहा है। प्रमोशन में रिजर्वेशन का जहां तक सवाल है, आपको मालूम है कि प्रमोशन में रिजर्वेशन का मामला काफी दिनों से सुप्रीम कोर्ट में था। हम लोग जब उधर थे, तब भी हम लोग मांग करते थे, लेकिन हमको इस बात की खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम आदेश लेकर 15 जून को आदेश जारी कर दिया गया, सर्कुलर जारी कर दिया गया। प्रमोशन में रिजर्वेशन चल रहा है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट का यदि अंतिम फैसला आएगा और उसमें यदि उन्होंने खिलाफ में दिया तो सरकार जैसे अन्य चीजों के लिए कानून बनाती है या ऑर्डनेन्स जारी करती है, हम उससे हिचकेंगे नही, लेकिन अभी प्रमोशन में रिजर्वेशन चल रहा है।...**(व्यवधान)**...

कुमारी शैलजा: ये जुमला है।

श्री अजय प्रताप सिंह (मध्य प्रदेश): आदरणीय सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस महत्वपूर्ण विषय पर जो बहस चल रही है, आपने उस बहस में मुझे हिस्सा लेने का अवसर दिया है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं संविधान संशोधन का जो ये विधेयक प्रस्तुत हुआ है, उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मुझे काफी देर से इस सदन में उपस्थित देश के मूर्धन्य वरिष्ठ नेताओं को सुनने का अवसर मिला है, इस विषय पर उनके विचार जानने का अवसर मिला है। मैं आज अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, मैं अभिभूत महसूस कर रहा हूं। इसका कारण यह है कि जो यह संशोधन विधेयक है, जिस पर इस सदन में चर्चा हो रही है, इस विधेयक पर अनेक दृष्टिकोणों से लोगों ने अपनी बातें कही हैं। उन सभी का बात कहने का लहजा अलग-अलग हो सकता है, लेकिन निष्कर्ष और निर्णय सब का एक ही है। सभी ने इस विधेयक का समर्थन किया है, ऐसे में मैं महसूस करता हूं कि हमारा भारतीय लोकतंत्र, जिसका हिस्सा आज हम सब यहां पर बने हुए हैं, कितना परिपक्व और मजबूत है। सभी का सोचने का अंदाज अलग हो सकता है, बोलने का अंदाज अलग हो सकता है, लेकिन देश की जो भावना है, उस भावना को हम सब बड़ी संवेदनशीलता के साथ

[श्री अजय प्रताप सिंह]

ग्रहण करते हैं, इसलिए अंत में हम सभी का निष्कर्ष एक होता है। जिस निष्कर्ष पर हम सब लोग पहुचें हैं और जिस भावना के साथ हमने इस विधेयक का समर्थन किया है, उसके लिए मैं सभी दलों के लोगों को साधुवाद देता हूं। बधाई देता हूं और धन्यवाद देता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस लंबी बहस में आरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर बहुत महत्व की चर्चा की गई है। आरक्षण के इतिहास के संबंध में भी चर्चा की गई है। आरक्षण की शुरुआत कब हुई, कैसे हुई, क्यों हुई, इसके संदर्भ में भी बहुत अच्छे तरीके से बताया गया है। जब हमारे देश की संविधान सभा का गठन हुआ था, उस समय के हमारे तत्कालीन प्रमुख नेताओं ने महसूस किया था कि हमारे देश में असमानता है। तब असमानता कई स्तरों पर थी। असमानता सामाजिक स्तर पर थी, असमानता व्यवहार के स्तर पर थी और असमानता आर्थिक स्तर पर भी थी। इस असमानता को दूर करने के लिए उन सभी ने बड़ी शिद्दत के साथ महसूस किया कि जो पीछे रह गए हैं, जो नीचे रह गए हैं, उनके लिए आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। इतिहास में उसका कारण जो भी रहा हो, मैं उसके विस्तार में चर्चा नही करना चाहता, लेकिन तत्कालीन नेताओं की यह भावना थी कि हम जब तक असमानता को दूर नही करेगें, तब तक हमारा भारत, सशक्त भारत नही बनेगा, तब तक हमारा भारत मजबूत भारत नही बनेगा तब तक हमारा भारत दुनिया में एक मिसाल के रूप में नही उभर सकेगा। हम कल्पना भी करते हैं कि अगर भारत को हम एक शरीर के रूप में देखें और शरीर का कोई अंग बहुत तंदुरुस्त, बहुत मजबूत हो तथा कोई अंग बहुत कमजोर हो, लुंज-पुंज हो, विकलांग हो, तो वह शरीर एक स्वस्थ शरीर नही माना जाता है। हम उसको विकलांग शरीर की श्रेणी में रखेंगे। अगर हमें स्वस्थ भारत देखना है, सक्षम भारत देखना है, जिसे हमारे नेताओं ने भी स्वयं महसूस किया था, तो आरक्षण का प्रावधान करना जरूरी है। आरक्षण के माध्यम से ही भारत में समरसता-शक्ति कायम हो सकती थी, भारत में समानता-शक्ति कायम हो सकती थी, भारत के सभी वर्गों को ताकत मिल सकती थी। इसको देने के लिए आज जो वैज्ञानिक पद्धतियां प्रचलित हैं, आज जिस तरीके से हमारे पास आकड़े उपलब्ध हो सकते हैं, आज जिस तरीके से हम विभिन्न स्रोतों से जानकारी जुटा सकते हैं, उस समय शायद इन पद्धतियों का अभाव था। शायद उस समय इतने वैज्ञानिक तरीके से हमारे पास आकड़े भी आ सकते थे, जानकारी भी एकत्रित हो सकती थी, तो ताल्कालिक रूप से इस पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सहायक हो सकती थी। तात्कालिक रूप, से असमानता को दूर करने के लिए, जातिगत आरक्षण की व्यवस्था करने के लिए तब हमारे तत्कालीन नेतागण आगे आए थे और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी। इस व्यवस्था के माध्यम से ही आज देश के अंदर बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। उस परिवर्तन को हम सब महसूस भी कर रहे हैं, लेकिन आज आज़ादी के 70 वर्ष के बाद एक बार फिर हम इस संदर्भ में विचार करने के लिए सदन में एकत्रित हुए है, उसका कारण यह है कि इन 70 वर्षों में बहुत सारा सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन भी आया है। जो किसी ज़माने में सौ एकड़ का काश्तकार था, अब वह सौ एकड़ का काश्तकार नही रह गया है, उसकी छठी और सातवी पीढ़ी आ गयी है और उस छठी और सातवी पीढ़ी में किसी के पास दो एकड़ की काश्त रह गयी है, किसी के पास तीन एकड़ की काश्त रह गयी है, किसी के पास पांच एकड़ की काश्त रह गयी है। जो 6 एकड़ का काश्तकार था, वह सम्पन्न व्यक्ति था, सम्पन्न वर्ग से आता था, लेकिन आज जो उसके परिजन है, जो उसके उत्तराधिकारी है, वे उस श्रेणी में नही रह गए है। इसलिए

आज आवश्यकता है कि उस वर्ग के बारे में विचार किया जाए, आज आवश्यकता है कि उनकी परिस्थितियों के बारे मे विचार किया जाए, उनकी बेहतरी के बारे मे विचार किया जाए। मैं आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने बहुत सामयिक निर्णय लिया है और उस परिस्थिति पर विचार करते हुए देश के ऐसे वर्ग को दस प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है । इसीलिए आज हम इस संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं। महोदय, बहुत सारे लोगों ने बहुत सारे आकड़ों की चर्चा की है । उन आंकड़ों की चर्चा करते हुए बहुत किन्तु-परन्तु लगाए हैं, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि चाहे 1946 हो या 2019 हो, दोनों ही समय में सभी लोगों ने इस बात को बड़ी शिद्दत के साथ महसूस किया था कि लोगों को आगे लाने के लिए, लोगों को मज़बूत करने के लिए, लोगों को ताकतवर बनाने के लिए आरक्षण एक सशक्त माध्यम है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): अजय प्रताप जी, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री अजय प्रताप सिंह: उस समय भी आरक्षण की बात की गयी थी और आज भी अगर नरेन्द्र मोदी सरकार यह प्रावधान लेकर आयी है तो इसी कारण से लेकर आयी है। कई लोगों ने इसको लाने की जो टाइमिंग है, उसके बारे मे प्रश्न उठाया तो मैं अपने मित्रों से कहना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी सरकार पूरे पांच वर्ष के लिए आयी है। उसमें महीना, दो महीने या तीन महीने की बात नही होती है। क्या तीन महीने अगर चुनाव में रह गए है तो हम पूरे देश में अराजकता दूर करने के लिए काम करना छोड़ दें? क्या पूरे देश मे अराजकता का वातावरण बन जाए? नरेन्द्र मोदी जी की सरकार पांच साल के लिए आयी है इसलिए वह पांचवें साल के अंतिम दिन तक काम करेगी और जो भी आवश्यकता है, देश हित मे जो भी प्रश्न है, उन सारे प्रश्नों को हल करने के लिए पूरी सरकार और पूरी पार्टी हमेशा प्रयास करेगी।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): धन्यवाद, अब समाप्त करें।

श्री अजय प्रताप सिंह: मैं एक मिनट की और बात करते हुए अपनी बात समाप्त करूंगा । हमारे विपक्षी साथियों ने इसकी व्यवस्था पर बहुत सारे प्रश्न चिन्ह लगाए हैं कि आप कैसे दे पाएंगे? उन्होंने न्यायालय की व्यवस्था की बात की, लेकिन मै आप सबको स्मरण दिलाना चाहता हूं कि चाहे इस पक्ष के हों या उस पक्ष के हों, सभी ने 2014 के लोक सभा चुनाव के अपने-अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि हम आर्थिक आधार पर आरक्षण देगा। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब आपको मालूम है कि नही दे सकते हैं, जैसा आज आप कह रहे है तो 2014 में आप किसको गुमराह कर रहे थे? क्या देश की जनता को गुमराह कर रहे थे? अगर आप अभी नही दे सकते है तो आपने 2014 के अपने मेनिफेस्टो में क्यो लिखा दिया? आपने अगर उस समय लिखा था, हमने भी लिखा था, तो हमें भी विश्वास था, आपको भी विश्वास था कि हम कोई बीच का रास्ता निकाल सकते हैं और वह रास्ता हमारे प्रधान मंत्री जी ने, हमारी सरकार ने इस संविधान संशोधन के माध्यम से निकाला है।

उपसभाध्यक्ष (भुवनेश्वर कालिता): धन्यवाद।

श्री अजय प्रताप सिंह: उपस्थित सदस्यों, आप सभी के बीच में मुझे अपनी बात कहने का अवसर मिला और बड़ी शिद्दत के साथ, बड़ी गंभीरता के साथ आप सबने मेरी बात सुनी, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The next speaker is Shrimati Thota Seetharama Lakshmi, she is not there. Shri D. Raja, you have only five minutes because by 9 o' clock we have to finish it.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, you take the sense of the House. If we need to sit, we would sit for more time. You take the sense of the House. This cannot go on like this. ...*(Interruptions)*... You say five minutes. How can I? Then, I would not speak. ...*(Interruptions)*...

PROF. RAM GOPAL YADAV: On record, thirteen minutes. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Time allotted to you is five minutes. ... *(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA : I understand. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Do not waste your time. ...*(Interruptions)*... What I am telling you is this. You make your speech. ...*(Interruptions)*... Do not waste your time. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA: This should have been followed with big parties also. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): No, no. ...*(Interruptions)*... Do not waste your time. That is what I am reminding you. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA: Sir, we are discussing a very important Constitution Amendment Bill. But, the way the Government has brought this Bill must disturb every concerned citizen in the country. The Bill has been signed on 7th January and the draft Bill was taken to Lok Sabha on 8th January and got it passed. Now, on 9th January, we are discussing this Bill. It is a Constitution Amendment Bill. The attitude of the Government is nothing but to undermine the Constitution, to undermine Parliament. This is what I can make out. It disturbs every concerned citizen in the country, the way the present Government has the attitude towards the Constitution given to us by Dr. Ambedkar and galaxy of leaders. What a great vision for building a modern India, a modern secular democratic republic. What is happening with this present Government? Is it the way to bring the Constitution Amendment of this nature? This is my number one observation.

My second observation is, we have heard many colleagues speaking on this Bill starting from Shri Kapil Sibal. And, everyone who spoke, to begin with, they all said that they would support the Bill. But, the arguments which everyone gave are all to oppose the Bill. In that way, all these arguments strengthen our plea that this Bill should

go to a Select Committee. This is my strong appeal to the entire House starting from Government to everybody. How can we pass such a Bill in haste? Why is this haste? The Government should explain as to why this haste is. It is because the Government is desperate, politically motivated to bring such a Bill. And, the first speaker from BJP referred that his Government believes in Sabka Saath Sabka Vikas. I am asking, Sabka Saath means what? I am asking, किसका साथ? I am telling you, today and yesterday, the workers across the country went on a nationwide strike. Why did they go on a nationwide strike? I mean the workers of all spheres of our economy. They say that this Government is not 'Mazdoor ke Saath' and, then, the Government is with corporate houses. The kisans came to Delhi. They had a huge demonstration but the farmers' distress continues. They say that the Government is not Kisan ke Saath. And, young people are all suffering from unemployment and under-employment. They say that this Government is not युवाओं के साथ। So, किसके साथ, this Government is? They should understand. They talk about reservation for economically weaker sections. Sir, I am telling you that this reservation as a State policy has been conceived and accepted in order to provide affirmative action, in order to take affirmative action for the socially, educationally backward communities. That is the problem. And, reservation based on income criteria is against the legislative intent. I do not know as the concerned Minister is not there and the Law Minister is not there. The reservation based on income criteria is against the legislative intent of the Constituent Assembly. It was evident from the statement of Dr. Ambedkar. You take note of it. You are taking the name of Dr. Ambedkar. It was Dr. Ambedkar who said in the Constituent Assembly that reservation would be ensured only against discrimination imposed by structures determined earlier. Now, I am telling you as to what those structures are. Shri Paswan has left. What is happening in Gujarat? A Dalit boy just started growing his moustache. He was lynched. What is the society we have today in India? What civilization are we talking about? India is a modern nation but a dalit boy cannot grow moustache; he is lynched. A dalit boy cannot ride on a horse back; he is lynched. The shadow of a little girl, who went to fetch water from a public well, fell on others and she was attacked. What is this India, I am asking! Is this what Dr. Ambedkar. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Your time is over. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA: Is this what Dr. Ambedkar said? My point is, when the Government talks about reservation for economically weaker sections, it means, already 49.5 per cent reservation is there for SC/ST and OBC. Sir, 50.5 per cent is for open category. It is open

[Shri D. Raja]

even to SC/ST and OBC. And you are talking away 10 per cent from that open category. What is the economic criterion? You are referring to Article 15 and Article 46. You read all these Articles in totality. Nowhere, does it talk about economic criteria. It talks about social backwardness and educational backwardness. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Mr. Raja, please conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA: Now, I am coming to that point. If you are so concerned about the Constitution, then, you look at the Directive Principles of State Policy. Who allowed that the wealth of the nation should be concentrated in the hands of a few individuals? I am asking you. That is part of the Constitution. What is your response to that? And you are backing all corporate houses, big business houses. Now, you have build up the private sector. I am asking the present Government: Does the present Government have the courage to bring a legislation to provide reservation in private sector? I am asking you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please conclude.

SHRI D. RAJA: If you have the courage, you bring the Bill. We will all support. The other day, the Finance Minister said in the other House that the Communists should not stop the benefits meant for the poor people. It is the Communists who have been fighting for education and employment for all. It is the Communists who have been fighting for healthcare and housing for all. It is the Communists who have been fighting for equality, liberty and fraternity among our citizens. That is why I am asking this Government whether this Bill is in tune with the Constitution, whether it will stand before judicial scrutiny, whether it will stand before social scrutiny across the country. That is why I am asking this Government to be magnanimous and not have the election consideration. This democracy will have to survive. The Constitution will have to survive. This nation will have to survive. That is why such a Constitution (Amendment) Bill should not be passed just like that in haste. It has to go to the Select committee as we demand and the entire House will have to support and refer it to the Select committee.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Now, Shri P. L. Punia.

श्री पी.एल. पुनिया (उत्तर प्रदेश): सर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। संविधान के 124 संशोधन बिल पर चर्चा हो रही है और इसमें ऐसे विशेष वर्ग को आरक्षण देने की बात है, जो न एस.सी. में है, न एस.टी. में है, न ओबीसी में है और अपर कास्ट जो रिजर्वेशन से प्रभावित नही है, उनको 10 परसेंट रिजर्वेशन देने की बात है।

(श्री उपसभापति *पीठासीन हुए)*

आर्टिकल 15 और आर्टिकल 16 में संशोधन करने के उपरांत यह सुविधा उनको उपलब्ध होगी। सर, मैं इस संशोधन बिल को समर्थन देने के लिए यहां पर खड़ा हुआ हूं। कांग्रेस पार्टी का विचार रहा है कि कुछ ऐसे वर्ग हैं, जो न एस.सी. में हैं, न एस.टी. में हैं, न ओ.बी.सी. में हैं, लेकिन वे बहुत गरीब हैं। वे अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में और कॉलेजों में पढ़ने के लिए नहीं भेज सकते हैं। उनके पास कृषि भूमि नहीं है, अन्य साधन नहीं हैं, इनकम के साधन नहीं हैं, इसलिए उनके लिए आरक्षण की आवश्यकता ठीक मानी गई। इसीलिए वर्ष 2014 के Election Manifesto में इसका प्रावधान किया गया। वैसे तो भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी की हर चीज से घृणा करती है, नफरत करती है और आलोचना करती है, लेकिन मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि जो हमने अपने Election Manifesto में प्रावधान किया था, उसका idea लेते हुए, वे यह संशोधन बिल लेकर आए हैं, इसलिए मैं आपका स्वागत करता हूं। हमने अपने Election Manifesto में जो शब्दावली रखी थी, उसी तरह से और लोक सभा में वित्त मंत्री जी ने अपने संबोधन में उसका उल्लेख किया था और Election Manifesto में जो प्रावधान था, उसे भी पढ़कर सुनाया। महोदय, चूंकि उपसभापति जी ने बहुत कम समय दिया है, इसलिए मैं सिर्फ bullet points में ही बात करूंगा। Scheduled Castes की 16.8 परसेंट population है, उसका सिर्फ 15 परसेंट reservation है। इसी प्रकार एसटी की 8.6 परसेंट population है, लेकिन उसका भी reservation 7.5 परसेंट है। ओबीसी की population 54 परसेंट है, उसका reservation केवल 27 परसेंट है। इस तरह से देश की 80 फीसदी जनसंख्या को 49.5 परसेंट reservation प्राप्त है। इस प्रकार देखें, तो बाकी 20 परसेंट को 50.5 परसेंट आरक्षण उपलब्ध है। यह अपनी जगह एक विषम परिस्थिति है। NDA सरकार ने विशेष रूप से यह कर दिया कि reservation category का आदमी general category में compete नही कर सकता और उनका general category में recruitment नही किया जा सकता। इसी प्रकार general seat का आदमी reserve seat के लिए compete नही कर सकता। इस तरीके से जो बाकी के 20 परसेंट हैं, उनके लिए 50.5 परसेंट reservation किया गया है।

महोदय, आदरणीय कुमारी शैलजा जी ने टीना डाबी का उल्लेख किया कि ऐसी भी topper हैं, जिन्होंने IAS में top किया, लेकिन उन्हें general category में नही रखा गया, बल्कि उन्हें SC category में रखा गया और उन्हें एक reserved seat के against रखा गया। यह दुर्भाग्य की बात है। मैंने यही पर, इसी सदन में इसका उल्लेख इसलिए किया कि इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए कि जो होनहार students हैं, युवतियां हैं या लड़कियां हैं, जो general में compete करती हैं, तो उन्हें general में consider किया जाना चाहिए। महोदय, यहां जवाब देते समय और बात करते समय, माननीय कानून मंत्री जी ने कहा था कि उदारता बरतनी चाहिए। श्री झा ने भारतीय जनता पार्टी की तरफ से debate की शुरुआत की थी, उन्होंने कहा था कि उदार मन से इसका स्वागत कीजिए। यह उदारता तो ठीक है, जो आपने general castes के लिए 10 परसेंट का reservation किया और उदारता दिखाई, अच्छा है, हम उसका समर्थन भी करते हैं, लेकिन यही उदारता आपने SC, ST और OBC के लिए क्यों नही दिखाई? इस बात का उल्लेख आदरणीय शैलजा जी ने किया कि आपने Tribal Sub-Plan और Scheduled Sub-Plan खत्म कर दिए। वर्ष 1976 में जब श्रीमती इंदिरा गांधी जी प्राइम मिनिस्टर थी, तब उन्होंने Tribal Sub-Plan शुरू किया गया और और वर्ष 1980 में जब फिर श्रीमती इंदिरा गांधी प्राइम मिनिस्टर

[श्री पी. एल. पुनिया]

हुईं, तो Scheduled Castes Sub-Plan शुरू किया गया। इससे monitoring होती थी, इससे accountability establish होती थी। NDA सरकार ने तो पिछले चार-साढ़े चार साल में योजना को ही खत्म कर दिया। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय पुनिया जी, आपने पांच मिनट बोला। मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहूंगा कि अब लगभग पौने नौ बज चुके हैं। हम लोगों ने आठ बजे तक बहस को conclude करने की बात कही थी। अन्ततः सवा नौ बजे तक हम सब इसे conclude करें और Voting का process शुरू करेंगे। इसलिए मेरा सभी बचे हुए माननीय सदस्यों से आग्रह है कि तीन-तीन मिनट के अंदर अपनी बात खत्म करें। ...**(व्यवधान)**... पुनिया जी, आप प्वाइंट्स के रूप में अपनी बात कह कर शीघ्र समाप्त करें। ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए। आपकी कोई बात record पर नही जा रही है।

श्री पी.एल. पुनिया: सर, मैं तीन मिनट में अपनी बात कैसे समाप्त करूं? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, मुझे मालूम है, आप बहुत सक्षम हैं। आपमें अपनी बात कहने की बहुत सक्षम कला है। ...**(व्यवधान)**... कृपया आप बैठें। पुनिया जी, आप अपनी बात खत्म करें।

श्री पी.एल. पुनिया: महोदय, हम लोग उम्मीद रखते थे कि इस कैबिनेट में रामविलास पासवान जी हैं और थावर चन्द गहलोत जी हैं, इसलिए हमारे हितों की रक्षा होगी। लेकिन जिस तरह की बातें हुई, इस बीच जिस तरह के डिसीज़न्स लिए गए हैं, जिस तरह से एस.सी./एस.टी. और ओबीसी वर्ग की उपेक्षा हुई है, उससे हमें बहुत निराशा हाथ लगी है। रिजर्वेशन के ऊपर इनकी टेढ़ी नजर है। एस.सी./एस.टी. और ओबीसी वर्ग के लिए अफर्मेटिव एक्शन का वही एक मुख्य साधन है, लेकिन इनकी उस पर टेढ़ी नजर है। यह बार-बार कहा जाता है, भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता भी और रिमोट कंट्रोल की तरफ से भी यह कहा जाता है कि रिजर्वेशन को खत्म किया जाए, उसका review किया जाए। मैं पूछना चाहता हूं कि उसका review क्यों किया जाए? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: पुनिया जी, मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं, आप इसको conclude करें, already छह ...**(व्यवधान)**...

श्री पी.एल. पुनिया: मैं यह पूछना चाहता हूं कि जो backlog in vacancies है, उसके लिए आपने स्पेशल रिक्रूटमेंट क्यों नहीं किया? हम यूपीए सरकार के दौरान देखते थे, हर विभाग का, पीएसयूज़ का स्पेशल रिक्रूटमेंट होता था, लेकिन वह स्पेशल रिक्रूटमेंट बंद किया गया। आज लाखों वेकेंसीज़ पड़ी हुई हैं, इसलिए उनका लाभ उनको मिलना चाहिए। एजुकेशन इंस्टीट्यूशन्स के लिए आपने कहा कि उसमें एस.सी./एस.टी. वर्ग के लोगों के लिए कोई लिमिट नहीं है, मैं यह जानना चाहता हूं, क्या यह सही नहीं है कि शैड्यूल्ड कास्ट के कैंडिडेट को scholarship पाने के लिए, होस्टल में सुविधा पाने के लिए ढाई लाख की इनकम लिमिट फिक्सड है? इसमें 8 लाख की पात्रता रखी जा रही है, लेकिन अगर शैड्यूल्ड कास्ट के व्यक्ति के लिए ढाई लाख की आमदनी फिक्सड है, तो वहाँ कहाँ का व्यक्ति आएगा? हम यह असलियत भी इस सरकार से जानना चाहते हैं कि इसमें कितने लोगों को exclude किया जा रहा है? इनके अपने कार्यकाल में, जैसे उल्लेख किया ...**(व्यवधान)**... यूजीसी ने कंट्रोल करने का काम किया। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: पुनिया जी, कृपया conclude करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री पी.एल. पुनिया: पूरा रिज़र्वेशन, शैक्षणिक से ...**(व्यवधान)**... एजुकेशन सिस्टम में ...**(व्यवधान)**... पूरा रिजर्वेशन खत्म करने का काम किया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: पुनिया जी, कृपया conclude करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री पी.एल. पुनिया: इंडियन ज्यूडिशियल सिस्टम की - आदरणीय गहलोत जी यहाँ बैठे हुए हैं, आदरणीय रामविलास पासवान जी ने अपने यहां पर मीटिंग भी बुलाई थी कि संभवत: प्रधान मंत्री जी कुछ विचार करने जा रहे हैं, लेकिन वह जो representation वगैरह दिया था। ...**(व्यवधान)**... उस पर आज तक कुछ नहीं हुआ। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: 8 मिनट हो चुके हैं, आप कृपया concldue करें। मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊंगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री पी.एल. पुनिया: मैं केवल एक बात और कहूंगा। सरकारी क्षेत्र में और पीएसयूज़ में नौकरियां नहीं हैं और जो पीएसयूज़ हैं, वे प्राइवेट सेक्टर में जा रहे हैं, उनका disinvestment हो रहा है, वहाँ कोई नौकरियां नहीं हैं, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में नौकरियां हैं। ...**(समय की घंटी)**... जब तक वहाँ पर रिज़र्वेशन नहीं होगा, तब तक कैसे काम चलेगा? इंडियन ज्यूडिशियल सर्विस हो ...**(व्यवधान)**... प्राइवेट सेक्टर में रिज़र्वेशन होना चाहिए। ...**(व्यवधान)**... कानून मंत्री जी ने कहा, वित्त मंत्री जी ने कहा कि यह कानून केंद्र पर लागू है, राज्यों पर बाध्यकारी है ...**(व्यवधान)**... उनको रिज़र्वेशन देना होगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: पुनिया जी, अब मैं दूसरे स्पीकर को invite कर रहा हूं। ...**(व्यवधान)**... श्रीमती तोटा सीताराम लक्ष्मी। ...**(व्यवधान)**...

श्री पी.एल. पुनिया: मैं यह पूछना चाहता हूं ...**(व्यवधान)**... क्या यह सही नहीं है कि पूरे के पूरे रिज़र्वेशन सिस्टम का ...**(व्यवधान)**... enabling क्लॉज़ है? ...**(व्यवधान)**... चाहे ...reservation in educational institutions,... reservation in promotions. Nothing shall prevail. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: मैं बताना चाहूंगा ...**(व्यवधान)**... श्रीमती तोटा सीताराम लक्ष्मी। ...**(व्यवधान)**... आपके पास चार मिनट का समय है। ...**(व्यवधान)**... तीन स्पीकर्स हैं, इसलिए कृपा करके एक-एक मिनट में अपनी बात कहें। ...**(व्यवधान)**...

श्री पी.एल. पुनिया: बाध्यकारी नहीं हैं। ...**(व्यवधान)**... इसलिए ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: प्लीज़ आप खत्म करें। ...**(व्यवधान)**... श्रीमती तोटा सीताराम लक्ष्मी। ...**(व्यवधान)**... सिर्फ आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**... आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... पुनिया जी, अब आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...**(व्यवधान)**... श्रीमती तोटा सीताराम लक्ष्मी ...**(व्यवधान)**... अब आप कहें ...**(व्यवधान)**... आप बोलें।

श्री पी.एल. पुनिया: *

SHRIMATI THOTA SEETHARAMA LAKSHMI (Andhra Pradesh): Hon'ble Deputy Chairman Sir, nearly 50 Parliamentarians were suspended in the other House of Parliament and this Constitution (One Hundred and Twenty Fourth Amendment) Bill, 2019 was listed on the last day of the Sessions. Telugu Desam Party supports this Bill but nearly 50 Members of Parliament belonging to both TDP and AIADMK were suspended from the House in Lok Sabha. TDP Members were suspended for almost four days because they were fighting for the Special Category Status to the State of Andhra Pradesh and demanded to implement all the points mentioned in Andhra Pradesh Reorganisation Act, 2014. It is very unfortunate that this Bill is listed in the business on the last day of the session in a hurried manner. This decision of the Central Government to introduce this Bill in haste will do injustice to the people. Sir, Women's Reservation Bill is pending. Reservation for the Kapu Community is pending too. Hon'ble Chief Minister of Andhra Pradesh Shri Chandrababu Naidu has allotted thousand crores for the Kapu Reservation. Andhra Pradesh Government has made a resolution for the same and sent it to the Central Government. Sir, all these Bills are pending and yet this Bill has been brought by the Central Government. Sir, I want to make it clear that we support this Constitution (One Hundred and Twenty Fourth Amendment) Bill. Sir, I request that along with this Bill, the Bills for Women's Reservation and Kapu Reservation should be passed. And all the promises made on this floor of the House towards Andhra Pradesh to be fulfilled, including Special Category Status. Sir, the States should also implement 10 per cent reservation for the Economically Backward Communities according to their population census. This Bill is brought in a hurried manner keeping elections in mind and creating confusion among people. Sir, it is better if this Bill is sent to Select Committee where it goes through a thorough scrutiny as suggested by the senior members of the House. I support this Bill. Thank You Sir.

श्री उपसभापति: माननीय संजय सिंह जी। आप कृपया समय का ध्यान रखें।

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली): उपसभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आपका बहुत धन्यवाद करना चाहूँगा कि आपने इस विषय पर मुझे अपनी बात कहने का अवसर दिया। मान्यवर, आज मुझे वह दृश्य याद आ रहा है कि जब भी यह सरकार कोई फैसला करती है, उसका प्रचार इतने जोर-शोर के साथ किया जाता है, ऐसा मालूम पड़ता है कि दीपावली का पर्व आ गया। हम लोगों ने यह कई बार देखा है। जब नोटबंदी का फैसला किया गया, पूरे देश में जश्न मनवाया गया। कहा गया कि काला धन खत्म हो जाएगा, आतंकवाद खत्म हो जाएगा, जाली नोट खत्म हो जाएगा। उसका परिणाम

* Not recorded.
† English translation of the original speech delivered in Telugu.

क्या हो गया कि सौ लोगों ने अपनी जिन्दगियाँ लाइन में लग कर खत्म की। काला धन तो खत्म नही हुआ, जाली नोट भी खत्म नही हुआ, लेकिन देश के अन्दर सौ जिन्दगियाँ लाइन में लग कर खत्म हो गईं और 99.3 प्रतिशत पैसा बैंको में वापस आ गया। यानी नोटबंदी की योजना आपकी एक फेल योजना थी, लेकिन आपने उसका भी जश्न मनवाया। आप GST लेकर आए। आधी रात में हिन्दुस्तान के लोगों को आजादी देने लगे। मान्यवर, बड़ी विचित्र सरकार है कि इस पूरे देश में टैक्स बढ़ाने का भी जश्न मनवा दिया। बोले कि जश्न मनाओ, 5 परसेंट से आपका टैक्स 28 परसेंट हो रहा है, उसका भी जश्न मनवा दिया। आज उसी प्रकार का दृश्य यहाँ पर देखने को मिल रहा है कि इस आरक्षण के तहत आपने गरीब सवर्णों को * देने का काम किया है और उसके बाद भी पूरे देश में जश्न मनवा रहे हैं कि जश्न मनाओ सवर्णों, हम आपको आरक्षण दे रहे हैं। मान्यवर, मैं बड़ी विनम्रतापूर्वक सरकार से पूछना चाहता हूँ और पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कहना चाहता हूँ कि भारत की राजधानी तो दिल्ली है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की राजधानी कहाँ है, पूरा देश जानता है और यह दस्तावेज उस राजधानी से आपके पास आया है। वह जो आपकी राजधानी है, उस राजधानी में जो प्रमुख बैठते हैं, वह प्रमुख दलितों के विरोधी हैं, वह प्रमुख पिछड़ों के विरोधी हैं। उसी प्रमुख ने बिहार के चुनाव में कहा था कि इस देश के अन्दर दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म होना चाहिए। ...**(व्यवधान)**... खत्म होना चाहिए। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, यह तरीका ठीक नही है। ...**(व्यवधान)**... यह तरीका ठीक नही है। ...**(व्यवधान)**... यह तरीका बिल्कुल ठीक नही है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप अपनी बात कहें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: मुझे अपनी बात कहने दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, आप अपनी बात कहें, नही तो मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊँगा। ...**(व्यवधान)**... प्लीज अपनी बात कहें। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा (नाम निर्देशित): सर, इसे कार्यवाही से बाहर कीजिए। ...**(व्यवधान)**...सर, इसे कार्यवाही से बाहर कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप लोग बैठें। ...**(व्यवधान)**... कृपया अपनी जगह लें। ...**(व्यवधान)**... कृपया अपनी जगह लें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: मान्यवर, ये वही प्रमुख हैं, यह नागपुर के प्रमुख ने कहा है कि दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करो। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: राकेश जी, कृपया अपनी जगह पर बैठें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: इसके लिए यह बिल लाया गया है। ...**(व्यवधान)**... दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने की मंशा के साथ यह बिल लाया गया है। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, यह बिल उसकी शुरुआत है। ...**(व्यवधान)**... मैं पूछना चाहता हूँ कि नागपुर में जो प्रमुख बैठते हैं, ...**(व्यवधान)**... 90 साल

* Expunged as ordered by the Chair.

[श्री संजय सिंह]

से वह संस्था काम कर रही है। ...**(व्यवधान)**... सर, अगर मे ऐसे बोलेंगे, तो यह ठीक नही है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप लोग बैठें। ...**(व्यवधान)**... संजय जी, आप अपनी बात कहें। ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: फिर मैं एक भी स्पीकर को नही बोलने दूँगा। ...**(व्यवधान)**... यह गलत बात है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: प्लीज, आप बैठें। ...**(व्यवधान)**... यह examine होगा, अगर कोई गलत बात होगी, तो उसे रिकार्ड से निकाल दिया जाएगा। ...**(व्यवधान)**... प्लीज। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: 90 साल से नागपुर, जो इनकी राजधानी है, उस नागपुर की राजधानी में 90 साल से एक भी प्रमुख दलित और पिछड़ा नही बैठा है। मान्यवर, यह इनकी मानसिकता है। ...**(व्यवधान)**... ये लोग दलितों और पिछड़ों के विरोधी हैं, इस मंशा के साथ यह बिल लाया गया है। ...**(व्यवधान)**... मैं आपसे पूछना चाहता हूं, आपने आठ लाख की सीमा तय कर दी ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: राकेश जी, कृपया आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: मैं पूछना चाहता हूं कि इन्होंने आठ लाख की सीमा तय कर दी। ...**(व्यवधान)**... जिस दिन से आम आदमी पार्टी आई है, उस दिन से मिलकर सब विरोध करते हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, आप अपनी बात कहें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: यह आपने नया तरीका अपना लिया है। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, फिर उधर से एक भी स्पीकर नही बोलने पाएगा ...**(व्यवधान)**... यह तरीका ठीक नही है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपके पास सिर्फ एक मिनट का समय है। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: वे लोग तो दस-दस मिनट तक बोले हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपके पास सिर्फ एक मिनट है। ...**(व्यवधान)**... आप जल्दी बोले, नही तो मैं अगले स्पीकर पर चला जाऊंगा ...**(व्यवधान)**... संजय जी, मैं पुन: आपको कह रहा हूं, प्लीज़ कन्क्लूड करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं, आपने आठ लाख की सीमा रख दी। आठ लाख की सीमा में लगभग 95 प्रतिशत सवर्ण कवर हो जाएंगे। ...**(व्यवधान)**... फिर आठ लाख की सीमा के ऊपर पांच प्रतिशत सवर्ण बच गए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपका समय खत्म हो गया है, आप जल्दी कल्क्लूड करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: उन लोगों ने दस-दस मिनट बोला है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप अपनी बात कहते रहें, उनकी ओर मत देखें। ...**(व्यवधान)**... मैं आपसे कह रहा हूं, अभी सिर्फ आपकी बात ही रिकार्ड पर जा रही है। ...**(व्यवधान)**... मैं आपसे बार-बार आग्रह कर रहा हूं, अदरवाइज़ मैं दूसरे वक्ता का नाम बुलाऊंगा ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: मान्यवर, जो पांच प्रतिशत सवर्ण हैं, वे आठ लाख से ऊपर की आमदनी के हैं, तो 95 प्रतिशत सवर्णों को अपने दस प्रतिशत आरक्षण दे दिया और पांच प्रतिशत, जो अमीर सवर्ण हैं, जो आपके मित्रों की सूची में आते हैं, उनको आपने 40 प्रतिशत जनरल कैटेगरी का कोटा दे दिया कि अब आप उसमें आरक्षण लीजिए। मान्यवर, यह कैसी विसंगति है? यह तो आप गरीब सवर्णों के साथ अत्याचार कर रहे हैं, अन्याय कर रहे हैं। ...**(समय की घंटी)**... मैं इस सदन में यह बात कहना चाहता हूं कि पिछड़ों की बात करने वाले और दलितों की बात करने वाले दल यहां पर मौजूद हैं। मैं आपसे हाथ जोड़ कर विनम्रतापूर्वक यह कहना चाहता हूं कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। आज अगर यह बिल पास हो गया, तो याद रखना कि आने वाले दिनों में अपनी मंशा के तहत, जो आरएसएस 90 साल तक किसी दलित को प्रमुख नही बना पाई ...**(समय की घंटी)**... वह दलितों और पिछड़ों को आरक्षण ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप अपनी बात को कन्क्लूड करें। ...**(व्यवधान)**... आप अंतिम बात कह कर कन्क्लूड करें। ...(समय की घंटी)...

श्री संजय सिंह: मान्यवर, मैं आपको बताना चाहता हूं, यहां डा. लोहिया की बात हुई और डा. लोहिया का नारा था, "चपरासी हो या राष्ट्रपति की संतान, सबको शिक्षा एक समान"। मैं बड़े गर्व के साथ इस सदन में कहना चाहता हूं कि उस समान शिक्षा का माडॅल दिल्ली के अंदर, केजरीवाल जी की सरकार ने दुनिया में स्थापित करने का काम किया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपका समय खत्म हो गया है, प्लीज कन्नक्लूड करें। ...**(व्यवधान)**... आप खत्म करें, नही तो मैं दूसरा नाम पुकारूंगा ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: मान्यवर, मैं एक बात और कहूंगा ...**(व्यवधान)**... आपने दूसरों को इतना समय दिया, आप मेरे साथ अन्याय क्यों कर रहे हैं?

श्री उपसभापति: आपके पास इतना ही समय था ...**(व्यवधान)**... आपकी पार्टी का जो समय था, मैंने आपको उससे अधिक समय दिया है।

श्री संजय सिंह: मान्यवर, इनका यह तरीका ठीक नही है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं समय के अनुसार बाध्य हूं, आप अपनी बात जल्द खत्म करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: मान्यवर, मुझे सिर्फ दो मिनट का समय और दीजिए। राज्यों में 26 लाख नौकरियां रिक्त हैं और वहां पर आपकी सरकारें हैं। आप उन रिक्तियों को भरने का काम कीजिए। केन्द्र के अन्दर जितनी भी सरकारी बिल्डिंग्ज हैं, ड्राइवर से लेकर ...**(समय की घंटी)**... मान्यवर, दो मिनट और दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: ऑलरेडी मैं आपको बहुत अधिक समय दे चुका हूं। ...**(व्यवधान)**... आप एक मिनट में अपनी बात खत्म करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: ड्राइवर, सिक्योरिटी गार्ड से लेकर सफाई कर्मी तक के काम में आपने प्राइवेट एजेंसियों को लगा दिया। वहां आरक्षण का क्या होगा? अभी माननीय कानून मंत्री जी यहां पर कह रहे थे कि उनकी पार्टी ने, जब-जब मुख्य मंत्री बनाने की बात आई, पिछड़ो का ख्याल रखा, दलितों का ख्याल रखा। मैं आपसे बड़ी विनम्रतापूर्वक पूछना चाहता हूं, राजस्थान में आपकी मुख्यमंत्री कौन थी? छत्तीसगढ़ में आपके मुख्यमंत्री कौन थे? गोवा में आपके मुख्यमंत्री कौन हैं? उत्तराखंड में आपके मुख्य मंत्री कौन हैं? महाराष्ट्र में आपके मुख्य मंत्री कौन हैं? उत्तर प्रदेश में आपके मुख्य मंत्री कौन हैं? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, आप खत्म करें, मैं दूसरे स्पीकर को बुला रहा हूं ...**(व्यवधान)**... ऑलरेडी मैंने आपको तीन मिनट अधिक समय दे दिया है, अब आप अपनी बात खत्म करें ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: इस पार्टी की विचारधारा दलितों, पिछड़ों के खिलाफ है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय राकेश सिन्हा जी, आप बोलिए। आपके दल से तीन स्पीकर हैं, मैं आग्रह करूंगा कि आप समय के तहत अपनी बात कहें। ...**(व्यवधान)**... संजय जी, अब आपकी बात रिकार्ड पर नही जाएगी। ...**(व्यवधान)**... राकेश जी, आप शुरू करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: *

श्री उपसभापति: कृपया आप समय का ध्यान रखें। आपकी पार्टी से तीन वक्ता हैं और समय के तहत ही हमें इसे खत्म करना है। अभी माननीय मंत्री जी का जवाब भी होना है और फिर वोटिंग भी होनी है। हम यह बहस अनन्त काल तक नही चला सकते। इसकी एक मर्यादा है, एक सीमा है, जिसका पालन हम सब लोगों को करना होगा। अब आप बोलें।

श्री राकेश सिन्हा: उपसभापति महोदय, आज का दिन वह ऐतिहासिक दिन है, जिस दिन संविधान में एक असाधारण परिवर्तन हो रहा है। इतिहास इसे स्वर्णिम दिन के रूप में जानेगा। मैं इस बिल पर आने से पहले कुछ खुदरा मामले निपटा लेना चाहता हूँ। कांग्रेस पार्टी के वक्ताओं ने एक बात बार-बार कही कि किस विधेयक पर आप कितने दिन बहस कर रहे हैं और एक दिन में बहस करके इसको निपटाना चाहते हैं। मित्रों, 1976 में ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया शान्ति बनाये रखें। आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... आप चेयर की ओर देख कर अपनी बात कहें। ...**(व्यवधान)**... राकेश जी, आप चेयर की ओर देख कर बोलें। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: महोदय, 1976 में संविधान के मूल चरित्र में परिवर्तन करने के लिए इसी हॉल में कितने मिनट लगे, जब सेक्युलरिज्म और सोशलिज्म शब्दों को जोड़ दिया गया? उस सदन में कौन बैठे

* Expunged as ordered by the Chair.

हुए थे? ...**(व्यवधान)**... उपसभापति महोदय, आप जिस विचारधारा के पोषक रहे हैं, वह देश जेल में बन्द था और संविधान में परिवर्तन किया जा रहा था। इसके लिए कांग्रेस पार्टी पहले देश से माफी माँगे। ...**(व्यवधान)**... मैं दूसरी बात निपटाना चाहता हूँ। ...**(व्यवधाना)**... मैं दूसरे मामले को निपटा लेना चाहता हूँ। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: सर ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: महोदय, जिस पार्टी से संजय सिंह जी हैं और जिस पार्टी की तरफ से वे बोल रहे थे, मैं उम्मीद करूँगा कि अगले चुनाव में आम आदमी पार्टी किसी दलित व्यक्ति को मुख्य मंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत करेगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: सर ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, आप कृपा करके अपनी सीट पर बैठें। ...**(व्यवधान)**... आपकी कोई बात रिकार्ड पर नही जायेगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय सिंह: *

श्री उपसभापति: राकेश जी, आप बोलें। आपकी बात ही रिकार्ड पर जायेगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: महोदय, तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, आप कृपया अपनी जगह पर बैठें। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: महोदय, ...**(व्यवधान)**... वे आज सदन में नही हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: राकेश जी ...**(व्यवधान)**... आपको अपनी जो बात कहनी है, कृपया इधर देख कर कहें। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: उपसभापति महोदय, मैं बोल नही पा रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बोलिए।

श्री राकेश सिन्हा: मैंने कभी किसी को टोका-टाकी नही की। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... आप दो मिनट ले चुके हैं। ...**(व्यवधान)**... आपके पास सिर्फ तीन मिनट बाकी हैं। ...**(व्यवधान)**... आप लोग कृपया बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूँ। जो मूल प्रश्न है कि इस संविधान संशोधन का आधार क्या है, इस पर मैं एक टिप्पणी करना चाहता हूँ। हमने आर्टिकल 15 को क्वोट किया, हमने आर्टिकल 16 को क्वोट किया और उनके प्रावधानों को क्वोट किया, लेकिन जब इस संविधान को आप सचमुच में जानना चाहते हैं, तो इसे संविधान सभा की बहस के आईने में ही देखना पड़ेगा। आखिर आर्टिकल्स 15 और 16 कैसे आये? ये प्रावधान कैसे आये? उसका एक मूल कारण है। संविधान सभा में

* Not recorded.

[श्री राकेश सिन्हा]

9.00 P.M.

दो शब्दों पर बहस हुई थी। वे दो शब्द थे- 'differences' and 'disadvantages' और उस पर घंटो नही, दिनों बहस हुई कि 'differences' का क्या meaning है और 'disadvantages' का क्या meaning है? तो उस संविधान सभा में एक बात आयी कि 'differences' का मतलब है- socio-cultural differences that can be overcome, लेकिन उपसभापति महोदय, जो 'disadvantages' हैं, वे historically inflicted disadvantages हैं। वे ऐसे disadvantages हैं, जिनके लिए उनको protection की आवश्यकता है। इसलिए संविधान सभा के तहत संविधान में जो बात आयी, उसमें Scheduled Castes, Scheduled Tribes को और जब बाद में OBCs को हम जोड़ते हैं, तो वह disadvantages की category में आता है। आज मैंने कहा कि यह असाधारण है। उसका एक बड़ा कारण है। संविधान सभा ने जब socio-cultural differences की बात कही और 1976 में आपने 'Sociolism' शब्द को जोड़ा, तो यदि हम 'Socialism' शब्द को लेते हैं, तो वह religion और caste neutral होता है। यह विधेयक religion neutral विधेयक है। भारत के इतिहास में पहली बार आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने एक ऐसा विधेयक लाने का काम किया है, जो सभी धर्मों के सभी गरीब लोगों तक पहुँचने का काम कर रहा है। ...**(व्यवधान)**... आप सुन लीजिए। ...**(व्यवधान)**... मैं इसका एक दूसरा पक्ष बताना चाहता हूँ।

श्री उपसभापति: आपके पास एक मिनट का समय और है। ...**(व्यवधान)**... कृपया अपनी बात खत्म करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री विजय गोयल: महोदय ...**(व्यवधान)**... कृपया इनको 3 मिनट और दे दिये जाएँ। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: ठीक है। परन्तु आप उनसे आग्रह करें कि वे तीन मिनट बाद स्वत: बैठ जाएँ।

श्री राकेश सिन्हा: उपसभापति महोदय, मेरा तीन मिनट का समय तो टोका-टाकी में चला जाता है।

श्री उपसभापति: आप तीन मिनट में अपनी बात खत्म करें।

श्री राकेश सिन्हा: महोदय, मैंने difference के बारे में कहा कि संविधान सभा में जो socio-cultural differences की बात कही गयी थी, उसमें नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने उस चीज़ को जोड़ा है, जो कमी थी। Socio-cultural differences में wealth के differences, status के differences, dignity के differences, ये तीनों चीजें missing थी और नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इन तीनों चीज़ों को जोड़ कर उन differences को संविधान सभा की हकीकत बना कर गरीबों के दरवाजे तक इस विधेयक को ले जाने का काम किया है।

अब मैं दूसरे विधेयक पर आना चाहता हूं। यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। ...**(व्यवधान)**... यहां राम गोपाल जी और सतीश मिश्रा जी की वाणी में थोड़ी समानता दिखाई पड़ने लगी है। ...**(व्यवधान)**... पता नही साइकिल के नीचे हाथी आएगा या हाथी के ऊपर साइकिल आएगी? ...**(व्यवधान)**... मुझे मालूम नही। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बोले, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। ...**(व्यवधान)**... आप कृपया बैठें। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: आप चिन्ता मत कीजिए, हम सब पर भारी पड़ने वाले हैं ...**(व्यवधान)**... इसकी चिन्ता बिल्कुल मत कीजिए। ...**(व्यवधान)**... मैं दो बातें कहना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपके पास सिर्फ दो मिनट का समय है। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: आज राज्य सभा में धर्म के नाम पर आरक्षण की मांग करके इस देश में आज़ादी से पहले की जो राजनीति थी, उसे जीवित करने की कोशिश दोनों नेताओं ने की है। ...**(व्यवधान)**... सभापति महोदय, मैं यहां तीन लोगों के नाम लेना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... श्री आर. लालकृष्ण सिधवा पारसी थे, एच.सी. मुखर्जी ईसाई थे और तज़मुल हुसैन मुस्लिम थे। तीनों के संविधान सभा में दिए भाषण को पढ़ लीजिए। ...**(व्यवधान)**... उन्होंने कहा था कि minority communities का जो creation है, these are creations of the British. Britishers have gone. We have come. With them, the concept of minority has also gone. उन्होंने अपील की थी कि minority शब्द को अपनी dictionary से निकालकर बाहर फेंक दीजिए। ...**(व्यवधान)**... लेकिन राम गोपाल जी, सतीश मिश्रा जी और कांग्रेस के लोग उस minority शब्द को पहला शब्द बनाकर रखना चाहते हैं। ...**(व्यवधान)**... दो बातें और कहकर मैं समाप्त करना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... यहां बार-बार कहा गया कि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पिछले साढ़े चार साल में क्या किया? ...**(व्यवधान)**... आप जरा शांत रहिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: अब आप अपनी बात एक मिनट में खत्म करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: सभापति महोदय, मुझे कोई कांग्रेस का नेता यहां बता दे कि 1947 से लेकर 2018 तक किसी पार्टी ने 90,000 लोगों को रोज़गार देने का advertisement एक दिन में निकाला हो - रेलवे का निकला है। ...**(व्यवधान)**... हमारी सरकार के समय 90,000 लोगों की भर्ती का advertisement निकला है। आप कोई ऐसा advertisement निकालकर दिखा दीजिए। ...**(व्यवधान)**... मुद्रा योजना में ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: अब आप अपनी बात समाप्त करें। ...**(व्यवधान)**... पुनिया साहब आप बैठें। ...**(व्यवधान)**... राकेश जी, आप अपनी बात खत्म करें। ...**(व्यवधान)**... मैं दूसरे वक्ता को बुलाऊंगा। ...**(व्यवधान)**... जो आपके लिए समय तय था, वह आपने ले लिया। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: मुद्रा योजना में 12 करोड़ लोगों को ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊंगा, आप कृपया अपनी बात को खत्म करें। ...**(व्यवधान)**... Please conclude.

श्री राकेश सिन्हा: मैं समाप्त कर रहा हूं। मुद्रा योजना में 12 करोड़ लोगों को ऋण दिया गया। ...**(व्यवधान)**... 1,75,312 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया। ...**(व्यवधान)**... जिनमें से 55 प्रतिशत OBC and SC, ST के लोग हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं आपको इससे आगे allow नहीं करूंगा। ...**(व्यवधान)**... आप शीघ्र खत्म करें। मैं दूसरे स्पीकर को बुलाता हूं। ...**(व्यवधान)**... Please conclude.

श्री राकेश सिन्हा: माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जो अपने साक्षात्कार में कहा, मैं उसकी याद दिलाना चाहता हूं। एक statesman के नाते उन्होंने विपक्ष के नेताओं से अपील की थी। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: राकेश जी, मुझे दूसरे स्पीकर को बुलाना पड़ेगा। ...**(व्यवधान)**... Please conclude.

श्री राकेश सिन्हा: उच्चतम न्यायालय में राम जन्मभूमि के मुद्दे पर आपने जिस तरह का अड़ंगा डाला, ...**(व्यवधान)**... आप अड़ंगा मत डालिए। ...**(व्यवधान)**... आज आप फिर उसी की तैयारी कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... कपिल सिब्बल साहब की बात का मैं ज़िक्र करना चाहूंगा। ...**(व्यवधान)**... सर्वोच्च न्यायालय में कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को रोकना चाहती है। ...**(व्यवधान)**... मैं कांग्रेस के मित्रों से कहना चाहता हूं ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: राकेश जी, बस हो गया। अब आप बैठिए। मैं दूसरे स्पीकर को बुला रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री राकेश सिन्हा: मैं समाप्त कर रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: राकेश जी, अब आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... श्री हुसैन दलवई जी - अनुपस्थित। बाकी पार्टीज़ के पास समय नहीं बचा है, Shri K. Ravindra Kumar, you have one minute, please. The mike will automatically go off.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Sir, this is an important Bill which requires a constitutional amendment. This Bill has been introduced in this apex constitutional body without any homework. If a Bill requires any constitutional amendment, for that, a report has to be obtained or it has to be referred to the Select Committee or it has to be studied before weighing the pros and cons of all the institutions. Simply because we are raising objections and supporting the Bill, the Government should not take it for granted. Our objections should be taken into consideration in order to resolve the issues that may come up during the course of implementation of the programme. Whatever it may be, as far as the requirement issues for Economically Backward Classes are concerned, earlier the Apex Court, a Nine-Judge Constitutional Bench, has already struck that down, the issue of ten per cent EBC quota in 1992 itself. Sir, that was not answered in this case. Even subsequent to that, in 2006, in Nagaraj case also, the same principle is upheld. Any reservation, not only reservation to the backward classes, should not exceed 50 per cent. In that case, there is no answer from the Government. This has been introduced in a hurried manner without any debate,

etc. There are so many things to be answered as far as the definition of EBC and other aspects are concerned. Statistics are also required as to how many categories are there, how much reservations are required, how many people are benefited, etc. These aspects have to be studied. There is no study report at all. But what has happened at this stage is that at the fag end of the extended day of this House, they have introduced the Bill in a hurried manner. This doesn't serve the purpose of the public, except the purpose of political gimmick.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. You have got another speaker.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: However, the Andhra Pradesh State Government under the leadership of Nara Chandrababu Naidu has already sent a report to the Central Government for five per cent reservation categorization to Kapu community. That was not considered. There are similar demands from other States. They were also not considered. Without considering the demands made by the States, it is brought. That was being kept aside.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. I will invite another speaker now.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: At the same time, it is brought in a hurried manner. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. ...*(Interruptions)*... Hon. Husain Dalwaiji. ...*(Interruptions)*... You have only three minutes. Please conclude your speech within that time. ...*(Interruptions)*...

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: However, we are supporting this Bill but the Central Government must ensure the implementation of this Bill without any hurdles. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: हुसैन दलवई जी, कृपया तीन मिनट में अपनी बात खत्म करें। ...**(व्यवधान)**... आपकी बात नहीं, सिर्फ हुसैन दलवई जी की बात रिकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: *

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र): सर, मुझे खुशी है कि बीजेपी के लोगों ने रिज़र्वेशन की बात रखी है, क्योंकि इन्होंने पूरी जिंदगी रिज़र्वेशन के खिलाफ बातें की हैं, लेकिन ईश्वर न्याय इसी तरह से देता है, यह अच्छी बात है। मैं एक तरह से इस बिल का स्वागत करता हूँ। रामदास अठावले जी अभी वहाँ बैठे हुए हैं। मैंने और रामदास अठावले जी ने महाराष्ट्र में कई जगह पब्लिक मीटिंग्ज लेकर, conferences लेकर कहा है कि ऊपर की जाति के लोगों को रिज़र्वेशन में रखिए, क्योंकि अगर इनको नौकरी नही मिलती है, तो इनको लगता है कि दलितों को नौकरी मिल जाती है, इसलिए मुझे नही मिलती, ओबीसी को

* Not recorded.

[श्री हुसैन दलवई]

नौकरी मिल जाती है, इसलिए मुझे नही मिलती, आदिवासियों को नौकरी मिल जाती है, इसलिए मुझे नही मिलती। यह जो उनके दिमाग में है, इसे निकालना जरूरी है। यह जो बिल आया है, मैं उसका स्वागत करूंगा, लेकिन उसमें इनकम की जो बात की गई है कि कितनी इनकम होनी चाहिए, मैं जानना चाहता हूँ कि गरीब कौन होता है? जिसकी सालाना इनकम आठ लाख है, वह गरीब नही कहलाता है। आप सही मायने में वहाँ पर poverty line के नीचे के गरीब की बात करिए और उनको किस तरह से शिक्षा देनी है, किस तरह से नौकरी देनी है, उसके घर का इंतजाम करना है, इस तरह की बात कीजिए। इससे सही मायने में न्याय मिलेगा। मैं यह जानता हूँ कि बाह्मण समाज में भी गरीब लोग हैं, मराठा समाज में बहुत ही ज्यादा गरीब लोग हैं, लेकिन मुसलमानों के जितना कोई गरीब नही है। इतने सारे भाषणों में बहुत कम लोगों ने मुसलमानों का ज़िक्र किया। महाराष्ट्र में जब रिज़र्वेशन का matter हाई कोर्ट में गया, तो हाई कोर्ट ने यह कहा कि इस तरह से रिज़र्वेशन नही दे सकते हैं, लेकिन मुसलमान शिक्षा में पिछड़ा हुआ है, अगर उसको सरकार चाहती है, तो उस के लिए एजुकेशन में रिज़र्वेशन रख सकती है। यह भी वहाँ की सरकार ने नही किया। गहलोत जी, मुझे लगता है कि इसमें 10 परसेंट रिजर्वेशन गलत बात है, मैं चाहता हूँ कि इसमें 10 परसेंट नही, कम से कम 20 टका रिज़र्वेशन तो रखिए। 20 परसेंट रिज़र्वेशन रखेंगे, तो उनको कुछ न कुछ लाभ मिलेगा, नही तो क्या होगा, वह मैं आपको बताता हूँ। आज जो नौकरियाँ मिलती हैं, उनमें बड़े पैमाने पर सबसे ऊपर की जाति के लोगों को मिलती है। अगर आप इसमें केवल 10 टका ही रखेंगे, तो इसका मतलब उनमें से जो गरीब हैं, वे ही वह 10 टका लेकर जाएँगे। मैं आपको एक बात बताता हूँ कि दलित और बाह्मण में कोई comparison नही हो सकता, भले ही दोनों गरीब हैं। दलित बाह्मण से अमीर भी हो सकता है, लेकिन उसका सोशल स्टेटस बहुत ही ...**(व्यवधान)**... ...**(समय की घंटी)**... ज़रा बोलने तो दीजिए। इसमें भी अन्याय! इसमें भी हमारे ऊपर अन्याय! यह क्या बात है? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपके तीन मिनट हो गए। ...**(व्यवधान)**...

श्री हुसैन दलवई: एक चीज़ मैं बोल रहा हूँ, आप ...**(व्यवधान)**... आपसे मेरी अपेक्षा थी। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपने तीन मिनट का समय माँगा था, तीन मिनट पूरे हुए। ...**(व्यवधान)**...

श्री हुसैन दलवई: मैं यह कहता हूँ कि इसके बारे में कही न कही यह होना चाहिए कि अभी आप 10 टका आरक्षण की बात कर रहे हैं, लेकिन महाराष्ट्र में मराठा समाज को 16 टका आरक्षण देने की जिम्मेदारी सरकार ने ली है। अभी यहाँ सही मायने वे सोशली बैकवर्ड हैं, यह सिद्ध करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। अगर यह होता है कि आप इसमें आर्थिक आधार लगाते हैं, तो मेरा कहना यह है कि जब आप इसको 20 टका रखेंगे, तब जो-जो समाज आज रिज़र्वेशन की माँग कर रहा है, उसको उसका फायदा होगा। आप यह करते वक्त सही मायने में दूसरी बात भी कीजिए। ...**(समय की घंटी)**... आप स्कॉलरशिप दीजिए। इसके बाद बोलिए कि हम घर वापसी की बात नही करेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय हुसैन दलवई जी, आप कन्क्लूड करें, मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊँगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री हुसैन दलवई: लिंचिग नही करेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपके ऑलरेडी चार मिनट हो गए हैं, प्लीज़ बैठें। ...**(व्यवधान)**...

श्री हुसैन दलवई: मैं जान-बूझकर कहता हूँ। मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि इनकम टैक्स के लिए आपने ढाई लाख रुपये की लिमिट रखी है और इसमें आप आठ लाख रुपये तक की आय ...**(व्यवधान)**... आप ढाई लाख रुपये से नीचे की आय वालों को यह दीजिए, ऐसा मेरा कहना है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय दलवई जी, अब मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊँगा। ...**(व्यवधान)**... माननीय दलवई साहब, आप कन्क्लूड करें, अब मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊँगा। ...**(व्यवधान)**... अगले स्पीकर हैं, माननीय अब्दुल वहाब साहब। ...**(व्यवधान)**...

